# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025


जंगल में हाल ही में लगाए गए ट्रैकिंग कैमरों में 10 बाघ कैप्चर हुए

सेंचुरी में बाघों की संख्या 10 हुई इसमें 5 वयस्क मादा, 3 वयस्क नर एवं 2 शावक

## खिवनी अभयारण्य में बढ़ा 'बाघों का कुनबा'



सुशील मालवीय ⏭ इछावर

अच्छी खबर

खिवनी अभयारण्य में सुकून देने वाली एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, अभयारण्य में कई दुर्लभ प्रजाति के वन्य प्राणियों के साथ ही बाघों का कुनबा भी बढ़ रहा है। जंगल में हाल ही में लगाए गए ट्रैकिंग कैमरों में 10 बाघ कैप्चर हुए हैं। इनमें 5 व्यस्क मादा, 3 व्यस्क नर व 2 शावक शामिल हैं। सेंचुरी में बाघों की संख्या बढ़ने से प्रबंधन काफी उत्साहित है। यह अभयारण्य सीहोर और देवास जिले के 134.778 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।

### खिवनी अभयारण्य की बढ़ती अहमियत



खिवनी अभयारण्य बाघों के रहने और प्रजनन का अहम इलाका बनता जा रहा है। यह पहले से ही रातापानी टाइगर रिजर्व और ओंकारेश्वर वन क्षेत्र के लिए एक मजबूत बाघ स्रोत क्षेत्र रहा है। अब राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और ग्लोबल टाइगर फोरम यहां के संसाधनों का और गहराई से अध्ययन कर इनके विकास की योजना बनाएंगे। बाघों की बढ़ती तादाद से साफ है कि जंगल और वन्यजीव सुरक्षित हैं। 1980 के दशक में ज्यादा कटाई की वजह से जो जंगल उजड़ गए थे, वे अब फिर से अपनी असली शक्ल में लौट रहे हैं। आने वाले समय में यहां गौर, चीतल और सांभर जैसे शाकाहारी जानवरों को भी बसाने की योजना बन सकती है, जिससे यह इलाका और भी समृद्ध होगा।



सलकनपुर में सुरक्षा नियमों की 'अनदेखी'

## रोपवे के ऊपर बैठे दिखे लोग, संचालक बोले- रूटीन चेकिंग कर रहे थे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नवरात्रि के दौरान प्रसिद्ध मां विजयासन देवी मंदिर सलकनपुर में सुरक्षा नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। रविवार को सामने आए वीडियो में कुछ लोग रोपवे के ऊपर बैठे नजर आ रहे हैं। बुधनी के एसडीओपी रवि शर्मा ने इस मामले की पुष्टि की है। रोपवे संचालक ने पुलिस को बताया कि ये उनके कर्मचारी थे, जो रोपवे की रूटीन चेकिंग कर रहे थे। हालांकि, पुलिस ने इस पर आपत्ति जताई क्योंकि कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण और हेलमेट के रोपवे पर बैठे थे

- पुलिस ने रोपवे संचालक को दी चेतावनी

**हर घंटे होती है जांच**

रोपवे प्रभारी राजू श्रीवास्तव का कहना है कि अभी नवरात्रि मेले के चलते सुबह 4 से रात 10 बजे तक रोपवे चलता है। प्रतिदिन लगभग 900 श्रद्धालु रोपवे के माध्यम से आते-जाते हैं। आने-जाने के लिए 120 रुपए किराया है। रोप वे पर एक बोगी में 6 लोग बैठते हैं। मेले में हर घंटे रोपवे की जांच की जाती है कि कहीं कोई जाम या दिक्कत तो नहीं है।

खुशखबरी : कैबिनेट से मंजूरी मिलते ही तेजी से शुरू हो जाएगा क्रियान्वयन

20 साल बाद फिर 'पहल'

# मप्र में जल्द शुरू होगी नई परिवहन सेवा गांवों से शहरों को जोड़ने का प्लान तैयार

राज्य सड़क परिवहन निगम (सपनि) जब बंद हुआ था, तो उस वक्त इसमें करीब 11 हजार 500 अधिकारी-कर्मचारी थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में 20 साल बाद एक बार फिर से हर गांव-शहर के लिए नई परिवहन सेवा जल्द ही शुरू होने जा रही है। इसका मसौदा पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री की बैठक में इसे सैद्धांतिक सहमति दे दी गई। कैबिनेट से मंजूरी के बाद क्रियान्वयन शुरू हो जाएगा। नई परिवहन सेवा में यात्री बसों के संचालन की त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए प्रदेश मुख्यालय स्तर पर एक राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी गठित की जाएगी। प्रदेश के सात बड़े संभागों (भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं रीवा) में 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियां भी गठित होगी। इसीतरह सभी जिलों में जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति भी गठित की जाएगी। मप्र में पहली बार 1962 में राज्य सड़क परिवहन निगम का गठन हुआ था। इसका उद्देश्य आम जनता को सस्ती और सुलभ यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराना था। हालांकि वर्ष 2005 में 756 करोड़ रुपए के घाटे की वजह से इसे बंद कर दिया गया। इसके बाद लोगों की सुविधा को देखते हुए सरकार ने 2010 तक अनुबंध के आधार पर बसें चलाई। किंतु यह भी कारगर साबित नहीं हुआ और 30 जून 2019 को राज्य सड़क परिवहन निगम (सपनि) को पूरी तरह बंद कर दिया गया।

*1962 में राज्य सड़क परिवहन निगम का गठन हुआ था। 2005 में 756 करोड़ रुपए के घाटे की वजह से इसे बंद कर दिया गया*

**यह होगा ढांचा**

- नई परिवहन सेवा में यात्री बसों के संचालन की त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी
- मुख्यालय स्तर पर एक राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी गठित की जाएगी
- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं रीवा में 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियां भी गठित होगी
- सभी जिलों में जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति भी गठित की जाएगी

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा पर सैद्धांतिक सहमति बनी



### बसों की जरूरतों और जरूरी संख्या के लिए सर्वे कराए जा रहे

परिवहन सचिव सिंह ने बताया कि सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियों की आय अर्जन के स्रोत निर्माण के लिए भी इस योजना में विशेष इंतजाम किए जाएंगे। नवीन योजना में सरकार अनुबंधित बसों को प्राथमिकता से परमिट देगी। इन बसों पर प्रभावी नियंत्रण सरकार का ही होगा। नवीन योजना में यात्रियों एवं बस ऑपरेटर्स के लिए एप और कंपनी की मॉनिटरिंग के लिए एक डैशबोर्ड होगा। नवीन परिवहन सेवा के संचालन के लिए प्रदेश के सात बड़े संभागों में यात्री बसों की जरूरतों और जरूरी संख्या के लिए सर्वे कराए जा रहे हैं। सर्वे के परिणाम जल्द ही प्राप्त हो जाएंगे।




**सर्वे के फीडबैक के आधार पर सरकार योजना में आगे बढ़ेगी**

*सिंह ने बताया कि सर्वे के फीडबैक के आधार पर सरकार इस योजना के क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ेगी। नवीन परिवहन योजना का सबसे अधिक लाभ यात्रियों को होगा। बस ऑपरेटर्स को भी बेहतर माहौल मिलेगा। उन्हें कन्टीन्यू बिजनेस देने का प्रावधान भी इस नवीन परिवहन सेवा योजना में की गई है, जिससे आपरेटर्स की बस सेवाएं बाधित न हो और यात्रियों को भी कोई परेशानी न हो।*

**सीएम ने ली उच्चस्तरीय बैठक**

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई परिवहन सेवा शुरू करने को लेकर उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण, शहरी और इंटरसिटी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू की जाएगी। योजना का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। सबके साथ विस्तृत विचार-विमर्श, सुझाव एवं सहमति के बाद शीघ्र ही इस योजना प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए कैबिनेट की बैठक में लाया जाएगा। यह बैठक मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुई। मुख्यमंत्री ने नवीन परिवहन सेवा (मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा) के संबंध में शुरुआती चर्चा के लिए आयोजित उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, नगरीय विकास एवं प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव अनुराग जैन बैठक में वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं प्रशासन संजय कुमार शुक्ल, सचिव परिवहन मनीष सिंह, सचिव (मुख्यमंत्री) सिबी चक्रवर्ती एवं संचालक जनसंपर्क अंशुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। परिवहन सचिव मनीष सिंह ने नवीन परिवहन सेवा योजना की विस्तार से जानकारी दी।*



इटारसी के पास सवा घंटे खड़ी रही ट्रेन


## अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में लगी आग, जली बोगी को अलग कर रवाना हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में इटारसी के पास चलती ट्रेन की बोगी में आग लग गई। ये घटना सोमवार दोपहर करीब 4 बजे इटारसी और बानापुरा के बीच में खुटवासा रेलवे स्टेशन के पास की है। घटना अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में हुई है।

अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली ये ट्रेन दोपहर करीब 2 बजे खंडवा से इटारसी की ओर रवाना हुई थी। धरमकुंडी स्टेशन निकलने के बाद खंबा नंबर 724/12 के पास ट्रेन गार्ड ने धुआं निकलते देखा। जिसके बाद ट्रेन को अचानक रोका गया। ट्रेन के रुकने और आग की सूचना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। आग लगने के बाद ट्रेन करीब सवा घंटे तक खड़ी रखी। बाद में आग वाले कोच को अलग कर ट्रेन को रवाना कर दिया गया। आग लगने की इस घटना के कारण खंडवा से इटारसी आने वाला रेलवे डाउन ट्रैक पर यातायात बंद हो गया। जिसे शाम 6 बजे शुरू कर दिया गया है। ट्रेन के सबसे आखिरी में जनरेटर और पार्सल बोगी में आग लगी। यह बोगी स्टील के बर्तन के कार्टूनों से भरी थी। इस कारण आग के साथ काफी धुआं उठने लगा। जिसके बाद जनरेटर कोच में काम करने वाले कर्मचारी भी तुरंत बाहर निकले।


**ट्रेन के सबसे आखिरी में जनरेटर और पार्सल बोगी में आग लगी थी**



**यह बोगी स्टील के बर्तन के कार्टूनों से भरी थी**









**तृतीया:मां चंद्रघंटा**



पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघंटेति विश्रुता।।






बॉम्बे हाईकोर्ट ने अहम आदेश पारित किया

## भ्रूण की विसंगतियों से महिला 26 हफ्ते का गर्भ गिरा सकेगी

**महिलाओं को प्रजनन की स्वतंत्रता, शारीरिक स्वायत्तता और पसंद के अधिकार पर फैसला**



एजेंसी ⏭ मुंबई

एक 32 वर्षीय गर्भवती की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने अहम आदेश पारित किया है। इस फैसले में कोर्ट ने बच्चे को जन्म देने के अधिकार पर अहम टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति रेवती मोहित डेरे और जस्टिस नीला गोखले की खंडपीठ ने महिला को अपनी पसंद के निजी अस्पताल में गर्भपात की अनुमति दी है। हालांकि, अस्पताल को एक हलफनामा दाखिल कर अदालत को बताना होगा कि हॉस्पिटल में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत सभी जरूरतें पूरी करने का इंतजाम है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में महिलाओं को प्रजनन की स्वतंत्रता, शारीरिक स्वायत्तता और पसंद के अधिकार पर विशेष जोर दिया है।

**24 हफ्ते से अधिक का गर्भ गिराने पर कानूनी प्रावधान**

*महिला ने अपनी याचिका में यह सुनिश्चित करने की मांग की थी कि गर्भपात की प्रक्रिया में भ्रूण की हृदय गति को कम किया जाए, जिससे बच्चा जीवित पैदा न हो। इस पर कोर्ट ने सरकारी अस्पताल- जेजे हॉस्पिटल के मेडिकल बोर्ड को गर्भपात के सबसे उपयुक्त तरीके पर राय देने का निर्देश भी दिया। बता दें कि एमटीपी एक्ट के प्रावधानों में निजी अस्पतालों में 24 हफ्ते से अधिक समय का गर्भ अदालत की अनुमति के बिना नहीं गिराया जा सकता।*

पहले भी पीएम के साथ किया काम

## प्रधानमंत्री मोदी की निजी सचिव बनीं निधि तिवारी, वाराणसी में भी रह चुकी हैं तैनात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नई निजी सचिव मिली हैं। 2014 बैच की आईएफएस अधिकारी निधि तिवारी को यह जिम्मेदारी दी गई है। निधि तिवारी पहले भी कई अहम जिम्मेदारियां निभा चुकी हैं जिसमें वो प्रधानमंत्री के साथ काम कर चुकी हैं।

*विदेश नीति में निभाया अहम रोल*



**डोभाल को करती थीं रिपोर्ट**

*आईएफएस निधि तिवारी ने विदेश मंत्रालय (एमईए) में निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के प्रभाग में भी काम किया है। विदेश मंत्रालय का यह प्रभाग राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल को रिपोर्ट करता है।*

आईएमडी का अनुमान : इस बार सामान्य से अधिक रहेंगे गर्मी के दिन

## प्रदेश में बारिश शुरू, आज कुछ जगह गिरेंगे ओले, भोपाल में 'हल्की' बारिश की उम्मीद

खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर सहित कुछ जिलों में सोमवार देर शाम तक बारिश हुई यहां ओले भी गिरेंगे भोपाल, नर्मदापुरम बैतूल, हरदा, बुरहानपुर खंडवा, खरगोन बड़वानी, अलीराजपुर झाबुआ आदि जिलों में आंधी- बारिश होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम के तेवर बदल रहे हैं। सोमवार को खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर सहित कुछ जिलों में बारिश हुई, जबकि भोपाल, रायसेन सहित आसपास के हिस्सों में दिनभर बादल छाए रहे। यहां देर रात से मंगलवार सुबह तक बारिश का अनुमान है। मौसम केंद्र के अनुसार 4 अप्रैल तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश दर्ज होगी। अलग-अलग जिलों के लिए बारिश और ओले का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

हथाईखेड़ा डेम रोड



**आज यहां बारिश- ओले का यलो अलर्ट**

मंगलवार रात तक नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुर्णा आदि जिलों में आंधी के साथ बारिश का येलो अलर्ट है। शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, शहडोल, उमरिया, रायसेन आदि जिलों में भी बारिश होगी।

**तापमान में मामूली घट-बढ़**

*सोमवार को बादल और कुछ जिलों में बारिश के बाद तापमान में बदलाव रहा, जबकि शेष प्रदेश में पारा ज्यादा नहीं बदला। प्रदेशभर में दिन का पारा सामान्य से औसतन दो डिग्री अधिक रहा, जबकि रात का नॉर्मल से एक डिग्री तक अधिक रहा है। दिन का औसत तापमान 37 और रात का 18 डिग्री तक रहा। भोपाल में रात का पारा 3.6 डिग्री बढ़कर 19.6 डिग्री रहा। यह सामान्य के करीब है। मंगलवार से तापमान में और अधिक बदलाव आएगा।*

## खबर संक्षेप

### मोदी समेत कई नेताओं ने कहा- ईद मुबारक



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी सहित कई प्रमुख नेताओं ने देशवासियों को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी। उन्होंने कामना की कि ईद सबके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियां लेकर आए। मोदी ने एक्स पर लिखा कि ईद की बधाई। यह त्योहार हमारे समाज में सद्भाव व दयालुता की भावना को बढ़ाए।

### दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर महिला नक्सली ढेर



**दंतेवाड़ा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास से पहले दंतेवाड़ा बीजापुर सीमा पर पुलिस नक्सली मुठभेड़ हुई है। इसमें एक महिला नक्सली ढेर हुई है। एसपी गौरव रॉय ने मामले की पुष्टि की है। शव के साथ इंसास राइफल भी बरामद किया गया है। फिलहाल इलाके में सर्चिंग जारी है। शाह के दौरे से पहले नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है।

### वित्त मंत्री आज 'राज्य आर्थिक मंच' करेंगी शुरू



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच पोर्टल का शुभारंभ करेंगी। पोर्टल पर 2022-23 तक के राज्यों के आंकड़े उपलब्ध होंगे। यह पोर्टल 5 श्रेणियों- जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना, राजकोषीय, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े डाटाबेस को आसानी से उपलब्ध कराएगा।

## रिजिजू ने वक्फ बिल का विरोध करने वालों को आड़े हाथों लिया

# जिन्होंने करोड़ों की जमीन पर किए कब्जे वही 'शक्तिशाली' लोग अब विरोध कर रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मौजूदा बजट सत्र में वक्फ बिल संसोधन पेश होना है। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार 2 अप्रैल को इसे लोकसभा में पेश कर सकती है। इससे पहले केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ बिल का विरोध करने वालों को आड़े हाथों लिया है और कहा है कि इस बिल का विरोध वही लोग कर रहे हैं, जो वक्फ की करोड़ों की संपत्तियों पर कब्जा कर बैठे हुए हैं।

रिजिजू ने कहा कि इसका इसका विरोध करने वाले लोग शक्तिशाली हैं और वे भोले-भाले लोगों को गुमराह कर रहे हैं। विधेयक की आलोचना करना हर किसी का अधिकार है, लेकिन उस आलोचना का कुछ सार होना चाहिए। रिजिजू ने कहाकि वे कौन लोग हैं जो इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं? कुछ ताकतवर लोग हैं जिन्होंने वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण कर रखा है। वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि विधेयक असंवैधानिक है।

**मंत्री बोले- होना चाहिए हिसाब किताब**

**2 अप्रैल को लोकसभा में पेश होने की संभावना**



कई लोग भोले-भाले लोगों को गुमराह कर रहे

### केरल के बिशप भी इसके पक्ष में

रिजिजू ने कहा कि केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल द्वारा भेजा गया अनुरोध पत्र सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न समुदायों के कई संगठन वक्फ (संशोधन) विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। हमें यह समझना चाहिए कि विधेयक मूल रूप से गरीब मुसलमानों, बच्चों और महिलाओं के हित में है और यह भी सुनिश्चित करता है कि वक्फ की संपत्तियों का प्रबंधन पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से हो।सरकार आम लोगों का कल्याण सुनिश्चित करना चाहता है।

### धार्मिक आधार पर कई संगठन कर रहे इसका समर्थन

केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी) द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक को समर्थन देने और राज्य के सांसदों से भी ऐसा करने का अनुरोध करने वाले पत्र के बारे में रिजिजू ने कहा कि धार्मिक आधार पर कई संगठन केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित इस विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक गरीब मुसलमानों, बच्चों और महिलाओं के हित में है। उन्होंने कहा कि यह वक्फ बोर्ड के तहत संपत्तियों के प्रबंधन के मामले में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा।

### कई ईसाई संगठन भी केंद्र सरकार के साथ: चंद्रशेखर



केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल सहित कई ईसाई संगठन विधेयक का समर्थन कर रहे हैं, क्योंकि मुनंबम उपनगर में गरीब परिवारों ने दावा किया है कि वे वक्फ बोर्ड द्वारा जमीन जब्त किए जाने के खतरे में जी रहे हैं। उन्होंने लोगों की सहायता करने का आग्रह किया है।

**अजमेर दरगाह के चिश्ती बोले**

### वक्फ में बदलाव जरूरी, होने चाहिए



ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन और अजमेर दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख के उत्तराधिकारी सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हम गंगा-जमुनी तहजीब वाले देश में रह रहे हैं। यहां विभिन्न संस्कृतियों के लोग मिलजुलकर रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने ये सुनिश्चित किया है कि 'सौगात-ए-मोदी' देश के 22 लाख लोगों तक पहुंचे। मेरा मानना है कि वक्फ बिल में संशोधन की जरूरत है। उम्मीद है कि इस बिल से पारदर्शिता आएगी. विरोध और समर्थन करना लोकतंत्र का हिस्सा है। संवैधानिक तरीके से अगर कोई विरोध कर रहा है तो इसमें कोई दिक्कत नहीं है।

**कांग्रेस के जयराम ने किया बिल का विरोध**




### संशोधन को बताया संविधान पर सीधा आक्रमण, गलत

इस विधेयक पर विपक्ष का विरोध जारी है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि वक्फ विधेयक संविधान पर सीधे तौर पर हमला है और इसकी नींव के खिलाफ है। हर विपक्षी दल इसका विरोध कर रहा है, लेकिन सवाल यह है कि धर्मनिरपेक्ष दलों जेडीयू और टीडीपी का क्या कहना है। रमेश ने कहा कि सबसे बड़ा तो वक्फ विधेयक है। वो जेपीसी में बुलडोज किया गया। उस पर हमने वक्तव्य भी जारी किया है। हम तो बिल्कुल उसके खिलाफ हैं, क्योंकि वक्फ बिल हमारे संविधान पर सीधा आक्रमण है। हमारे संविधान के बुनियादी संरचना के खिलाफ है। लेकिन इसे बुलडोज किया जा रहा है। सारी विपक्ष की पार्टियां इसका विरोध करेंगी। सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही नहीं समाजवादी पार्टी, टीएमसी, आम आदमी पार्टी सभी लोग इसका विरोध करते हैं।

**पॉलिसीधारकों को हाईकोर्ट से राहत**

# मुआवजे से नहीं काटी जा सकती 'मेडिक्लेम राशि'



एजेंसी ▶▶ मुंबई

किसी व्यक्ति को मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत मिलने वाली राशि को मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत चिकित्सा व्यय के लिए मिले मुआवजा राशि से नहीं काटा जा सकता। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। इस फैसले से बीमाधारकों को बड़ी राहत मिल सकती है।न्यायमूर्ति एएस चांदुरकर, न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की पूर्ण पीठ ने 28 मार्च को अपने फैसले में कहा कि मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत राशि दावेदार की ओर से बीमा कंपनी के साथ किए गए अनुबंध के आधार भुगतान होना चाहिए। पीठ ने कहा कि हमारे विचार में, मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत दावेदार की ओर से प्राप्त किसी भी राशि की कटौती स्वीकार्य नहीं होगी।

### परिपक्वता पर पूरी राशि दावेदार की

विभिन्न एकल व खंडपीठों की ओर से इस पर अलग-अलग विचार रखे जाने के बाद इस मुद्दे को पूर्ण पीठ को सौंप दिया गया था। पूर्ण पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पारित निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण को न केवल उचित मुआवजा देने का अधिकार है, बल्कि यह उसका कर्तव्य भी है। इसमें कहा गया है कि बीमा के कारण प्राप्त राशि, बीमाधारक द्वारा कंपनी के साथ किए गए संविदात्मक दायित्वों के कारण है। अदालत ने कहा कि प्रीमियम का भुगतान करने के बाद यह स्पष्ट है कि लाभार्थी राशि या तो पॉलिसी की परिपक्वता पर या मृत्यु पर, चाहे मृत्यु का तरीका कुछ भी हो, दावेदार के हिस्से में आएगी।

### वित्तीय निवेश का लाभ नहीं उठा सकता

अदालत ने कहा कि आरोपी मृतक की दूरदर्शिता और बुद्धिमानी से किए गए वित्तीय निवेश का लाभ नहीं उठा सकता। यह कानून की स्थापित स्थिति है। पूर्ण पीठ मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के उस निर्णय के विरुद्ध न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें चिकित्सा व्यय के अतिरिक्त मौद्रिक मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। बीमा कंपनी ने दावा किया कि मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत प्राप्त बीमा राशि के अंतर्गत चिकित्सा व्यय भी कवर किया गया था।

**दिल्ली में वायु प्रदूषण**

# मुख्यमंत्री आज सदन में पेश करेंगी कैग की एक नई रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता मंगलवार को विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की एक नई रिपोर्ट पेश करेंगी। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के वाहन वायु प्रदूषण की रोकथाम और शमन के प्रयासों और उस पर हुए खर्च का लेखा-जोखा प्रस्तुत करेंगी। कैग की यह रिपोर्ट वर्ष 2022 की दूसरी रिपोर्ट है, जो 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष से संबंधित है। इसे वे विधानसभा के पटल पर रखेंगी।

### हिंदी-अंग्रेजी में होगी

रिपोर्ट हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगी। पहले शराब नीति, परिवहन निगम के खर्च और स्वास्थ्य क्षेत्र पर हुए खर्च से जुड़ी रिपोर्ट शामिल थीं। इस बार वायु प्रदूषण नियंत्रण पर उठाए गए कदमों की समीक्षा होगी।

## अब राम नवमी, महावीर जयंती समेत 5 दिन नहीं बिकेगी शराब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में रेखा गुप्ता सरकार ने 5 ड्राई डे घोषित किए हैं। यह 2025-26 वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के लिए यानी अप्रैल से जून के बीच इन दिनों में शराब नहीं बिकेगी। दिल्ली में हर साल विभिन्न अवसरों पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध (ड्राई डे) लागू होता है। इन दिनों की संख्या और तिथियां राज्य सरकार की नीति, राष्ट्रीय त्योहारों, धार्मिक अवसरों और चुनावों के अनुसार बदलती रहती हैं।



हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

नमाज की सूचना तोप से गोले दागकर दी गई

### शहर काजी मुश्ताक अली नदवी ने नौजवानों से कहा

**1** कैरेक्टर और क्वालिटी पैदा करो, नशे से दूरी रखो, हलाल कमाई पर ध्यान दो

**2** हलाल और हराम में फर्क करना सीखो। रोजमर्रा के खर्चों को कम करो

**3** बच्चों की अच्छी तालीम पर खास ध्यान दो



ड्रोन फोटो- सौजन्य : अरुण पिल्लई

## सबने मांगी अमन-चैन की दुआ

# 'खुशियों' भरी ईद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में सोमवार को ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया गया। सोमवार सुबह से ही लोग नमाज पढ़ने ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचे। भोपाल की ताज उल मस्जिद, जामा मस्जिद और मोती मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा कर प्रदेश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी।



हाथ में काली पट्टी बांधते नमाजी

### वक्फ बिल के विरोध काली पट्टी बांधकर पहुंचे नमाजी

राजधानी भोपाल के ईदगाह और अन्य मस्जिदों में नमाज पढ़ने पहुंचे मुस्लिम धर्मावलंबी बांह पर काली पट्टी बांधकर पहुंचे। वे वक्फ अमेंडमेंट बिल का विरोध कर रहे हैं। दरअसल ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुस्लिम समुदाय से काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण और मौन विरोध प्रदर्शन की अपील की थी। बोर्ड ने कहा था कि अगर ये बिल पारित हो गया तो मस्जिद, दरगाह, मदरसे, कब्रिस्तान और कई अन्य संस्थान उनके हाथ से चले जाएंगे।



### फिलिस्तीन के समर्थन में बैनर लिए नजर आए कुछ नमाजी

नमाज के बाद सोमवार को राजधानी भोपाल में कुछ युवा हाथों में बैनर लेकर फिलिस्तीन के समर्थन में नजर आए। इस दौरान फिलिस्तीन के समर्थन में कुछ लोगों ने दुआ भी पढ़ी। दरअसल, पुराने भोपाल की ऐतिहासिक मोती मस्जिद में भी नमाज के बाद फिलिस्तीन के समर्थन और वहां हो रहे हमलों के खिलाफ विशेष दुआ की गई। ईदगाह और मोती मस्जिद में नमाज के बाद युवाओं ने फिलिस्तीन का समर्थन करते है, जैसे संदेशों वाले पोस्टर लहराए। इस घटना का एक 6 सेकंड का वीडियो भी सामने आया है। हालांकि, हरिभूमि इसकी पुष्टि नहीं करता है।

## जब पिता जीवित हो तो उत्तराधिकार के बारे में बात करना अनुचित : फडणवीस

# 2029 में हम मोदी को चौथी बार 'पीएम के रूप' में देखेंगे

एजेंसी ▶▶ नागपुर

पीएम नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकार की अटकलों को महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने खारिज कर दिया। फडणवीस ने कहा कि पीएम मोदी आने वाले कई वर्षों तक देश का नेतृत्व करते रहेंगे। फडणवीस ने दावा किया कि 2029 में हम मोदी को चौथी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखेंगे।

महाराष्ट्र सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के उत्तराधिकारी की तलाश करने की कोई आवश्यकता नहीं है। पीएम मोदी हमारे नेता हैं और आगे भी बने रहेंगे। नेता के सक्रिय रहते हुए उत्तराधिकार पर चर्चा करना भारतीय संस्कृति में अनुचित माना जाता है। गौर हो कि शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने दावा किया कि पीएम मोदी का उत्तराधिकारी महाराष्ट्र से आएगा।

*संजय राउत का दावा पीएम मोदी का उत्तराधिकारी महाराष्ट्र से आएगा*

*फडणवीस बोले- पीएम मोदी हमारे नेता हैं और आगे भी रहेंगे*



### संजय राउत ने किया था यह बड़ा दावा

राउत ने दावा किया कि पीएम मोदी रविवार को नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय इसलिए पहुंचे थे ताकि वे संदेश दे सकें कि वह सेवानिवृत्त हो रहे हैं। राउत ने कहा कि आरएसएस देश के राजनीतिक नेतृत्व में बदलाव चाहता है। उन्होंने दावा किया कि वह (मोदी) संभवतः सितंबर में अपना सेवानिवृत्ति आवेदन लिखने के लिए आरएसएस मुख्यालय गए होंगे।

### पीएम के रिप्लेसमेंट के बारे में किसी भी चर्चा की जानकारी नहीं : भैयाजी जोशी

उधर, नागपुर में पत्रकारों से बातचीत में वरिष्ठ आरएसएस नेता सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा कि उन्हें (पीएम के) रिप्लेसमेंट के बारे में किसी भी चर्चा की जानकारी नहीं है। बता दें कि प्रधानमंत्री बनने के 11 साल बाद रविवार को पीएम मोदी पहली बार नागपुर स्थित संघ मुख्यालय पहुंचे थे। यहां उन्होंने संघ को भारत की अमर संस्कृति का वटवृक्ष बताया। नरेंद्र मोदी आरएसएस मुख्यालय जाने वाले देश के दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं।

## यह भारत की उदारता और समावेशिता का प्रतीक : भैयाजी जोशी

# शिवाजी महाराज ने अफजल खान का मकबरा बनवाया था

एजेंसी ▶▶ नागपुर

मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की कुछ दक्षिणपंथी संगठनों की मांग के बीच आरएसएस के वरिष्ठ नेता सुरेश 'भैयाजी' जोशी ने सोमवार को कहा कि इस मुद्दे को बेवजह उठाया गया है। 'भैयाजी' जोशी ने कहा कि हमारे पास छत्रपति शिवाजी महाराज का आदर्श है, उन्होंने अफजल खान का मकबरा बनवाया था। यह भारत की उदारता और समावेशिता का प्रतीक है। मकबरा बना रहेगा और जो भी वहां जाना चाहेगा, वह जाएगा। इस महीने की शुरुआत में आरएसएस के मुख्य प्रवक्ता सुनील अंबेकर ने 17वीं सदी के मुगल सम्राट औरंगजेब को 'अप्रासंगिक' करार दिया था। आरएसएस के नेता ने नागपुर में एक कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा कि जिसकी भी आस्था है, वह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में स्थित उसकी कब्र पर जाएगा।

*जिसकी भी आस्था है, वह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में स्थित उसकी कब्र पर जाएगा*

*राज ठाकरे बोले- इतिहास को जाति और धर्म के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए*



### नागपुर में भड़क गई थी हिंसा

मनसे प्रमुख ने कहा था कि बीजापुर के सेनापति अफजल खान को प्रतापगढ़ किले के पास दफनाया गया था और यह छत्रपति शिवाजी महाराज की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता था। कब्र को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पवित्र पुस्तक की पंक्तियां लिखी चादर के जलाए जाने की अफवाहों के कारण इस महीने की शुरुआत में नागपुर में हिंसा भड़क गई थी।

### मुगल शासक 'शिवाजी नामक एक विचार को मारना' चाहता था: राज ठाकरे

हाल ही में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख (मनसे) राज ठाकरे ने रविवार को औरंगजेब की कब्र को लेकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने के प्रयासों की निंदा करते हुए कहा था कि इतिहास को जाति और धर्म के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से ऐतिहासिक जानकारी के लिए वॉट्सएप फॉरवर्ड पर भरोसा न करने के लिए कहा था। ठाकरे ने यह भी कहा कि मुगल शासक 'शिवाजी नामक एक विचार को मारना' चाहता था लेकिन असफल रहा और वह महाराष्ट्र में मरा।


## खबर संक्षेप

### भैरूंदा में लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत



**सीहोर।** जिले का भैरूंदा सिविल अस्पताल में महिला डॉक्टर और नर्सों की लापरवाही के कारण दो मासूम बेटियों के सर से मां का साया ही छिन गया। डिलेवरी के लिए लाई गई महिला और उसके नवजात बच्चे ने दम तोड़ दिया। अब जिम्मेदार मामले को दबाने में लगे हुए हैं। परिजनों का आरोप है कि 12 घंटे तक डॉक्टर, नर्स गुमराह करते रहे कि डिलेवरी होनी वाली है, 12 बजे महिला और उसके नवजात बच्चे ने दम तोड़ दिया।

### चारधाम यात्रा के लिए पंजीयन 10 लाख पार



**देहरादून।** चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन आधार आधारित पंजीकरण का आंकड़ा 10 लाख पार हो चुका है। इसमें केदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक 3.29 लाख तीर्थयात्री पंजीकरण कर चुके हैं। यात्रा शुरू होने के बाद 40 प्रतिशत पंजीकरण ऑफलाइन किए जाएंगे। 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा के लिए 20 मार्च से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू किया था।

### दिनदहाड़े नाबालिग लड़की का अपहरण



**ग्वालियर।** चेतकपुरी से एक नाबालिग लड़की के दिनदहाड़े अपहरण करने की सूचना से हड़कंप मच गया। उसे कार सवार दो युवकों ने अगवा किया। ट्रैफिक पुलिस ने किया कि अगवा लड़की को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही दोनों बदमाशों को रॉक्सी पुल चौराहे से पकड़कर संबंधित थाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस नाबालिग लड़की और दोनों लड़कों से पूछताछ कर रही है और उनके परिजनों को भी बुलाया है।

## कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना ने किया ऐलान

# मेरे बेटे ने अवैध खनन किया तो राजनीति से 'संन्यास' ले लूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवैध रेत खनन मामले में लगातार लग रहे आरोपों के बीच कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना सामने आए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इन आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। कंसाना ने अपने बेटे पर लगे आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अगर जांच में यह साबित हो गया कि मेरे बेटे ने अवैध रेत खनन किया है, तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। कृषि मंत्री पर आरोप हैं कि उनके बेटे के नाम से एक डंपर अवैध रेत से भरा हुआ पकड़ा गया था।



*कृषि मंत्री के बेटे बंकू के नाम से पकड़ा गया था डंपर*

### मानहानि का केस दर्ज करेंगे

मंत्री ने कहा कि वे इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराएंगे और आरोप लगाने वालों के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरी पार्टी और मुझे बदनाम करने की एक साजिश है। मैं इसकी उच्च स्तरीय जांच कराऊंगा और जो लोग इस साजिश का हिस्सा हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगा।

## सागर में ट्रक-ट्रैक्टर और बाइक में भिड़ंत

# ओवरटेक करते समय ट्रक के सामने आई बाइक, दो की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

सानौधा थाना क्षेत्र में ट्रक, ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला-पुरुष की मौत हो गई। ट्रक, ट्रैक्टर को ओवरटेक कर रहा था तभी सामने से बाइक आ गई और आपस में भिड़ंत हो गई। हादसा सोमवार दोपहर गढ़ाकोटा रोड पर चौधरी पेट्रोल पंप के पास हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है। सानौधा थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ने बताया कि ट्रैक्टर को ओवर ट्रक करते समय बाइक सामने आ गई। भारी वाहन की चपेट में आने से बाइक पर सवार महिला और पुरुष की मौत हुई है।

■ गढ़ाकोटा रोड पर हादसा

## रीवा में ईद के दिन भीषण हादसा

# बाइक सवारों को रौंदता चला गया ट्रक, 4 युवकों की मौत



*ईद के मौके पर बाइक पर घूमने के लिए निकले रीवा लौटते समय हुई टक्कर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

रीवा में चार युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। चारों युवक ईद के मौके पर घर से एक बाइक पर घूमने के लिए निकाले और फिर वह घूम कर दोबारा रीवा लौट रहे थे।

### घटना के बाद ट्रक ड्राइवर फरार

हादसे की जानकारी होते ही मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। मृतक में तीन युवक रीवा के बाणसागर के पोखरी टोला के रहने वाले थे। वहीं, एक युवक किटवरिया का रहने वाला था। मृतकों की पहचान मोहम्मद अफरीद मंसूरी, मोहम्मद जुम्मन, मोहम्मद शादाब और सत्यम साकेत के तौर पर हुई है।

## पहले कहा था- राजीव गांधी दो-दो बार फेल हुए, ऐसे व्यक्ति को प्रधानमंत्री क्यों बनाना था?

# कांग्रेस नेता अय्यर अब बोले- देश की दो तिहाई आबादी 'हिंदू राष्ट्र' के पक्ष में नहीं

दो-तिहाई हिंदुस्तानी जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत हिंदू हैं जिन्होंने उन सियासी शक्तियों को सहारा नहीं दिया कि इस देश को कभी हिंदू राष्ट्र बनाया जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि नफरत की राजनीति के बावजूद देश की दो-तिहाई आबादी हिंदू राष्ट्र के पक्ष में नहीं है। इसके साथ ही अय्यर ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां सभी का खुले दिल से स्वागत होता है और सभी को गले लगाया जाता है। एक-दूसरे के साथ सद्भाव के साथ रहना चाहिए। अय्यर ने कहा कि मैं उस भारत से बोल रहा हूं, जहां की सरजमीं सबका स्वागत करती है। सब इस देश में खुशी से रहें, एक-दूसरे के साथ सब अमन से रहें और एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखना चाहिए।



### राजीव गांधी की शैक्षणिक योग्यता पर खड़े किए थे सवाल

इससे पहले कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने देश के पूर्व पीएम और कांग्रेस नेता राजीव गांधी की शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा था। इंदिरा गांधी का नाम सभी जानते हैं। जब राजीव गांधी (प्रधानमंत्री) बने तो लोगों ने सोचा और मैंने खुद सोचा कि यह एयरलाइन पायलट हैं। दो बार फेल हो चुके हैं। उन्होंने आगे कहा था- मैं उनके साथ कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में पढ़ा था। कैंब्रिज विश्वविद्यालय में वह (राजीव) फेल हो चुके हैं। कैंब्रिज विश्वविद्यालय में फेल होना बहुत ही मुश्किल है। वहां फर्स्ट डिवीजन पास होना आसान है। क्योंकि, यूनिवर्सिटी अपनी छवि बरकरार रखने के लिए कोशिश करती है कि सभी कम से कम पास हो जाएं। फिर वह गए इंपीरियल कॉलेज ऑफ लंदन, वहां दोबारा फेल हुए। मैंने सोचा कि ऐसे व्यक्ति को क्या प्रधानमंत्री बनना है?

## पीड़िता मिश्रा के साथ मुंबई में 4 साल लिव-इन रिलेशनशिप में रही थी

# मोनालिसा को फिल्म ऑफर करने वाला सनोज मिश्रा 'रेप' के आरोप में हुआ गिरफ्तार





तीन बार गर्भपात कराने के लिए भी मजबूर किया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाकुंभ 2025 में वायरल हुई मोनालिसा को अपनी फिल्म में भूमिका ऑफर करने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा को बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उनकी जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद यह गिरफ्तारी हुई है। निर्देशक पर एक महिला ने आरोप लगाया है कि उन्होंने कई वर्षों तक उसका शारीरिक शोषण किया। दरअसल, दिल्ली पुलिस के मुताबिक 6 मार्च 2024 को निर्देशक के खिलाफ बलात्कार, मारपीट, गर्भपात कराने और धमकी देने सहित कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद 30 मार्च को 45 वर्षीय सनोज मिश्रा को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया और उन्हें नबी करीम पुलिस स्टेशन में हिरासत में रखा गया। तब निर्देशक पर एक 28 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया था कि सनोज चार साल से उसका शारीरिक शोषण कर रहे हैं। फिल्म अभिनेत्री बनने की ख्वाहिश रखने वाली इस महिला ने दावा किया कि वह मिश्रा के साथ मुंबई में लिव-इन रिलेशनशिप में रही थी। महिला के अनुसार शोषण के दौरान निर्देशक ने उसे तीन बार गर्भपात कराने के लिए भी मजबूर किया।

### फिल्मों में हीरोइन बनाने का लालच दिया

पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि पहले तो सनोज मिश्रा ने शादी का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद उसे फिल्मों में काम करने का लालच और धमकी देकर चुप रहने को कहा। बाद में वह शादी के वादे से भी मुकर गए। हालांकि बाद में महिला ने बयान बदलते हुए कार्रवाई न करने की मांग की थी। इस मामले में हुई

## अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान को लगाई फटकार


# कहा- भारत के साथ संबंध सुधारो, कश्मीर में चल रहे आतंकवाद को तत्काल बंद करो, इजराइल को दो मान्यता, हमारी सभी 5 शर्तें मानो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने एक बार फिर पाकिस्तान के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। हाल ही में पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर, शहबाज शरीफ, मरियम नवाज, आईएसआई चीफ और विदेश सचिव अचानक सऊदी अरब के दौरे पर पहुंचे थे। अमेरिका और सऊदी अरब के अधिकारियों ने पाक नेतृत्व से मुलाकात कर उनके सामने पांच महत्वपूर्ण शर्तें रखी हैं, जिनमें भारत, चीन, इजराइल, ईरान और आतंकवाद से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। अमेरिका की ओर से कहा गया है कि अगर पाकिस्तान इन मांगों को नहीं मानता है तो जनरल असीम मुनीर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा।

*पाक आतंकवाद विरोधी अभियानों में मदद करे*

*गाजा में युद्ध बंद करने में अपनी भूमिका निभाए*





### भारत का आधिपत्य स्वीकार करो

*अमेरिका और सऊदी अरब ने भारत को लेकर भी पाकिस्तान को फटकार लगाई है। पाकिस्तान से कहा गया है कि वह कश्मीर में चल रहे आतंकवाद को तत्काल बंद करे। भारत के साथ रिश्ते सामान्य करे। इतना ही नहीं अमेरिका ने पाकिस्तान पर दबाव बनाया है कि वो कश्मीर का मुद्दा भी सुलझाए और भारत का आधिपत्य स्वीकार करे।*

### गाजा में शांति सैनिक भेजे

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका चाहता है कि पाकिस्तान भी इजराइल को मान्यता दे और अगर गाजा में शांतिरक्षक सेना तैनात होती है तो वहां पाकिस्तान भी अपनी सेना भेजे। सऊदी अरब अगर इजराइल के जुड़ी कोई डील करता है तो पाकिस्तानी सेना गाजा में युद्ध बंद करने में अपनी भूमिका निभाए। दरअसल, पाकिस्तान की सेना यमन में हूतियों के खिलाफ सैन्य अभियान में सऊदी अरब की सेना की मदद कर चुकी है।

### चीनी से ज्यादा करीबी न बढ़ाए

पाकिस्तान की चीन के साथ बढ़ रही करीबी भी डोनाल्ड ट्रंप को खटक रही है। इसीलिए पाकिस्तान के नेतृत्व से अमेरिका ने कहा है कि वो चीन के साथ ज्यादा करीबी न बढ़ाए। दरअसल, पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सीपेक के निर्माणकार्य में जुटे चीनी इंजीनियरों और मजदूरों पर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने हमला कर दिया था। जिसके बाद चीन ने पाकिस्तानी राजदूत को फटकार लगाई थी। इतना ही नहीं अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए चीन ने पाकिस्तान में अपने सुरक्षा बलों की भी तैनात कर दी है।

### ईरान को लेकर भी दी नसीहत

*अमेरिका और सऊदी अरब ने ईरान को लेकर भी पाकिस्तान को नसीहत दी है। दरअसल, पाकिस्तान और ईरान के रिश्ते कभी खट्टे तो कभी मीठे रहते हैं। अमेरिका ने पाक नेतृत्व से कहा है कि अगर कभी ईरान में सत्ता परिवर्तन के लिए अभियान शुरू किया जाता है तो इस्लामाबाद न्यूट्रल नहीं रहेगा। उसे सऊदी और अमेरिका के इस कदम का समर्थन करना होगा। अमेरिका ने अपनी पांचवीं मांग में कहा है कि पाकिस्तान आतंकवाद विरोधी अभियानों में उसकी मदद करे।*


### मुनीर के खिलाफ लग सकता है बैन

अमेरिका ने पाकिस्तानी नेतृत्व को धमकी देते हुए कहा है कि अगर वह अमेरिका की इन पांच शर्तों को नहीं मानता है तो वह सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के खिलाफ बैन लगा देगा। इसको लेकर अमेरिकी कांग्रेस में प्रस्ताव भी पेश किया जा चुका है। इस प्रस्ताव में पूर्व पीएम इमरान खान के कथित मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान की सरकार और सेना प्रमुख मुनीर के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

---

## खबर संक्षेप

### हनुमान चालीसा की 60 हजार प्रतियां वितरित की



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक प्रमुख हिंदू संगठन ने देश भर के आठ मंदिरों में हनुमान चालीसा की 60,000 छोटी प्रतियां वितरित की हैं। 'एसए हिंदूज' संगठन के सदस्यों ने ग्वातेंग प्रांत के विभिन्न क्लबों के मोटरसाइकिल सवार लोगों के नेतृत्व में वितरण अभियान चलाया और उन्होंने जरूरतमंदों में वितरित करने के लिए लगभग दो टन किराने का सामान भी एकत्र किया। 'एसए हिंदूज' की संस्थापक पंडित लूसी सिगबन ने यह काम किया।

### खदान दुर्घटना में पांच की मौत, चार घायल



**मैड्रिड।** उत्तरी स्पेन में सोमवार को एक खदान में हुई दुर्घटना में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। क्षेत्र के आपातकालीन सेवा प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने बताया कि घायलों में दो को हेलीकॉप्टर से और अन्य दो को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। खदान में काम कर रहे अन्य दो श्रमिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। प्राधिकरण ने कहा कि उसने डेगाना नगरपालिका में बचाव कार्यों में सहायता के लिए तीन हेलीकॉप्टर भेजे हैं।

---

## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान से मचा हड़कंप

# आने वाले दिनों में हम सभी देशों पर लगाएंगे टैरिफ, देखते हैं क्या होगा?

एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह पूरी दुनिया पर टैरिफ लगाएंगे। उन्होंने ये घोषणा एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हम सभी देशों पर टैरिफ लगाएंगे। अब तक अमेरिका ने उन देशों पर टैरिफ लगाने की बात कही थी जो अमेरिकी वस्तुओं और सेवाओं पर आयात शुल्क लगाते हैं या फिर उन देशों पर जिनके साथ अमेरिका का व्यापार असंतुलित है लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने ताजा बयान देकर सभी को चौंका दिया है क्योंकि उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने हमें इस तरह ठगा है जैसा इतिहास में किसी देश ने कभी नहीं ठगा है और हम उनके साथ उनसे कहीं ज्यादा अच्छा व्यवहार करने जा रहे हैं लेकिन फिर भी यह देश के लिए बहुत बड़ी रकम है।

### कोई कटऑफ नहीं



राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हम सभी देशों के साथ शुरुआत करेंगे, इसलिए देखते हैं क्या होता है। यह केवल कुछ मुट्ठी भर देशों के बारे में नहीं है जो प्रभावित होंगे। उन्होंने केवल 10 या 15 देशों पर पारस्परिक टैरिफ की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि मैंने 10 या 15 देशों के बारे में कोई बात नहीं की है। हम सभी देशों के बारे में बात कर रहे हैं, कोई कटऑफ नहीं।

### रूस ने युद्ध रोकने से मना किया तो उस पर भी द्वितीयक टैरिफ

ट्रंप ने कहा कि जब पुतिन ने जेलेंस्की की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना शुरू किया तो मैं बहुत नाराज हुआ, क्योंकि यह सही दिशा में नहीं हो रहा था। ट्रंप ने कहा कि रूस यूक्रेन में नया नेतृत्व चाहता है। मगर नए नेतृत्व का मतलब यह है कि आप लंबे समय तक कोई समझौता नहीं कर पाएंगे। ट्रंप ने धमकी दी है कि समझौता नहीं होने पर रूस पर द्वितीयक टैरिफ लगाई जा सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर रूस और मैं यूक्रेन में रक्तपात रोकने के लिए कोई समझौता करने में असमर्थ हैं। अगर मुझे लगता है कि यह रूस की गलती की वजह से हुआ है तो मैं रूस से आने वाले सभी तेल पर द्वितीयक टैरिफ लगाऊंगा।

### जो हमारे साथ, उन पर कम शुल्क

डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी घोषणा की कि वे उन देशों के साथ अधिक अच्छे, अधिक उदार और दयालु होंगे जो अमेरिका पर शुल्क लगाते हैं। उन्होंने कोई आंकड़ा दिए बिना दावा किया कि शुल्क उन देशों की तुलना में कहीं अधिक उदार होंगे जो हमारे साथ थे, जिसका मतलब है कि वे उन देशों की तुलना में अधिक दयालु होंगे जो दशकों से संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ थे।

### अधिक टैरिफ लगाने वालों को बताया डर्टी 15

*ऐसी अटकलें थीं कि ये पारस्परिक शुल्क उन एक दर्जन से ज्यादा देशों पर असर डालेंगे, जिनके बारे में ट्रंप प्रशासन का मानना है कि वे अमेरिका के साथ अनुचित व्यापार करते हैं। यानि कि अमेरिका के ऊपर भी ज्यादा टैरिफ लगाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने ऐसे देशों के ग्रुप की बात की थी, जिन्हें उन्होंने डर्टी 15 बताया था।*

## ईरान को दी धमकी, ऐसी बमबारी करूंगा जो पहले कभी नहीं देखी

तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा ईरान को सीधे धमकी दी है कि अगर ईरान ने हमारे साथ नया परमाणु समझौता नहीं किया तो ऐसी बमबारी करूंगा कि ईरान ने इससे पहले कभी नहीं देखी होगी। ट्रंप ने धमकी दी कि डील मत करो। बमबारी होगी। यह बमबारी ऐसी होगी। जैसी उन्होंने (ईरान) पहले कभी नहीं देखी होगी। एक मौका है। अगर ईरान डील नहीं करता है तो ईरान पर द्वितीयक टैरिफ भी लगाऊंगा।

### ईरान बोला हम तैयार

ईरान ने भी अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी कर ली है। जानकारी के मुताबिक ईरान की सेना ने अपनी मिसाइलों को रेडी टू लॉन्च मोड पर तैनात कर दिया है। एक्स पोस्ट पर ईरान की सेना ने कहा कि ईरान की मिसाइलें सभी भूमिगत मिसाइल शहरों में लॉन्चरों पर लोड की गई हैं। वे लॉन्च को तैयार हैं। अमेरिका और उसके सहयोगियों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### ट्रंप के साथ बातचीत से ईरान का इनकार

इस बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने परमाणु कार्यक्रम पर ट्रंप के साथ सीधी बातचीत से इनकार कर दिया है। हालांकि उन्होंने पर्दे के पीछे बातचीत की इच्छा जताई है। राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा कि हमने ओमान के माध्यम से अमेरिकी राष्ट्रपति को जवाबी पत्र भेजा है। हमने सीधी बातचीत के विकल्प को अस्वीकार कर दिया है। मगर पर्दे के पीछे बातचीत को तैयार हैं।

---

## म्यांमार में ऑपरेशन 'ब्रह्मा'

# एनडीआरएफ की टीम ने उह्ला थीन मठ में बचाव अभियान किया शुरू



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि भारत की राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) टीम ने म्यांमार के मांडला स्थित उहला थीन मठ में ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत बचाव अभियान शुरू कर दिया है, जहां लगभग 170 भिक्षु अभी भी फंसे हुए हैं। भारतीय सेना की टीम सोमवार को अस्पताल का दौरा करेगी और मंगलवार को अपनी चिकित्सा सेवाएं स्थापित करेगी। मंत्रालय के अनुसार, एनडीआरएफ स्काई विला में भी टीम तैनात करने का प्रयास कर रहा है, जहां 11-11 मंजिलों वाले चार टावर ढह गए हैं। टावरों में कई विदेशी लोग हैं। इसके अलावा, राहत सामग्री राज्य महानायक समिति के महासचिव को भी दी जाएगी, जहां मठ के बाहर लगभग 2,000 भिक्षु बैठे हैं।

### नमाज के दौरान 700 मुसलमान मारे गए

**मांडले।** रमजान में जुमे की नमाज के दौरान म्यांमा में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के कारण 700 से अधिक नमाजियों की मौत हो गई। म्यांमा के एक मुस्लिम संगठन 'स्प्रिंग रेवोल्यूशन म्यांमा मुस्लिम नेटवर्क' की संचालन समिति के सदस्य तुन की ने सोमवार को बताया कि देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के निकट आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के कारण लगभग 60 मस्जिदें क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गईं। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि मस्जिदों में मारे गए लोगों की यह संख्या भूकंप में अब तक मारे गए 1,700 से अधिक लोगों की आधिकारिक संख्या में शामिल है या नहीं। एक वीडियो में भूकंप के दौरान कई मस्जिदें गिरती हुई दिखाई दे रही हैं और लोग इधर-उधर भागते नजर आ रहे हैं।

### भारतीय समुदाय के सदस्यों को भी दे रहीं राहत

भिक्षुओं को कोई चोट नहीं आई है, लेकिन उनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं है और न ही उनके पास कोई बुनियादी सुविधाएं हैं। बयान के अनुसार, मंडाले पैलेस, महा मुनि पैगोडा, एमआईआईटी तथा अन्य ऐसे स्थानों पर भी टीमें तैनात की जाएंगी, जहां भारी क्षति हुई है। ये टीमें भारतीय समुदाय के सदस्यों को रहने और भोजन के लिए सहायता प्रदान कर रही हैं। दरअसल, म्यांमार में 28 मार्च को दोपहर में आए 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप के बाद बचाव कार्य जारी हैं। इस भूकंप में कम से कम 1,700 लोगों की मौत हो गई है और व्यापक पैमाने पर विनाश हुआ है।

---

## केंद्रीय मंत्री सिंह ने की बड़ी घोषणा

# कठुआ एनकाउंटर में हुए शहीदों के परिजनों को मिलेगी सरकारी नौकरी



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कठुआ मुठभेड़ में बलिदान हुए दो पुलिसकर्मियों के परिवार में एक-एक को सरकारी नौकरी देने और अपने सांसद निधि कोष से 70-70 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए सरकारी स्कूलों का नाम बदलकर उनके नाम पर रखने का प्रस्ताव पेश किया जाएगा। बलिदान हुए दो पुलिसकर्मियों जसवंत सिंह और बलविंदर सिंह के परिवारों से रविवार को लौंडी और कन्ना चक में मुलाकात कर यह घोषणा की।

### दोनों शहीदों का बनेगा स्मारक

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक सांसद के रूप में मैं दोनों शहीदों के लिए स्मारक बनाने की घोषणा करता हूं। उनके सम्मान में कुछ स्कूलों का नाम रखा जाएगा। हम इसका प्रस्ताव रखेंगे। उन्होंने कहा कि देश अपने सुरक्षाबलों के प्रति कृतज्ञ है और उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कठुआ जिले के दो बेटे शहीद हुए, मैं उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करने आया हूं। ये वे परिवार हैं जिन्होंने न केवल पीढ़ियों से मातृभूमि की रक्षा की है, बल्कि महान बलिदान भी दिए हैं।

## हवाई हमलों में 3 हूती विद्रोहियों की मौत

**दुबई।** यमन में विद्रोहियों के कब्जे वाली राजधानी सना और उसके आसपास रविवार रात से लेकर सोमवार सुबह तक किए गए हवाई हमलों में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। ईरान समर्थिक हूती विद्रोहियों ने सोमवार को यह दावा किया। विद्रोहियों ने संदेह जताया है कि ये हमले अमेरिका ने किए। हूती विद्रोहियों ने कहा कि राजधानी सना के आसपास और हज्जा प्रांत में हुए हवाई हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। सना पर 2014 से हूती विद्रोहियों का नियंत्रण है। हमले में सना में घरों में बिखरे कांच के टुकड़े नजर आ रहे हैं। उसने लक्षित ठिकानों को नहीं दिखाया, जिससे यह संकेत मिलता है कि हमले जिन जगहों पर किए गए, उनका इस्तेमाल सैन्य या खुफिया उद्देश्यों के लिए किया जाता था।

## पाकिस्तानी मूल का कनाडाई गिरफ्तार

# पाक सेना की संस्थाओं को अमेरिकी प्रौद्योगिकी पहुंचाने का लगा आरोप

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

पाकिस्तान मूल के एक कनाडाई नागरिक को अमेरिकी निर्यात नियंत्रण कानूनों का उल्लंघन कर लाखों डॉलर की अमेरिकी प्रौद्योगिकी को पाकिस्तान के सैन्य एवं हथियार कार्यक्रमों से जुड़ी संस्थाओं तक पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी की पहचान मोहम्मद जावेद अजीज (67) के रूप में की गई है। उसे 21 मार्च को वाशिंगटन के 'वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट' में कनाडा से अमेरिका में प्रवेश करने का प्रयास करते समय गिरफ्तार किया गया। उसे मिनेसोटा जिले में स्थानांतरित किए जाने तक हिरासत में रखा गया है। उस पर अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन



आर्थिक शक्तियां अधिनियम और निर्यात नियंत्रण सुधार अधिनियम का उल्लंघन करने की साजिश रचने का आरोप है। अभियोग में आरोप लगाया गया है कि 2003 से लेकर लगभग मार्च 2019 तक अजीज ने कनाडा स्थित अपनी कंपनी 'डाइवर्सिफाइड टेक्नोलॉजी सर्विसेज' के माध्यम से एक अवैध खरीद नेटवर्क चलाया जिसका उद्देश्य उन पाकिस्तानी संस्थाओं के लिए अमेरिकी मूल के सामान हासिल करना था जो परमाणु, मिसाइल और मानव रहित यान (यूएवी) कार्यक्रमों से जुड़ी हैं।

## नेपाल के पीएम ओली ने पूर्व राजा पर लगाया आरोप

# कहा- ज्ञानेंद्र अशांति फैलाने का काम कर रहे, फिर से राजशाही लाना चाहते

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के पीएम केपी ओली ने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह देश में अशांति फैलाने और सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का आरोप लगाया लगाया है।

पीएम ओली ने सोमवार को कहा कि पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह देश में सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने और समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप राजतंत्र समर्थक प्रदर्शनों में हिंसा भड़क गई। प्रतिनिधि सभा में बोलते हुए पीएम ओली ने आरोप लगाया कि पूर्व राजा शाह ने उन व्यक्तियों के साथ मिलकर काम किया है जिन्होंने बैंक ऋण चुकाने से इनकार किया। शाह ने अपनी महत्वाकांक्षाओं के लिए सामाजिक अशांति फैलाने की कोशिश की, जिससे तिनकुने क्षेत्र में हिंसक घटनाएं हुईं।

### हिंसा में शामिल लोगों को नहीं बख्शेंगे



पीएम ओली ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की और प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसपैठ की। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और तेल निगम के डिपो में आग लगाने जैसी आतंकवादी गतिविधियां कीं। पीएम ने कहा कि इन हिंसक गतिविधियों को राजनीतिक गतिविधियां नहीं माना जा सकता है और हिंसा में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

### पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर रहे

पीएम ओली ने कहा कि गृह मंत्रालय जल्द ही इस घटना की विस्तृत जानकारी संसद को देगा और पूरे मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल की घटनाओं का विश्लेषण करना जरूरी है और धर्म, संस्कृति और परंपरा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर लोगों की भावनाएं भड़काकर हिंसा को उकसाने की कोशिश की गई। ओली ने दावा किया कि पूर्व राजा ने अराजक तत्वों को अपने घर बुलाया और एक तथाकथित कमांडर नियुक्त किया, जो देश में अशांति फैलाने के प्रयासों में शामिल था।

---

## राष्ट्रपति मैक्रों की राह का रोड़ा हटा

# फ्रांसीसी अदालत ने गबन मामले में मरीन ले पेन को पाया दोषी

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस की एक अदालत ने सोमवार को मरीन ले पेन को गबन के एक मामले में दोषी पाया, लेकिन तत्काल यह नहीं बताया कि उन्हें क्या सजा दी जाएगी और इसका इस दक्षिणपंथी नेता के राजनीतिक भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा। बता दें, मरीन ले पेन और उनकी नेशनल रैली के 24 अन्य अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने यूरोपीय संघ के संसदीय सहायकों के लिए निर्धारित धन का उपयोग 2004 से 2016 के बीच पार्टी के लिए काम करने वाले कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए किया, जो 27 देशों के ब्लॉक के नियमों का उल्लंघन था। मरीन ले पेन और उनके सह-प्रतिवादियों ने गलत काम करने से इनकार किया। दक्षिणपंथी नेता के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि अदालत उन्हें तत्काल प्रभाव से पद के लिए अयोग्य घोषित कर सकती है - भले ही वह अपील करें। इससे उन्हें 2027 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है।



### राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने पर लग सकती है रोक

*मरीन ले पेन 2017 और 2022 के राष्ट्रपति चुनावों में राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो के बाद दूसरे स्थान पर रहीं और हाल के वर्षों में उनकी पार्टी का चुनावी समर्थन बढ़ा है। 2024 के अंत में हुए नौ हफ्ते के ट्रायल के दौरान, उन्होंने तर्क दिया कि अयोग्यता मुझे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होने से वंचित और उनके समर्थकों को मताधिकार से वंचित कर देगी। 11 करोड़ लोगों ने उस आंदोलन के लिए मतदान किया है जिसका मैं प्रतिनिधित्व करती हूं। उन्होंने तीन न्यायाधीशों के पैनल को बताया इसलिए कल, संभावित रूप से, लाखों और लाखों फ्रांसीसी लोग खुद को चुनाव में अपने उम्मीदवार से वंचित देखेंगे।*

## तुर्की-पाक की धड़कनें बढ़ाने को तैयार इनीयोकॉस-25

# युद्धाभ्यास में हिस्सा लेने ग्रीस पहुंची भारतीय सेना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तुर्की में आए भूकंप के बाद भारत ने मदद के लिए अपने दरवाजे खोले थे। उसके बाद भी तुर्की पाकिस्तान के खेमे में ही खड़ा दिखाई देता है। तुर्की और पाकिस्तान के बीच सामरिक रिश्तों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पाकिस्तान को बड़ी तादाद में अपने हथियार बेचने में लगा है। वहीं भारत के साथ ग्रीस के सामरिक रिश्ते और मजबूत हो रहे है। इससे पाकिस्तान और तुर्की को घुटन महसूस हो सकती है। भारतीय वायुसेना को फिर से ग्रीस ने अपने मल्टीनेशनल इनीयोकॉस-25 अभ्यास के लिए न्योता दिया। इसने एक बार फिर से पाकिस्तान को असहज कर दिया। तुर्की तो नेटो में ही फूट डलवाने के काम में भी जुटा है। तुर्की और ग्रीस जो की दोनों नेटो के सदस्य देश हैं। पूर्वी भूमध्य सागर में एजियन समुद्र और उनके द्वीप को लेकर दशकों पुराने विवाद पर आमने सामने है।

11 अप्रैल तक चलेगा इनीयोकॉस-25 युद्धाभ्यास | 15 देशों की वायुसेना अपना रणकौशल दिखलाएंगी

### युद्धाभ्यास में सुखोई, आईएल-78 और सी-17 विमान शामिल




31 मार्च-11 अप्रैल तक चलने वाले इनीयोकॉस-25 युद्धाभ्यास में दुनिया के 15 देशों की वायुसेना अपने रणकौशल को साझा करेंगे। भारत, अमेरिका, ग्रीस के अलावा फ्रांस, इजरायल, स्पेन, इटली, कतर, यूएई, पोलैंड, स्लोवेनिया, ऑस्ट्रिया सहित कुल 15 देशों की वायुसेनाएं हिस्सा ले रही हैं। भूमध्य सागर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी का एहसास कराने के लिए भारतीय वायुसेना ने 2023 में इस अभ्यास में शिरकत की थी। इस बार भारतीय वायुसेना की तरफ से सुखोई फाइटर जेट, आईएल-78 रिफ्यूलर और सी-17 ग्लोबमास्टर के साथ वायुसेना की टीम के साथ ग्रीस के एंड्राविडा एयर बेस पहुंच चुकी है।

### रियल वारजोन बनाकर होगा अभ्यास

*इस अभ्यास के दौरान फाइटर फुल रेंज कॉपलेक्स मिशन को ग्रीस और मेडिटेरियन समुद्र में अंजाम देगें। इसके अलावा दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम से निपटने और जमीनी टार्गेट को भी निशाना बनाने का अभ्यास करेंगे। इनीयोकॉस-25 में भारतीय वायुसेना की भागीदारी वैश्विक रक्षा सहयोग और समनवय को दर्शाती है। यह अभ्यास भारत की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। साथ ही मित्र देशों के साथ साझा अभियानों में इसकी क्षमताओं को बढ़ाएगा।*

## गदा यात्रा में गूँजे हिन्दू राष्ट्र के जय घोष

# आर्थिक मजबूती से सुरक्षा की गारंटी नहीं है परंतु हिन्दू के संगठित होने से सुरक्षा की गारंटी जरूर है : दीपांकर स्वामी



जबलपुर।

प्रति वर्षानुसार हिन्दू सेवा परिषद् के त्रायोदश स्थापना दिवस एवं हिन्दू नववर्ष के अवसर पर नौदरा ब्रिज स्थित हनुमान मंदिर से गदा यात्रा निकाली गई। गदा यात्रा में हिन्दू राष्ट्र की हुंकार के साथ भारत माता और जय-जय श्रीराम के गगन भेदी जयघोष गूँजते रहे। डॉ. स्वामी मुकुंददास महाराज, स्वामी पगलानंद महाराज एवं उत्तर प्रदेश से प्रखर हिन्दू वक्ता संन्यासी दीपांकर स्वामी तथा हिन्दू जनजागृति के प्रचारक आनंद जाखोटिया कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस गदा यात्रा में दीपांकर स्वामी ने भिक्षा यात्रा भी प्रारंभ कर दी। 890 दिनों से लगातार 6 राज्यों में पैदल चलकर हिंदुओं को एक करने हेतु भिक्षा यात्रा स्वामी जी के द्वारा चलाई जा रही है, उसी कड़ी में आज जबलपुर मध्य प्रदेश में पहली बार इस यात्रा में स्वामी जी ने भिक्षा मांगी। कार्यक्रम में पधारे स्वामी दीपंकर ने कहा कि हिंदू के संगठित होने से ही उसकी सुरक्षा की गारंटी है, प्रत्येक हिन्दू परिवार को हिन्दू संगठनों से जोड़ने की आवश्यकता है, यह भी मंच से कहा कि धर्म से बड़ी जाति नहीं होती, हम सिर्फ सनातन हैं यह कभी भूलना नहीं चाहिए, हिंदुओं को जात-पात से हटकर कार्य करना होगा। स्वामी जी ने कहा कि भारत को वक्फ बोर्ड के नियमों से मुक्त कराकर अखंड हिन्दू राष्ट्र की स्थापना करनी है।

**हिन्दू नव वर्ष एवं हिन्दू सेवा परिषद् त्रायोदश स्थापना दिवस पर निकली ऐतिहासिक गदा यात्रा, गदा यात्रा में ही भिक्षा यात्रा हुई**

### गदा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया

परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि गदा यात्रा का मुख्य आकर्षण 31 फिट की मिट्टी की भगवा गदा रहा। गदा यात्रा में गदा के अलावा तीन दुर्लभ झाकियाँ, बैण्ड बाजे, ढोल, डीजे एवं भगवा ध्वज शामिल रहे। यात्रा में हनुमान जी की 10 फीट की जीवंत झांकी एवं शिव तांडव की सजीव प्रस्तुति का विशेष आकर्षण रहा। गदा यात्रा श्री हनुमान जी के मंदिर से प्रारंभ होकर करमचंद चौक, तुलाराम चौक, अंधेरदेव, खजांची चौक, कमानिया गेट, फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट से होते हुए मालवीय चौक में धर्मसभा के रूप में सम्पन्न हुई।

### मंदिर में हुआ पूजन

यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व हनुमान जी के मंदिर में संतों की अगुवाई में महाआरती कर भगवा ध्वज दिखाकर गदा यात्रा प्रारंभ की गई। गदा यात्रा में 11 हजार से भी ज्यादा भक्त शामिल हुए। इस दौरान भारत हिन्दू राष्ट्र बने तथा हिन्दुओं की एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अतुल जेसवानी, नितिन सोनपाली, सौरभ जैन, गौरव साहू, धीरज ज्ञानचंदानी, पंकज कुशवाहा, दीपक विश्वकर्मा, संदीप कछवाहा, अभिषेक अहिरवार, उमेश रजक, विनय राजपूत, अंकित साहू, सचिन पटेल, अमित कोल, पप्पू सेन, अक्षय शुक्ला एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जगमगाने लगे देवी-देवालय, मठ-मंदिर

## धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज, भक्तिभाव में डूबे श्रद्धालु

जबलपुर।

वासंतेय नवरात्र पर्व के द्वितीय दिन माँ देवी के द्वितीय स्वरूप ब्रह्मचारिणी की उपासना आराधना की गई। देवी देवालयों में बैठकी पर घटस्थापना के बाद जवारे बोये गये और अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की गई। नवरात्र पर्व के प्रारंभ होने के साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला प्रारंभ हो गया। मंदिरों में दुर्गा सप्तसती के पाठ चल रहे हैं तो अनेक स्थानों पर देवी महापुराण चल रहे हैं। देवी के जगराते भी अनेक धार्मिक संस्थाओं द्वारा आयोजित किये जा रहे हैं। वासंतेय नवरात्र पर्व पर अलसुबह से ही मंदिरों में जल ढारने के लिये भक्तों की कतारें लग रही हैं। धीरे-धीरे शहर भक्तिभाव में डूबने लगा है।



शहर के अति प्राचीन बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, छोटी खेरमाई राईट टाऊन, छोटी देवन दीक्षितपुरा काली दरबार सदर, मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा, श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ मंदिर मढ़ाताल, श्री त्रिपुर सुंदरी मंदिर तेवर में पहले ही दिन से ही नवरात्र मेले की धूमधाम शुरू हो गई हैं। श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ मढ़ाताल में 1001 अखण्ड ज्योति कलश प्रज्वलित किये गये हैं। यहां आचार्य विद्वानों द्वारा दुर्गा सप्तसती का पाठ निरंतर किया जा रहा है। सुबह शाम मां पीताम्बरा का अर्चन और महाआरती की जा रही है। चारखम्बा स्थित बूढ़ी खेरमाई मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चल रहा है। बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया में रात के द्वितीय पहर से ही श्रद्धालु भक्तों का पहुंचना प्रारंभ हो गया है। हर तरफ माँ के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। सूर्योदय के साथ ही मंदिरों के घंटे-मृदंग बजना प्रारंभ हो जाते हैं। जल ढारने वाली श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ लग जाती है।

### माँ खेरमाई मठ में भक्तों का तांता

डा. राधाकृष्णन वार्ड फकीरचंद्र अखाड़े के सामने बाबाटोला स्तिथ प्राचीन ॐ श्री लोधेश्वर महादेव मां खेरमाई शक्ति मठ में नव संवत्सर हिंदु नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पर्व पर मां दुर्गा का भव्य दिव्य माता द्वितीय ब्रम्हचारिणी स्वरूप का श्रृंगार किया प्रातः काल से ही भक्तों का मंदिर में माता को जल अर्पण करने के लिए तांता लगा।

# जन अभियान परिषद द्वारा जन सहभागिता से की जा रही जल स्त्रोतों की सफाई

**जबलपुर**। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर में 30 मार्च से चलाये जा रहे नव्वे दिन के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिले में जलस्त्रोतों के सरंक्षण और जल संवर्धन की कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा जिले के विभिन्न प्रस्फुटन ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्र में सामाजिक कार्यकर्ताओं, मेंटर्स, नवांकुर संस्थाओं, स्वैच्छिक संगठनों, प्रस्फुटन समितियों, समुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों की सक्रिय सहभागिता से जल संरक्षण के विविध आयामों पर कार्य किया जा रहा है। परिषद द्वारा किये जा रहे कार्यों में प्रमुख रूप से अभियान में जन समुदाय की सहभागिता हेतु संवाद, जन चौपाल, रैली, कलश यात्रा, नदी एवं नालों में प्रवाहित होने वाले जल संचयन हेतु बोरी बंधान, चेक डेम बोल्डर निर्माण एवं सुधार कार्य, पुराने तालाबों में श्रमदान से सफाई एवं गहरीकरण के कार्य, माध्यप्रदेश की जीवन रेखा नर्मदा के तटों पर सामाजिक संगठनों के सहयोग से साफ-सफाई के कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही जन अभियान परिषद के नेटवर्क द्वारा जन सहभागिता से जल संरक्षण हेतु नवीन संरचनाओं जैसे सोख्ता गड्ढों का निर्माण जैसे कार्य भी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किये जा रहे हैं।

**जल संवाद के कार्यक्रम**

### शहपुरा में कुंड की सफाई

जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा जिले के विकासखंड शहपुरा के ग्राम भमकी में कल भमक कुण्ड की स्थानीय जनों के सहयोग से सफाई का कार्य किया गया तथा अभियान में ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप कलेक्टर दीपक सक्सेना के मार्गदर्शन में जिले में 30 मार्च से 30 जून तक चलाये जा रहे जल गंगा संवर्द्धन अभियान में जलस्त्रोतों के सरंक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यों के साथ ही अभियान में जन समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने जन अभियान परिषद द्वारा चौपाल, संवाद, रैली एवं दीवार लेखन जैसी गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं।

## संत रविदास विचार मंच ने स्व. लक्ष्मीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित की

**जबलपुर**। संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि समाजसेवी लक्ष्मीबाई चौधरी का विगत दिवस स्वर्गवास हो जाने पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी ने लक्ष्मीबाई के निधन को समाज की अपूरणीय क्षति बताया। महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों ने लक्ष्मीबाई के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर शारदा प्रसाद चौधरी, रामचरन, महेन्द्र चौधरी, रामकलीबाई, सियाबाई, द्रोपदी बाई, सावित्रीबाई, चंदाबाई, विद्या रामसिपाही, सेठ श्यामलाल, कमल चौधरी, मीना चौधरी, रामबाई सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 32 लाख उपभोक्ताओं पर पड़ेगा 2 करोड़ का अतिरिक्त भार

## बिजली के दाम 4 प्रतिशत बढ़ने के विरोध में प्रदर्शन आज

**जबलपुर**। बिजली के रेट लगभग 4 प्रतिशत बढ़ाने से जबलपुर के घरेलू उपभोक्ताओं से लगभग 2 करोड़ प्रतिमाह औसत से वसूली होने वाली है। उपभोक्ता मंच के प्रांताध्यक्ष डॉ पीजी नाजपांडे ने बताया कि जबलपुर सिटी सर्किल में वर्तमान में 32 लाख 26 हजार 441 घरेलू उपभोक्ता हैं, इस एलवी-1 की श्रेणी में लाईट, फेन, घरेलू उपयोग की सामग्री, धर्मशाला, गौशाला, वृद्धाश्रम, रेंट कॉम्पलेक्स, पूजा तथा धार्मिक स्थान आदि शामिल हैं। इन सभी में साधारणः प्रतिमाह 200 से 300 यूनिट बिजली औसत से खपत होती है। अतः यदि जबलपुर के घरेलू उपभोक्ता 200 यूनिट प्रतिमाह खपत करेंगे तो उनसे अतिरिक्त 50 रुपए के हिसाब से 1 करोड़ 63 लाख 22 हजार तथा 300 यूनिट के खपत पर अतिरिक्त 74 रुपए के हिसाब से 2 करोड़ 40 लाख 56 हजार प्रतिमाह वसूला जाएगा। उनसे लगभग 2 करोड़ के औसत से प्रतिमाह वसूली होगी।



| खपत .... | अभी ... | नई दर.. | रेट बढ़ने से बढ़ोत्तरी... |
|---|---|---|---|
| 200 यूनिट | 1445 रु. | 1495रु. | 50 रु. |
| 300 यूनिट | 2268 रु. | 2342 रु. | 74 रु. |

### आज विरोध प्रदर्शन

बिजली के रेट बढ़ाने के विरोध में आज 1 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 3.30 बजे घंटाघर के पास विभिन्न संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदर्शन में शामिल होने की अपील रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, सुभाष चंद्रा, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, एड जी एस सोनकर, एड प्रभात यादव, संतोष श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, केसी सोनी, माया कुशवाहा, अर्जुन कुमार, दिलीप कुंडे, डीआर लखेरा, लखन प्रजापति, एड ब्रजेश साहू ने की है।



## मां कर्मा का डॉक टिकिट जारी

**जबलपुर**। छत्तिसगढ़ की राजधानी रायपुर में मां कर्मा जयंती के पावन पुनीत पर्व पर मुख्य अतिथि के रूप छग के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, तोखन साहू, पवनय साय, आभा साहू, ताराचंद साहू, टुहल सिंह साहू, संदीप साहू की विशेष उपस्थित में मां कर्मा के चित्रयुक्त डाक टिकिट को जारी किया गया. अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष आभा साहू ने बताया, साहू इस दिशा में लम्बे समय से मांग कर रहा था. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में कार्यरत महिलाओं के सर्वांगीण विकास और पिछड़े वर्ग के कल्याण को सामाजिक विकास की शुभकामनाएं दी.

## बालकिशन चौधरी बसपा के स्टेट को-आर्डिनेटर नियुक्त



**जबलपुर**। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जोन इंचार्ज बालकिशन चौधरी को बसपा का केन्द्रीय स्टेट को-आर्डिनेटर बनाया गया है। बसपा सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम, प्रदेश इंजी. रमाकांत पिप्पल सहित प्रदेश ईकाई की अनुशंसा पर जबलपुर के बालकिशन चौधरी को पार्टी में बड़ी जवाबदारी मिलने पर जबलपुर बसपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। आज बसपा जबलपुर जिला ईकाई ने भानतलैया जिला कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी राकेश चौधरी, एड. लखन अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष सुरेश बंसकार, महासचिव राजकुमार पाल, राधेलाल रैदास, रामराज राम, राजमणि साकेत, लक्ष्मण समुद्रे, भोलेशंकर, विजय भौरेल, लक्ष्मण चौधरी, दिनेश कुशवाहा, गेंदालाल अहिरवार, राजकुमार सम्राट, सुशील अहिरवार, द्वारका प्रसाद, रामप्रसाद चड़ार, मुन्ना सतनामी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# श्रीराम मंदिर में उल्लास का माहौल

## भजन संध्या में राम भक्तों ने भाव-विभोर होकर नृत्य किया

जबलपुर।

श्रीराम मंदिर, मदन महल में माता की चौकी के दौरान आयोजित भव्य भजन संध्या में राम भक्तों ने भाव-विभोर होकर नृत्य किया और राम भक्ति के गीतों में लहराया उल्लास। कार्यक्रम में प्रसिद्ध देवी गीत गायक अजीत मिनोचा और ईशान मिनोचा ने अपनी मधुर आवाज में भव्य भजन प्रस्तुत किए। इन भजनों में "लाल लाल चुनरी ये गोटे वाली" और "आ मां आ तुझे दिल ने पुकारा" जैसे भक्ति गीतों ने श्रद्धालुओं का दिल छू लिया। राम भक्तों ने इन गीतों पर देर रात तक झूमते हुए नृत्य किया और माँ शेरावाली की भक्ति में रमे रहे।

कार्यक्रम के दौरान पं. रामकुशल पांडे, गुलशन मखीजा, और मनोज शर्मा ने बताया कि मंदिर में नव दिवसीय अखंड राम चरित मानस पाठ, दुर्गा सप्तशती पाठ, नवग्रह स्थापना और श्रीराम दरबार विग्रह का महाभिषेक भी हुआ। इस अवसर पर प्रतिदिन संत महात्माओं और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संध्या काल में श्रीराम आरती का आयोजन किया गया।

### माता की चौकी का हुआ आयोजन

माता की चौकी के आयोजन में श्री राम मंदिर समिति, महिला मंडल और नवयुवक मंडल के भक्तजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। आयोजन के संयोजक गुलशन मखीजा, रमेश शर्मा, गीता पांडे, मनोज शर्मा, जितिन नारंग, मनीष पोपली, नंदकिशोर अग्रवाल, शैलू कपूर, अनिल जग्गी, राहुल सहगल, पुनीत गुलाटी, योगेश अबरोल, नवीन हांडा, विजया अरोरा, नीरा मखीजा, प्रेम गुलाटी, रूकमणि अग्रवाल, सुनीता अरोरा, रमन पांडे, पवन मरवाहा समेत कई भक्तों की उपस्थिति रही।इस अद्भुत आयोजन ने श्रद्धालुओं के दिलों में भक्ति और आस्था का एक नया संचार किया और श्रीराम के प्रति उनके विश्वास को और मजबूत किया।



## बसपा नेता ने ईद की मुबारकबाद दी

**जबलपुर**। आज जबलपुर रानीताल ईदगाह में रमजान की ईद के मौके पर बसपा नेता राकेश समुद्रे ने रानीताल ईदगाह पहुंचकर सभी मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

### स्व. सतीश नामदेव की जन्मतिथि पर सुंदरकांड व भजन संध्या आयोजित



**जबलपुर**। स्व. सतीश नामदेव एडवोकेट/ नोटरी की जन्मतिथि 01 अप्रेल 2025 को निवास स्थान महाराष्ट्र स्कूल के आगे, राइट टाउन में उनके 65वें जन्मदिवस पर सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन शाम 07 बजे से किया गया है। आयोजन में उपस्थिति की अपील समाज सेविका मीराबाई नामदेव, मनोज नामदेव, रामकुमार गुप्ता, योगेश नामदेव, एड. शैलेष सतीश नामदेव ने की है।

# रामनवमी शोभा यात्रा की तैयारियां जोरों पर

**जबलपुर**। नरसिंह मन्दिर में श्री सनातन धर्म महासभा के यूथ सदस्यों ने बैठक आयोजित की, जिसमें आगामी 6 अप्रैल को सांय 6 बजे जगतगुरू डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज के सानिध्य में निकलने वाली विशाल रामनवमी शोभा यात्रा के भव्य स्वागत की रूपरेखा तय की गई। इस स्वागत में हजारों युवा शामिल होंगे, जो पीत वस्त्र धारण कर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करेंगे और आतिशबाजी का आयोजन करेंगे। स्वागत स्थल श्री सनातन धर्म तिराहे पर होगा।इस बैठक में महासभा के यूथ संयोजक अंशुल मलिक, अमित बाईस, शिवेंद्र राजपूत, अंकुर माहेश्वरी, अमित केशरवानी, दीपक वर्मा, के के दुबे, जितिन नारंग, भवानी अग्रवाल, एसके सदानी, रौनक गुप्ता, विनय सोनी, मयंक अरोड़ा, रितेश अग्रवाल, कुशराग राजपाल, पियर बाबू राय, प्रियांश कपूर, अजय जग्गी, मिकी माखीजा, आशीष कपूर, मयूर गुलाटी सहित कई प्रमुख युवा नेता उपस्थित थे।

बैठक की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, शरद काबरा, रमेश शर्मा, कृष्ण कुमार बस्सी और संदीप मिश्रा ने की।

### रामनवमी शोभा यात्रा की अंतिम बैठक

श्री राम प्राकट्योत्सव की शोभा यात्रा की तैयारियों के लिए अंतिम बैठक श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में आज 1 अप्रैल, मंगलवार को प्रातः 11 बजे श्री राम मन्दिर, मदन महल में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जगतगुरू डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज के मार्गदर्शन में यात्रा की अंतिम रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी।

## सेवानिवृत्त आबकारी उपायुक्त की याचिका निरस्त

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त आबकारी उपायुक्त विनोद रघुवंशी की याचिका निरस्त कर दी।जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने यह निर्देश दिए।विनोद रघुवंशी को भोपाल में 2003 में हुए शराब ठेका फर्जीवाड़ा मामले में तीन साल की सजा से दंडित किया जा चुका है। इसी सजा को अपील के जरिए चुनौती दी गई। साथ ही मांग की गई कि मामले में तत्कालीन कलेक्टर व वर्तमान मुख्य सचिव को बचाव साक्षी के रूप में बुलाए जाने की अनुमति दी जाए। जिस पर कोर्ट ने साफ किया कि धारा 391 के तहत शक्तियों का प्रयोग तभी किया जाता है जब न्यायालय से लापरवाही या अज्ञानता के कारण सत्य के स्पष्टीकरण के लिए आवश्यक परिस्थितियां को दर्ज करना छूट जाता है। आवेदक को प्रकरण के दस्तावेज व साक्ष्यों के संबंध में जानकारी होने के कारण उनकी याचिका हस्तक्षेप योग्य नहीं है।

## महापौर ने किया विश्व नवकार दिवस की तैयारियों का निरीक्षण

जबलपुर।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने 9 अप्रैल को आयोजित होने वाले विश्व नवकार दिवस , योग ध्यान एवं जाप की तैयारियों का निरीक्षण किया। वे सोमवार को पंडित रविशंकर शुक्ला क्रीड़ांगन (राइट टाउन स्टेडियम) पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महापौर ने आयोजन समिति से चर्चा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा और इसमें जबलपुर के सभी धर्म और वर्गों के नागरिक समान रूप से भाग लेंगे। इस आयोजन को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने का प्रयास किया जाएगा। जीतो जबलपुर चैप्टर के अध्यक्ष राहुल बड़कुल ने महापौर को बताया कि विश्व के 33 देशों और भारत के सभी प्रमुख शहरों में यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के सचिव वर्धमान आशीष कोठारी ने तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, पूर्व जोनल अध्यक्ष सुबोध जैन एवं शैलेश जैन ने बताया कि 9 अप्रैल को प्रातः 7:30 बजे से योग, ध्यान एवं नवकार जाप का कार्यक्रम प्रारंभ होगा।इस मौके पर जीतो के सदस्य राजेश जैन, प्रवीण सिंघई, भानु जैन, हर्ष चौधरी, समीर गढ़वाल, अंकित भाईजी, संजीव चौधरी और पंकज शाह सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।



ईदगाह, मस्जिदों में अदा हुई विशेष नमाज, हिन्दू भाइयों ने दी ईद की मुबारकबाद

# वतन की तरक्की की मांगी दुआ

*एक माह के रोजे के बाद अल्लाह तआला की तरफ से ईद के तोहफे को मुस्लिम भाईयों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया।*

**सिहोरा।** सोमवार को सिहोरा और खितौला की मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। हाफिजों ने अपनी तकरीर में फरमाया कि देश में अमन-चैन और शांति बनी रहे यही दुआ हम अल्लाह से करते हैं। हिंदुस्तान में सभी धर्मों के लोग आपस में भाई-भाई हैं। हर इंसान अपने दिलोदिमाग से अकड़ को खत्म कर सभी को गले लगाकर दूरियां मिटाए और भाईचारा बढ़ाए ईद के मुबारक मौके पर यही दुआ मांगते हैं।

### हजारों मुस्लिमों ने अदा की नमाज

खुशी के त्यौहार के नाम से जाने जाने वाली मीठी ईद में मुस्लिम भाई नए कपड़े पहनकर ईदगाह पहुंचे और नमाज अदा की। मौलाना शाकिर मिस्बाही ईदगाह सिहोरा,हाफिज रिजवान साहब हुसैनिया मस्जिद सिहोरा, हाफिज तौसीफ रजा नूरी मस्जिद सिहोरा एंव हाफिज वजीहुद्दीन ने जामा मस्जिद सिहोरा में ईद की नमाज अदा कराई।

सिहोरा मझौली में मात्र एक ही सेंटर

# ये राशन की नहीं आधार कार्ड बनवाने की लाइन है जो सुबह 4 बजे ही लग जाती है

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

आधार कार्ड इन दिनों हर व्यक्ति के लिए प्रत्येक सरकारी कार्यों में अनिवार्य हो गया है। इन दिनों सिहोरा में आधार केंद्र पर आधार कार्ड बनवाने और संशोधन कराने वालों को खासी मशक्कत करना पड़ रही है।

### पूरे दिन में केवल 60 के आधार का संसोधन

पूरे दिन में एक केंद्र पर करीब 50 से 60 लोगों का ही आधार कार्ड संशोधन या फिर नया बन पा रहा है जबकि भीड़ सैकड़ों में पहुंच रही है ऐसे में आधार कार्ड बनवाने वाले लगातार निराश होकर व्यवस्था को कोसते हुए वापस अपने घर जा रहे हैं।

### छोटे बच्चों के साथ परिजन भी लगे लाइन में

कटरा रमखिरिया से आए कमलेश लोधी ने बताया कि वह पांचवीं में पढने वाली रिद्धि लोधी का आधार कार्ड अपडेट कराए आएं हैं लेकिन यहां सुबह से लंबी लाइन लगी है कार्ड कब बनेगा पता नहीं। हरदुआ बंधा से आए राजभान लोधी ने बताया कि आधार कार्ड में उनके दोनों बेटों अमन यादव और रितिक यादव की अपार आईडी बनवाना है लेकिन दोनों का आधार अपडेट अलग-अलग हो गया है। पुराने एसडीएम कार्यालय के बाजू में स्थित आधार सेंटर में लगी लंबी लाइन में अधिकतर परिजन अपने बच्चों के साथ धूप में लगे थे।

### रोज परेशान हो रहे महिला,पुरुष बच्चे



### आधार केंद्र पर दिख रही भारी भीड़

सिहोरा के आधार केंद्र पर लोगों की भारी भीड़ आधार कार्ड में संशोधन और नए आधार कार्ड बनवाने के लिए रोज लगती है। लोगों ने बताया कि वह रोज सेंटर आते हैं।एंव टोकन मिलने के बाद सिर्फ उतने ही लोगों के कार्ड बनते जितनों को टोकन प्राप्त हुआ हो आधार कार्ड अपडेट कराने वालों में सबसे ज्यादा संख्या ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की है।

### सिहोरा-मझौली में सिर्फ एक केंद्र चालू

सिहोरा और मझौली में सिर्फ एक ही आधार सेंटर इस समय चालू है। इसके पहले सिहोरा में चार आधार केंद्र चालू थे लेकिन उनकी आईडी बंद कर दी गई। ऐसे में दो ब्लॉकों में एक आधार केंद्र में लोगों की भारी भीड पहुंच रही है। हालत ये है कि रात से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों 20 से 25 किलोमीटर दूर से आधार केंद्र में पहुंचकर लाइन में लग जाते हैं।सिहोरा पोस्ट आफिस,सिविल अस्पताल सिहोरा सहित अनेक स्थानों पर आधार केंद्र बंद पड़े हैं।

### करीब आठ सैकड़ा गांव के लोग परेशान

आधार कार्ड बनवाने सुधरवाने के लिए सिहोरा-मझौली के करीब 800 गांवों के लोग परेशान होते है सिहोरा सेंटर में एक दिन में बन या सुधर रहे सिर्फ 50 से 60 आधार,अपार आईडी,किसान सम्मान निधि,राशन पोर्टल, केवाईसी अपडेट कराने भी आते हैं लोग।

### आईडी जनरेट होने में 15 दिन का समय लगेगा

आधार कार्ड का पुराना मॉडल बदल दिया गया है जिसके कारण पुराने सेंटरों की आईडी बंद कर दी गई है। सिहोरा में चार आधार कार्ड सेंटर खोलने के लिए अप्रूवल 12 मार्च को भेज दिया गया है, आईडी जनरेट होने में 15 दिन का समय लगेगा।

**चित्रांषु त्रिपाठी,**
**जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस**



# वार्ड नंबर 7 में हितग्राही को मिला संबल योजना का लाभ

**पाटन।** पाटन के वार्ड क्रमांक 7 में रहने वाले गुड्डा पटेल और उनकी पत्नी का समय निधन हो गया था जिसके बाद उनके घर में केवल उनकी दो छोटे-छोटे बच्चे रह गए थे वार्ड पार्षद गजेंद्र सिंह ने दोनों बच्चों की हालत देखते हुए संबल कार्ड के आधार पर उनका प्रकरण स्वीकृत कराया। इसके बाद गुड्डा पटेल की मृत्यु पर संबल योजना के तहत शासन ने 20लाख रुपए स्वीकृत किए हैं रविवार दोपहर 1:00 बजे वार्ड पार्षद गजेंद्र सिंह ने उनके दोनों बेटों को संबल योजना के तहत प्रकरण स्वीकृत की जानकारी दी और उन्हें बताया कि संबल योजना के तहत शासन उन्हें 2लाख की मदद करेगी फिलहाल गुड्डा पटेल की मृत्यु पर संबल योजना के तहत ₹2 लाख दिए जा रहे हैं गुड्डा पटेल की पत्नी का भी संबल कार्ड बना हुआ है जिसकी राशि भी बाद में उनके बेटों को प्रदान की जायेगी। वार्ड पार्षद गजेंद्र सिंह का कहना है कि बाढ़ के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो साथी गुड्डा पटेल के जो छोटे-छोटे बच्चे हैं उन्हें शासन की योजना का लाभ दिलाया गया है जिससे कि वह अपना जीवन यापन कर सके और कोई रोजगार करके जीवन चला सकें।

## ऋषभ चौधरी जवाहर नवोदय में चयनित



**पाटन।** ऋषभ चौधरी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा नवमी की पात्रता परीक्षा में चयनित होकर उन्होंने माता - पिता एवं संस्था का नाम गौरान्वित किया। ज्ञात हो कि सामान्य वर्ग के लिये शहरी अंचल सामान्य वर्ग की केवल एक सीट थी। वे नगर के तान्या कान्वेंट हायर सेकेण्डरी के छात्र है उनके पिता नाम छोटेलाल चौधरी शासकीय शिक्षक है एवं माता श्रीमती नीता चौधरी गृहणी हैं। उनके चयन होने पर एसडीएम मानवेन्द्र सिंह,नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह,ठाकुर उदयभान सिंह,ठाकुर राकेश सिंह ,एड देवेंद्र यादव ,प्राचार्य सी एस ठाकुर के साथ साथ सभी शिक्षकों एवं साथी बच्चों ने बधाई दी।

# पान वाले से दिखाई गुंडई, मारपीट कर टपरे में की तोड़फोड़



**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत मेडीकल कॉलेज गेट के सामने शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने एक पान दुकान संचालक के साथ मारपीट कर पान टपरे में तोड़फोड़ कर उसमें रखा समान क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे पान दुकान संचालक का 20 से 25 हजार रुपए का नुकसान हो गया। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाल बिल्डिंग के पास संजीनीनगर निवासी 19 वर्षीय नितिन चौरसिया गत दिवस मेडीकल कॉलेज गेट के सामने स्थित पान की दुकान में बैठा था। रात लगभग 8.15 बजे उसकी दुकान पर आशीष कोरी व वीरु गोस्वामी आए और शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए की मांग करने लगे, मना करने पर दोनों ने गालीगलौज व मारपीट कर उसके टपरे में तोड़फोड़ कर टपरे में रखा समान क्षतिग्रस्त कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 119(1), 296, 115(2), 324(4), 351(2) 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत ग्राम पौड़ा में तालाब में नहाने गए एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। बताया गया है कि युवक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पौड़ा निवासी 35 वर्षीय संजय उर्फ संजू पटेल लगभग 8 दिन से पागल जैसा बर्ताव कर रहा है। उस मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। उसकी पत्नी सावित्री तीन दिन पहले ही मायके गई थी। वह रोज सुबह 5 बजे उठकर गांव के तलाब नहाने जाता था। गत सुबह भी बल्टी में अपने और अपनी पत्नी के कपड़े रखकर वह नहाने तलाब गया था। काफी देर बाद जब वह लौटकर नहीं आया तो दोपहर 2 बजे उसके चचेरे भाई मुकेश कुमार उसकी तलाश में तालाब के पास आए, तो तालाब में संजय का शव पड़ा मिला। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत देवरी गोसलपुर रेलवे डाउन ट्रेक पर ट्रेन से कटने पर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को देवरी गोसलपुर रेलवे डाउन ट्रेक पर ट्रेन से कटकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। अज्ञात व्यक्ति की उम्र लभग 30 से 32 वर्ष की बताई गई है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# मेडीकल से ई-रिक्शा चोरी

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत मेडीकल कॉलेज परिसर बच्चा वार्ड में खड़ा एक ई रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गए और उसकी बैटरी निकालकर गंगानगर में खड़ी कर दिए। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ी खेरमाई सती चौक के पास हनुमानताल निवासी 28 वर्षीय मुनिराज रजक गत दिवस अपने साले के ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड जी 5753 से मेडीकल कॉलेज में बच्चा वार्ड में भर्ती अपने 7 साल के बेटे दिव्यांश को देखने गया था। उसने ई रिक्शा बच्चा वार्ड के बाहर खड़ी कर अपने बच्चें को देखने अंदर गया था, जहां से एक घंटे बाद बाहर निकला तो देखा कि उसकी ई रिक्शा वहां से गायब थी। उसने ई रिक्शा की तलाश किया तो दूसरे दिन गंगानगर में उसका ई रिक्शा खड़ा मिला, जिसकी बैटरी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी एवं मारपीट करने वालें आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 50 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 130 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 20 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 22 गैरम्यादी, 5 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 24 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 39 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 275 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 2 व्यक्तियों के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये।

# 189 पाव देशी शराब जप्त

**जबलपुर।** कटंगी थाना अतंर्गत ग्राम करारी में दुकान के पीछे अवैध रुप से शराब रखकर बेच रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 189 पाव देशी शराब जब्त की है। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम करारी निवासी 25 वर्षीय सचिन चौबे गत दिवस अपनी दुकान के पीछे शराब रखकर बेच रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी सचिन चौबे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 189 पाव देशी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 18 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# एक दूसरे के गले मिल कर ईद की दी मुबारकबाद



**जबलपुर।** ईदगाह में ईद उत फितर की विशेष नमाज अता की गई। यहां पर बड़ी संख्या में सुबह से मुस्लिम समाज के लोग पहुंचे और नमाज अता करने के साथ एक दूसरे को गले लगाकर ईद पर्व की शुभकामनाएं दी। वहीं सदर स्थित मस्जिद में भी सैकड़ों लोगों ने विशेष नमाज अता करते हुए अमन चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी। शहर की कई मस्जिदों में सुबह से नमाज अता करने बड़ी संख्या में समाज लोग पहुँचे। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी नमाज अता कराई गई और लोगों ने एक दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

**श्रीमती प्रेम बाई केवट-** तिलहरी स्थित कटारिया थीम पार्क के पास निवासी श्री रामलखन केवट की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेम बाई केवट (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी बाई चौधरी-** राधाकृष्णन वार्ड कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री महेश चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उदय सिंह-** थम्मन सिंह का बाड़ा गोरखपुर निवासी श्री अशोक सिंह के पुत्र श्री उदय सिंह (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भारत भाऊजी-** पंचायत भवन पानी की टंकी के पास घाना खमरिया निवासी श्री भारत भाऊजी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुधीर विश्वकर्मा-** खजरी खिरिया बायपास के निकट जगदीश परिसर निवासी श्री शिव कुमार विश्वकर्मा के पुत्र श्री सुधीर विश्वकर्मा (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रितेश महार-** झिरिया कुआं




आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री गंगाधर महार के पुत्र श्री रितेश महार (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जय प्रकाश शाह-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री जय प्रकाश शाह (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अंजीता अरोरा-** सरकारी कुआं शीतलामाई वार्ड निवासी श्री मदन अरोरा की धर्मपत्नी श्रीमती अंजीला अरोरा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेंद्र रिछारिया-** मिलौनीगंज निवासी श्री सुरेंद्र रिछारिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. श्रेया विश्वकर्मा-** फूलवाड़ी गढ़ा निवासी श्री राजेश विश्वकर्मा की पुत्री कु. श्रेया विश्वकर्मा (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती बेला बाई कहार-** पुरानी बस्ती करमेता निवासी श्री रामराज कहार की धर्मपत्नी श्रीमती बेला बाई कहार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

# चीनी कंपनी बीवाईडी भारत में लगाने जा रही संयंत्र, टेस्ला को देगी कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलेक्ट्रिकल व्हीकल बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बीवाईडी भारत में अपना पहला मैन्युफैक्चरिंग प्लांट बनाने जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इसके लिए लोकेशन हैदराबाद से लगभग 60 किलोमीटर दूर तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में चुना गया है। कंपनी ने यह फैसला अमेरिका और यूरोपीय यूनियन में बढ़ते टैरिफ से निपटने के लिए उठाया है, जो चीनी सामानों के आयात पर भारी शुल्क लगाने की बात कही है।

■ अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के बढ़ते टैरिफ से निपटने उठाया कदम

भारतीय नियमों के अनुपालन के लिए बीवाईडी के हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) के साथ पार्टनरशिप करने की उम्मीद है। इसमें एमईआईएल की हिस्सेदारी ज्यादा होगी।

## भारत में पहला विनिर्माण प्लांट हैदराबाद के रंगारेड्डी में लगा रही

### अमेरिका ने टैरिफ 100 प्रतिशत किया

एक तरफ यूरोपीय यूनियन ने चीनी इलेक्ट्रिक व्हीकल के आयात पर 35.3 फीसदी तक का टैरिफ लगाया है। जबकि बीवाईडी को यूरोप में 27 प्रतिशत की दर से टैरिफ का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, अमेरिका ने भी चीनी इलेक्ट्रिक व्हीकल के आयात पर टैरिफ को चार गुना बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया है। भारत की ईवी पॉलिसी और देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की बढ़ती डिमांड चीन के पक्ष में है।



### बीवाईडी की ये है खासियत

बीवाईडी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसका सुपर ई-प्लेटफॉर्म 1000 किलोवाट तक का चार्जिंग स्पीड देता है, जो टेस्ला के 500 किलोवाट के चार्जिंग स्पीड से दोगुना है। इसी के साथ इसमें ब्लेड बैटरी का इस्तेमाल किया गया है, जो 10सी चार्जिंग मल्टीप्लायर को सपोर्ट करती है। इससे महज 6 मिनट में ही बैटरी पूरी तरह से चार्ज हो जाती है। इसके कई मॉडल तो उबड़-खाबड़ रास्तों के साथ-साथ पानी में भी तैर सकती है। इसके और भी कई इलेक्ट्रॉनिक फीचर्स हैं, जो इसे नंबर वन बनाती है।

### भारत में टेस्ला से हो सकता है कड़ा मुकाबला

बैटरी मैन्युफैक्चरर के रूप में 1995 में बनी बीवाईडी (बिल्ड योर ड्रीम्स) ने 2003 में ऑटोऑटोमोटिव सेक्टर में एंट्री ली। 2024 में दुनियाभर में इसकी कारें टेस्ला से भी ज्यादा बिकीं। चीन में टेस्ला की बाजार हिस्सेदारी 2022 में 16 प्रतिशत से गिरकर 2025 में 4.3 प्रतिशत हो गई है क्योंकि मार्केट में बीवाईडी की पकड़ मजबूत होती जा रही है। अब सवाल यह आता है कि क्या भारत में भी बीवाईडी टेस्ला से आगे निकल जाएगी? इसका जवाब आने वाले सालों में मिल जाएगा।


---

## खबर संक्षेप

### एनएचपीसी पार्बती की तीन इकाइयां शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएचपीसी ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश में पार्बती-दो जलविद्युत परियोजना की तीन इकाइयों के एक अप्रैल से वाणिज्यिक रूप से चालू होने की घोषणा की। इन इकाइयों की कुल क्षमता 600 मेगावाट है। पार्बती-दो जलविद्युत परियोजना में 200-200 मेगावाट की चार इकाइयां हैं।

### बॉश को आयकर विभाग से 20 करोड़ रुपए की मांग



**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी एवं सेवा प्रदाता कंपनी बॉश लिमिटेड को आकलन वर्ष 2022-2023 के लिए आयकर विभाग से ब्याज सहित 20 करोड़ रुपये से अधिक का मांग नोटिस मिला है। बॉश लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे वित्त वर्ष 2022-2023 के लिए 28 मार्च 2025 को कर निर्धारण नोटिस मिला।

### तेजस नेटवर्क्स को पीएलआई के तहत 189 करोड़ मिलेंगे



नई दिल्ली। तेजस नेटवर्क्स को दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत सरकार से 189.17 करोड़ रुपये की राशि मिली है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि यह राशि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली दो तिमाहियों के लिए प्रोत्साहन की पहली किस्त (85 प्रतिशत) है।

### दीपक फर्टिलाइजर्स को आईटी से 226 करोड़ रुपए का नोटिस

**नई दिल्ली।** दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स कॉरपोरेशन लि. की अनुषंगी कंपनी को कर निर्धारण वर्ष 2017-18 और 2018-19 के लिए आयकर विभाग से 226.32 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी महाधन एग्रीटेक लि. के खिलाफ जुर्माना लगाने का आदेश दिया गया है।

### एमउएम ने इंडियाबुल्स का 1,130 करोड़ का कर्ज चुकाया

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी एमउएम ग्रुप ने पानीपत में एक टाउनशिप के विकास के लिए इंडियाबुल्स से लिए गए लगभग 1,130 करोड़ रुपये का कर्ज चुका दिया है और उसकी आने वाली तिमाही में बाकी राशि का भी भुगतान करने की योजना है। इंडियाबुल्स के पूरे 1,300 करोड़ रुपये के ऋण का भुगतान कर देगी।

### क्रोमा ने रॉय को नया सीईओ एवं एमडी किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की खुदरा श्रृंखला क्रोमा ने शिबाशीष रॉय को अपना नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की सोमवार को घोषणा की। उनकी नियुक्ति एक अप्रैल से प्रभावी होगी। क्रोमा ने बयान में कहा कि रॉय को नवंबर 2024 में सीईओ पद के लिए नामित किया गया था।

### ईद पर शेयर, मुद्रा जिंस बाजार बंद

**मुंबई।** ईद-उल-फितर के अवसर पर शेयर, मुद्रा, जिंस और वायदा-विकल्प बाजार सोमवार को बंद रहा। मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार, मुद्रा, जिंस और वायदा - विकल्प बाजार में काम होगा।

---

## नियामक उपभोक्ताओं तक पाइपलाइन से गैस पहुंचाएगी

# पाइपलाइन शुल्क में बदलाव का प्रस्ताव, सीएनजी व पाइप्ड गैस पर सबसे कम दर वसूली जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेल एवं गैस नियामक पीएनजीआरबी ने नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए उपभोक्ताओं तक गैस पहुंचाने वाली पाइपलाइन के लिए शुल्क निर्धारण की नयी नीति प्रस्तावित की है। पीएनजीआरबी ने मकानों में सीएनजी तथा पाइप के जरिये पहुंचाई जाने वाली रसोई गैस बेचने वाली शहरी गैस इकाइयों से न्यूनतम दर पर शुल्क वसूलने का प्रस्ताव भी रखा है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने बंदरगाहों से आयातित गैस और प्राकृतिक गैस को इसके उत्पादन वाले क्षेत्रों से ले जाने वाली पाइपलाइन पर लगाए गए क्षेत्रीय शुल्कों में बदलाव के लिए सार्वजनिक परामर्श दस्तावेज जारी किया है।



### पाइपलाइन से गैस बिजली, उर्वरक संयंत्रों तक पहुंचती है

यह शुल्क उन पाइपलाइन पर लगाया जाता है जो बंदरगाहों से आयातित गैस और प्राकृतिक गैस को इसके उत्पादन वाले क्षेत्रों से बिजली संयंत्र या उर्वरक इकाइयों जैसे उपयोगकर्ताओं या यूरिया बनाने वाली उर्वरक इकाइयों या शहरी गैस इकाइयों तक पहुंचाती हैं।

- शुल्क निर्धारण की नई नीति प्रस्तावित है
- मकानों में सीएनजी तथा पाइप के जरिए पहुंचाई जाएगी
- न्यूनतम दर पर शुल्क वसूलने का प्रस्ताव भी रखा है

*एकीकृत शुल्क घटाकर दो फीसदी*

*एकीकृत शुल्क क्षेत्रों को तीन से घटाकर दो करना, सभी सीएनजी तथा पीएनजी-घरेलू ग्राहकों के लिए एक एकीकृत शुल्क लगाना आदि जैसे शुल्क विनियमन के विभिन्न पहलुओं पर हितधारकों की टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक परामर्श दस्तावेज (पीसीडी) जारी किया गया है।*

### गैस वितरित करने संस्थाएं की गई अधिकृत

पीएनजीआरबी ने पाइपलाइन बिछाने, पाइप से प्राकृतिक गैस वितरित करने और सीएनजी स्टेशन स्थापित करने के लिए संस्थाओं को अधिकृत किया है। पीएनजीआरबी ने देश में गैस पाइपलाइन के विस्तार के उद्देश्य से द्वीपों को छोड़कर समूचे भारत को अधिकृत किया है।

### 2030 तक देश में 17,500 सीएनजी स्टेशन होंगे

न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (जिसके लिए इन संस्थाओं को अधिकृत किया गया है) के अनुसार, देश में 2030 तक 12 करोड़ पीएनजी (घरेलू) 'कनेक्शन' और 17,500 सीएनजी स्टेशन होंगे। दिसंबर 2024 तक भारत में 7,395 सीएनजी स्टेशन और 1.4 करोड़ पीएनजी घरेलू 'कनेक्शन' थे।

**वार्षिक वृद्धि दर 10 फीसदी होगी :** गैस की खपत में भविष्य की वृद्धि मुख्य रूप से शहरी गैस वितरण क्षेत्र में होने की उम्मीद है, जिसकी 2030 और 2040 तक चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर 10 प्रतिशत होगी।

**गैस की खपत बढ़ाने होंगे उपाय :** नियामक ने कहा, "निवेश लाने और देश में विशेष रूप से सीएनजी और घरेलू 'पाइप्ड' प्राकृतिक गैस में गैस की खपत बढ़ाने के लिए एक और दूरगामी सुधार के तहत एनजीआरबी घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन में इस्तेमाल होने वाली पाइप्ड प्राकृतिक गैस की कीमत कम करने का प्रस्ताव लाया है।"

### घरेलू कनेक्शन बढ़ाने में मिलेगी मदद




नियामक ने कहा कि इन संशोधनों से दूर-दराज के क्षेत्रों में सीएनजी तथा पीएनजी-घरेलू 'कनेक्शन' बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। साथ ही शहरी गैस क्षेत्र, पारेषण संचालक, दूर-दराज के क्षेत्रों के उपभोक्ताओं जैसे प्रमुख हितधारकों को लाभ होगा तथा गैस बुनियादी ढांचे में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

---

# फ्रांस के नियामक ने एप्पल पर लगाया 15 करोड़ यूरो का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ पेरिस



फ्रांस के प्रतिस्पर्धी नियामक ने अप्रैल, 2021 से जुलाई, 2023 के बीच आईओएस तथा आईपैड उपकरणों के लिए मोबाइल एप्लिकेशन के वितरण में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए एप्पल पर 15 करोड़ यूरो (16.2 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया है। फ्रांस के प्रतिस्पर्धा प्राधिकरण ने सोमवार को कहा कि उसने पाया कि एप्पल के ऐप ट्रैकिंग ट्रांसपेरेंसी (एटीटी) ढांचे का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को तीसरे पक्ष के एप्लिकेशन द्वारा डेटा संग्रह के लिए सहमति देने की अनिवार्यता है, जो अपने आप में आलोचना के लिए खुला नहीं है। प्राधिकरण ने अपने फैसले में कहा, "इसे जिस तरह से लागू किया गया वह न तो जरूरी था और न ही व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के एप्पल के घोषित उद्देश्य के अनुरूप था। इस ढांचे के तहत आईफोन या आईपैड उपयोगकर्ताओं को एप्पल द्वारा संचालित प्रणालियों में तीसरे पक्ष के ऐप द्वारा डेटा संग्रह के लिए सहमति देने की आवश्यकता होती है, ताकि गोपनीयता की बेहतर सुरक्षा हो सके और एक 'विंडो' को आंशिक रूप से मानकीकृत प्रारूप में प्रदर्शित करता है।

■ अप्रैल 2021 से जुलाई 2023 के बीच एप्पल ने अपने दबदबे का दुरुपयोग किया

### तीसरे पक्ष के डेटा संग्रह पर निर्भर

इसने प्रणाली की निरपेक्षता पर भी सवाल उठाया और कहा कि इसने सबसे छोटे प्रकाशकों को दंडित किया है, जो अपनी गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए काफी हद तक तीसरे पक्ष के डेटा के संग्रह पर निर्भर हैं।

---

# आईएचसी, अल्फावेब ग्लोबल को हल्दीराम बेच रही है हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिठाई और अन्य खाने का सामान बेचने वाले देश के प्रमुख खाद्य ब्रांड हल्दीराम स्नैक्स फूड ने सोमवार को दो नये निवेशकों... आईएचसी (इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी) और अल्फा वेव ग्लोबल को अपनी हिस्सेदारी बेचने की पुष्टि की। हालांकि, बयान में सौदे के ब्योरे का खुलासा नहीं किया गया।

- दो नए निवेशकों को हिस्सेदारी बेचने की पुष्टि की
- सौदे के ब्योरे का खुलासा नहीं किया गया

यह घोषणा सिंगापुर स्थित वैश्विक निवेश कंपनी टेमासेक द्वारा अल्पांश हिस्सेदारी के अधिग्रहण की हल्दीराम की पुष्टि के एक दिन बाद की गई है। इस सौदे के विवरण का भी खुलासा नहीं किया गया है।

हल्दीराम ने बयान में कहा, "कंपनी को टेमासेक की हाल की भागीदारी के बाद अपने चल रहे इक्विटी दौर में दो नये निवेशकों, आईएचसी (इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी) और अल्फा वेव ग्लोबल को जोड़ने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह रणनीतिक कदम हल्दीराम की वित्तीय स्थिति को और मजबूत करता है क्योंकि यह उसकी वैश्विक खासकर अमेरिका और पश्चिम एशिया में विस्तार योजनाओं को गति देता है।" "यह निवेश अल्फा वेव ग्लोबल और आईएचसी की मजबूत उपभोक्ता ब्रांड वाली प्रमुख कंपनी का समर्थन करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### आईएचसी दुनिया की सबसे बड़ी निवेश कंपनी

*अल्फा वेव एक वैश्विक निवेश कंपनी है जो तीन मुख्य क्षेत्रों... निजी इक्विटी, निजी ऋण और सार्वजनिक बाजारों पर ध्यान केंद्रित करती है, जबकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आईएचसी दुनिया की सबसे बड़ी निवेश कंपनियों में से एक है।*

# प्राइमार्क के सीईओ ने आरोपों की जांच के बाद पद छोड़ा




**लंदन।** यूरोप के प्रमुख फैशन खुदरा विक्रेता प्राइमार्क के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पॉल मर्चेंट ने सामाजिक परिवेश में एक महिला के प्रति अपने व्यवहार की जांच के बाद इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि वर्ष 2009 से प्राइमार्क के सीईओ का पद संभाल रहे मर्चेंट ने संबंधित महिला के साथ अपने व्यवहार के लिए माफी मांगने के साथ अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। प्राइमार्क ने बयान में कहा कि मर्चेंट ने अपने निर्णय में त्रुटि को स्वीकार किया और उनके कार्य कंपनी के अपेक्षित मानकों से कमतर थे। इस खुदरा विक्रेता की मूल कंपनी एसोसिएटेड ब्रिटिश फूड्स (एबीएफ) ने कहा कि उसके वित्त निदेशक इयोन टोंग को प्राइमार्क का अंतरिम सीईओ नियुक्त किया गया है।

# डालमिया ने 4.95 करोड़ टन की सालाना उत्पादन क्षमता की हासिल

■ देश की चौथी सबसे बड़ी सीमेंट उत्पादक कंपनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की चौथी सबसे बड़ी सीमेंट उत्पादक कंपनी डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) ने वित्त वर्ष 2025 में 4.95 करोड़ टन सालाना (एमटीपीए) की उत्पादन क्षमता हासिल करने की सोमवार को घोषणा की।

कंपनी के बयान के अनुसार, डालमिया परिवार द्वारा प्रवर्तित कंपनी ने बिहार में अपने रोहतास सीमेंट वर्क्स (आरसीडब्ल्यू) संयंत्र में अतिरिक्त पांच लाख टन का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने के बाद यह लक्ष्य हासिल किया। डालमिया की भारत के पूर्वी क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति है। इसकी विनिर्माण इकाइयां बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में हैं। कंपनी ने 2031 तक अपनी क्षमता को बढ़ाकर सालाना 11 से 13 करोड़ टन करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पुनीत डालमिया ने कहा, पूर्वी क्षेत्र में हमारी वृद्धि क्षेत्र की विकास क्षमता में हमारे दृढ़ विश्वास को दर्शाती है।

*भारत की कुल सीमेंट क्षमता 69 करोड़ टन : इस विस्तार के साथ हम प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का समर्थन करने और क्षेत्र में आर्थिक प्रगति में योगदान करने की अपनी क्षमता बढ़ा रहे हैं। सीमेंट निर्माता संघ (सीएमए) के आंकड़ों के अनुसार, भारत की कुल स्थापित सीमेंट क्षमता 69 करोड़ टन प्रति वर्ष है।*

## रिप्लस उत्पादन क्षमता को छह गीगावाट घंटा बढ़ाएगी...



**मुंबई।** पुणे स्थित बैटरी विनिर्माता कंपनी रिप्लस की योजना वित्त वर्ष 2025-26 तक अपनी उत्पादन क्षमता को वर्तमान एक गीगावाट घंटा से बढ़ाकर छह गीगावाट घंटा करने की है। कंपनी ने कहा कि इस बड़े विस्तार में अगली पीढ़ी की बैटरी प्रौद्योगिकियों को शामिल किया जाएगा, जो इलेक्ट्रिक वाहनों तथा ऊर्जा भंडारण प्रणाली (ईएसएस) खंडों के लिए तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के लिए फायदेमंद साबित होगी। रिप्लस, एलएनजे भीलवाड़ा समूह का हिस्सा है।एलएनजे भीलवाड़ा समूह के वाइस चेयरमैन रिजु झुनझुनवाला ने कहा, 'रिप्लस संयंत्र का छह गीगावाट घंटा तक का विस्तार भारत के सतत विकास व ऊर्जा बदलाव को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।'कंपनी ने कहा कि क्षमता विस्तार के बाद संयंत्र से जो उत्पाद तैयार किए जाएंगे, वे विभिन्न प्रकार के ईवी की जरूरतों को पूरा करेंगे।

# खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी से छोटी कंपनियों का सूचकांक 8 फीसदी चढ़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में छोटी कंपनियों ने इस महीने मजबूत उछाल के बीच वित्त वर्ष 2024-25 को सकारात्मक रुख पर समाप्त किया। यह शेयर बाजार में बढ़े पैमाने पर आशावादी रुख, खुदरा निवेशकों की प्रभावशाली भागीदारी और बेहतर मूल्यांकन से प्रेरित रहा।

- वित्त वर्ष 2024-25 में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 3471 अंक उछला
- मिडकैप सूचकांक 2209 अंक या 5.61 फीसदी चढ़ा

वित्त वर्ष 2024-25 में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 3,471.79 अंक या आठ प्रतिशत उछला, जबकि मिडकैप 2,209 अंक या 5.61 प्रतिशत चढ़ा। बीएसई सेंसेक्स समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में 3,763.57 अंक या 5.10 प्रतिशत चढ़ा। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, "सूचकांकों ने अक्टूबर-फरवरी से रिकॉर्ड लगातार पांच महीने गिरावट के बाद मार्च में मजबूत उछाल के साथ वित्त वर्ष 2024-25 को सकारात्मक रुख पर समाप्त किया। छोटी कंपनियों ने बड़ी कंपनियों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया। हाइब्रो सिक्योरिटीज के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक तरुण सिंह ने कहा, "भारतीय शेयर बाजारों ने वित्त वर्ष 2024-25 में मजबूत प्रदर्शन किया, जिससे वैश्विक चुनौतियों के बावजूद संतुलन बना रहा। मजबूत चुनावी जनादेश ने बाजार के भरोसे को बढ़ाया है, जिससे नीतियों की निरंतरता सुनिश्चित हुई है।"

### बाजार में आया सुधार

मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड की निदेशक पलका अरोड़ा चोपड़ा से कहा, "हालांकि, जब पिछली कुछ तिमाहियों में कंपनियों के उम्मीद से कमजोर नतीजे आए तो बाजार ऊंचे मूल्य स्तर को बरकरार नहीं रख सका, जिससे बाजार में सुधार हुआ।

### ट्रंप के शुल्क चेतावनी से बाजार प्रभावित

अमेरिकी प्रशासन के शुल्क की चेतावनी ने बाजार को और प्रभावित किया। बढ़े हुए मूल्यांकन तथा धीमी आय वृद्धि के बीच का अंतर बाजार के दोहरे अंक में 'रिटर्न' देने में असमर्थता का मुख्य कारण बन गया।"

---

## सरकार ने वीआई से 36,950 करोड़ रुपए के कर्ज के बदले इक्विटी खरीदी

# कर्ज में डूबी वोडाफोन-आइडिया पर बरसी कृपा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्ज में डूबी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन-आइडिया (वीआई) को एक बार फिर से जीवनदान मिला है। सरकार ने वीआई से 36,950 करोड़ रुपए के कर्ज के बदले इक्विटी खरीदी है। सरकार की अब इस कंपनी में हिस्सेदारी 22.6 फीसदी से बढ़कर 48.99 फीसदी हो गई है। दरअसल कंपनी पर स्पेक्ट्रम नीलामी का भारी भरकम बकाया था।

■ सरकार की कंपनी में हिस्सेदारी बढ़कर अब 48.99 फीसदी हो गई

अब सरकार ने कंपनी को बड़ी राहत देते हुए इस बकाए के बदले 36,950 करोड़ रुपए की इक्विटी की बात कही है। वोडाफोन-आइडिया (वीआई) के शेयर में निवेश करने वाले शेयरधारकों की नजर इस खबर पर है। सरकार की हिस्सेदारी बढ़ने से इस शेयर को लेकर पॉजिटिव सेंटीमेंट बन सकते हैं। जो शेयर वर्तमान में 6 से 7 रुपए के बीच डोल रहा है, आने वाले दिनों में उसमें तेजी आ सकती है।

### सरकार ने इस फैसले का मकसद क्या

सरकार ने ये फैसला लिया है, क्योंकि वो नहीं चाहती कि कर्ज में डूबी टोलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया कंपनी बंद हो जाए। अगर कंपनी की मदद नहीं की गई और कंपनी बंद हो गई तो हजारों नौकरियां जाएगी, करोड़ों ग्राहकों को परेशानी होगी। इतना ही नहीं टेलीकॉम सेक्टर पर सिर्फ दो-तीन कंपनियां का अदिपत्य रह जाएगा, जो बाजार की प्रतिस्पर्धा के लिए ठीक नहीं है।




*कर्ज में डूबी कंपनी को सरकार का सहारा*

*वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआई) ने इस बात की जानकारी शेयर बाजार को दी है। कंपनी ने कहा कि स्पेक्ट्रम बकाया के बदले सरकार को अधिक हिस्सेदारी दी जा रही है। बकाया को इक्विटी शेयरों में बदलने का फैसला लिया गया है। इक्विटी शेयरों को 36,950 करोड़ रुपए से बदलने की तैयारी की जा रही है। यानी सरकार को पैसा न देकर कंपनी इक्विटी यानी हिस्सेदारी देगी।*


### कंपनी को विस्तार में मिलेगी मदद

कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी बढ़ने से निवेशकों का वीआई पर भरोसा बढ़ेगा। सरकार की मदद से कंपनी को एक्सपेंशन में मदद मिलेगी, जो शेयरों को मजबूती दे सकते हैं। यानी कुल मिलाकर आने वाले दिनों में वोडाफोन आइडिया के शेयर निवेशकों को चेहरे पर खुशियां ला रही है।

## चिंतन

# अत्यधिक स्क्रीन टाइम से बढ़ रही अनिद्रा चिंतनीय

देश जिस गति से डिजिटल हो रहा है, देश में स्मार्टफोन्स के उपभोक्ता बढ़ रहे हैं, उसी अनुपात में देश के किशोरों, युवाओं और अब तो बच्चों के सामने शारीरिक व मानसिक सवास्थ्य की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। ताजा अध्ययन में कहा गया है कि स्क्रीन के अधिक उपयोग से अनिद्रा का खतरा 60 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। जैसे जैसे वर्चुअल तकनीक बढ़ रही है, विजुअल दुनिया बदल रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स का प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे वैसे सभी आयुवर्ग के लोग स्क्रीन्स के आदी होते जा रहे हैं। इसका सीधा असर, आंखों की रोशनी, नींद, मानसिक स्वास्थ्य आदि पर पड़ता है। सोने से एक घंटे पहले स्क्रीन (मोबाइल, टैब, लैपटॉप या पीसी) का इस्तेमाल करने से अनिद्रा का खतरा लगभग साठ प्रतिशत बढ़ सकता है और नींद का समय लगभग आधे घंटे कम हो सकता है। एक अध्ययन के दौरान नॉर्वे में 18-28 वर्ष की आयु के 45,000 से अधिक छात्रों से उनके सोने के समय और आदतों के बारे में सवाल किया गया, जिसमें यह भी शामिल था कि वे सोने के बाद कितनी देर तक स्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं। इन छात्रों ने स्क्रीन के इस्तेमाल का उद्देश्य, जैसे कि फ़िल्में देखना या सोशल मीडिया देखना, भी बताया। 'फ्रंटियर्स इन साइकियाट्री' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, स्क्रीन गतिविधि का प्रकार उतना मायने नहीं रखता जितना कि बिस्तर पर स्क्रीन का उपयोग करते हुए बिताया गया कुल समय। अध्ययन के दौरान सोशल मीडिया और अन्य स्क्रीन गतिविधियों के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं पाया गया, जिससे पता चलता है कि स्क्रीन का उपयोग ही नींद में व्यवधान का मुख्य कारण है। अनिद्रा को सोने में 30 मिनट से अधिक समय लगने के रूप में परिभाषित किया जाता है और इसमें रात के दौरान अक्सर नींद से जागना जैसी परेशानियां शामिल हो सकती हैं। नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है और इसलिए, दिन के दौरान नींद आ सकती है, जिससे गतिविधियों में बाधा आती है। मोबाइल स्क्रीन का ज़्यादा इस्तेमाल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, जिससे आंखों पर दबाव, नींद की कमी, तनाव, और सामाजिक संबंधों पर बुरा असर पड़ सकता है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखों में सूखापन, जलन, धुंधला दिखना और सिरदर्द हो सकता है। सोने से पहले स्क्रीन का इस्तेमाल नींद की गुणवत्ता को कम कर सकता है और अनिद्रा की समस्या पैदा कर सकता है। अधिक समय तक झुकी हुई मुद्रा में स्क्रीन देखने से गर्दन और पीठ में दर्द हो सकता है। स्क्रीन के सामने बैठे रहने से शारीरिक गतिविधि कम हो जाती है, जो मोटापे का कारण बन सकती है। अत्यधिक सोशल मीडिया का इस्तेमाल तनाव और चिंता को बढ़ा सकता है। अत्यधिक स्क्रीन टाइम अवसाद के खतरे को बढ़ा सकता है, सामाजिक संबंधों पर बुरा असर डाल सकता है और लोगों को अकेलापन महसूस हो सकता है, एकाग्रता की क्षमता कम हो सकती है व निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। बच्चों की आंखों पर मोबाइल के प्रभाव और स्क्रीन टाइम के बच्चे के विकास पर व्यापक प्रभाव को समझना माता-पिता और देखभाल करने वालों के लिए ज़रूरी है। इसलिए जरूरी है कि स्क्रीन टाइम को सीमित करने के लिए नियम बने। लोग खुद तय करें, बच्चों के लिए अभिभावक समय निश्चित करें, स्कूल, कॉलेज, परिवार और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्क्रीन के प्रयोग को रेगुलेट किया जाय। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी से अंधापन बढ़ रहा है।



## विश्लेषण
अवधेश कुमार

# बेंगलुरु से संघ का राष्ट्र निर्माण संदेश

**शताब्दी वर्ष में संघ की बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का दो दिवसीय आयोजन अनेक अर्थों में महत्वपूर्ण घटना मानी जाएगी। शताब्दी वर्ष के संकल्प का शीर्षक है, विश्व शांति और समृद्धि के लिए समरस और संगठित हिन्दू समाज का निर्माण। संघ की आलोचनाओं से परे हटकर विचार करिए। हिंदुत्व का सर्वसमावेशी विचार और उसके अनुरूप भारत राष्ट्र सहित संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए कार्यक्रम का संकल्प उपयुक्त दृष्टि या सही दिशा में कार्य करने से प्राप्त उपलब्धियां के आत्मविश्वास के बिना संभव नहीं। इसमें मनुष्य को अपने परिवार, समाज, देश और फिर विश्व कल्याण तक ले जाना, उस दृष्टि से राष्ट्र निर्माण जैसे व्यापक लक्ष्य शताब्दी वर्ष में सामने रखा है।**

इस वर्ष विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। शताब्दी वर्ष में संघ की बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का दो दिवसीय आयोजन अनेक अर्थों में महत्वपूर्ण घटना मानी जाएगी। संघ के सम्पूर्ण नेतृत्व मंडल के अलावा विचार परिवार के सभी 32 संगठनों के शीर्ष 1482 प्रतिनिधियों के आयोजन से निकला स्वर संघ और उसके विचार परिवार की भूमिका का दिग्दर्शन होगा। संघ की हर बैठक के संदर्भ में आम सोच यही होती है कि इस समय के सर्वाधिक चर्चित मुद्दे पर संघ का क्या रुख सामने आता है। हालांकि संघ की बैठकों के निर्णयों और वक्तव्यों ने बार-बार साबित किया है कि उसका हर कार्य-व्यवहार लक्ष्य की दृष्टि से होता है और तात्कालिक घटनाएं उसी के आलोक में देखी जाती हैं। बैठक के आरंभ में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने पत्रकार वार्ता की, उद्घाटन दिवस पर सह सरकार्यवाह मुकुंद सीआर, दूसरे दिन सहसरकार्यवाह अरुण कुमार तथा अंत में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसाबोले ने पत्रकारों के माध्यम से बैठक की वांछित जानकारी दी। किसी ने भी अपनी ओर से महाकुंभ और बांग्लादेश को छोड़ अन्य पर वक्तव्य नहीं दिया क्योंकि ये बैठक के मुख्य एजेंडा नहीं थे। सारे वक्तव्य प्रश्नों के उत्तर में दिए गए। औरंगजेब और उसके कब्र को लेकर प्रश्न के उत्तर में ही पहले अंबेकर ने इसे अप्रासंगिक बताया तो होसाबोले ने कहा कि देश के इथोस, संस्कृति, सभ्यता, प्रकृति के अनुरूप काम करते हुए समृद्धि में योगदान देता है उसे आइकॉन माना जाएगा या जो बाहर से आकर आक्रमण कर शासन किया, हजारों लोगों पर अत्याचार किए, धर्म परिवर्तन किया उसे? यानी संदर्भ है कि देश किसे आदर्श माने।

एजेंडा के बारे में जानकारी देते हुए मुकुंद ने स्पष्ट किया कि संघ स्थापना के100 वें वर्ष की प्रतिनिधि सभा में संघ कार्य से सामाजिक प्रभाव और समाज में बदलाव लाने पर चर्चा,विचार-विमर्श होगा। सारे वक्तव्यों से स्पष्ट हुआ कि संघ शताब्दी के दौरान विशिष्ट गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेगा जो विस्तार तथा सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित होगा। इसके संदर्भ में लक्ष्य से संबंधित सूत्रों का आधार दिया गया तो उसके अनुसार आगे की कार्य योजनाएं। तीन सूत्र दिए गए- 1. आत्मचिंतन करना, 2. संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए समर्थन के लिए आभार प्रकट करना तथा 3. सबके वक्तव्य का स्वर था कि राष्ट्र तथा समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करना है। दत्तात्रेय ने कहा कि संघ का उद्देश्य हिन्दू समाज का पुनर्जागरण रहा है, लक्ष्य हिन्दू समाज को संगठित करना है। सहसरकार्यवाह अरुण कुमार ने कहा कि संघ संगठन नहीं, समाज परिवर्तन का बड़ा जनआंदोलन है। संघ शाखाओं और राष्ट्रव्यापी गतिविधियों के माध्यम से इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए काम कर रहा है।

अब जरा कार्यक्रमों की कुछ बिंदुवार रूपरेखा देखिए। 1. शताब्दी वर्ष में विजयादशमी को संघ गणवेश में स्वयंसेवकों के मंडल, खंड व नगर स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 2. नवंबर से जनवरी तक घर-घर संपर्क अभियान चलेगा। 3. सभी मंडलों और बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित कर प्रत्येक के जीवन में एकता और सद्भाव, राष्ट्र के विकास में सभी का



योगदान और संघ द्वारा घोषित शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन अर्थात परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्व का भाव, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी का संदेश दिया जाएगा। 4. सामाजिक सद्भाव बैठकें आयोजित कर सांस्कृतिक आधार और हिन्दू चरित्र को खोए बिना आधुनिक जीवन जीने का संदेश दिया जाएगा। 5. नागरिक संवाद आयोजित कर राष्ट्रीय दृष्टि से स्थापित नकारात्मक और विकृत नैरेटिव या विमर्श की जगह सही विमर्श स्थापित करने कोशिश होगी। इतने कार्यक्रमों के बाद शताब्दी वर्ष में लाखों लोग उनसे जुड़ते हैं तो किसी के लिए छाती पीटने का कारण नहीं होना चाहिए।

सरकार्यवाह द्वारा प्रतिनिधि सभा के आरंभ में प्रस्तुत प्रतिवेदन में वर्ष भर के कार्यों के विवरण के साथ वर्तमान संगठन की स्थिति के आंकड़े उपलब्ध हैं। किसी को भी वह संघ की वेबसाइट पर मिल जाएगा। इसके अनुसार इस समय देश में लगभग एक करोड़ स्वयंसेवक हैं। शताब्दी वर्ष में संघ विस्तार और सुंदृढ़िकरण के लिए 2,453 स्वयंसेवक आगे आए और विस्तारक बने गये। वो सब अपनी क्षमता के अनुरूप या थोड़ा भी काम करेंगे तो इसका असर होगा। संघ में युवाओं की संख्या यूं ही नहीं बढ़ रही है। इस वर्ष आयोजित कुल 4,415 प्रारंभिक वर्गों में 2 लाख 22 हजार 962 स्वयंसेवक शामिल हुए, जिनमें 1 लाख 63,000 14 से 25 आयु वर्ग और 20 हजार से अधिक 40 वर्ष से ऊपर के आयु के थे। अरुणाचल में 1999 में काम शुरू हुआ और 274 शाखाएं लग रहीं हैं। तमिलनाडु में जहां कार्य न के बराबर था वहां शाखाओं की संख्या चार हजार पार कर गई है। 1925 में संघ की स्थापना हुई और 1940 तक सभी प्रांतों में पहुंचे तो 1972 तक सभी जिलों में, 1996 तक सभी नगर और प्रखंडों तक पहुंच गए और अभी देश के सभी मंडलों (एक मंडल दस से बारह गांवों को मिलाकर बनाया गया है) तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। प्रतिवेदन में आए आंकड़ों के अनुसार 51 हजार 570 स्थानों पर प्रतिदिन 83 हजार 129 शाखाएं चलती हैं। साप्ताहिक शाखाओं और मिलन की कुल संख्या 1 लाख 15 हजार 276 है। संघ को अभी भी शहरी मध्य वर्ग और कुछ व्यापारियों का संगठन मानने वालों को दत्तात्रेय द्वारा दी गई इस जानकारी पर ध्यान देना चाहिए कि विस्तार में ग्रामीण मंडलों पर केंद्रित करते हुए देश को 58 हजार 981 ग्रामीण मंडलों में विभाजित किया है, जिनमें से 30 हजार 717 मंडलों में दैनिक शाखाएँ और 9 हजार 200 मंडलों में साप्ताहिक मिलन चल रहे हैं। विस्तार का ही परिणाम है कि संघ आज समाज जीवन के हर क्षेत्र में प्रभावी रूप से सक्रिय है जिनमें शिक्षा, चिकित्सा, स्वावलंबन, सामाजिक जागरण, सामाजिक सद्भाव जैसे क्षेत्रों में करीब 90 हजार गतिविधियों का आंकड़ा दिया गया है। सामाजिक समरसता के लिए उन क्षेत्रों में विशेष काम किया जा रहा है जहांअत्यधिक छुआछूत है।

शताब्दी वर्ष के संकल्प का शीर्षक है, विश्व शांति और समृद्धि के लिए समरस और संगठित हिन्दू समाज का निर्माण। कुछ पंक्तियों को उद्धृत कर समझा जा सकता है। अनंत काल से ही हिंदू समाज एक प्रदीर्घ और अविस्मरणीय यात्रा में साधनारत रहा है, जिसका उद्देश्य मानव एकता और विश्व कल्याण है। संघ की आलोचनाओं से परे हटकर विचार करिए। हिंदुत्व का सर्वसमावेशी विचार और उसके अनुरूप भारत राष्ट्र सहित संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए कार्यक्रम का संकल्प उपयुक्त दृष्टि या सही दिशा में कार्य करने से प्राप्त उपलब्धियां के आत्मविश्वास के बिना संभव नहीं। इसमें मनुष्य को अपने परिवार, समाज, देश और फिर विश्व कल्याण तक ले जाना, उस दृष्टि से राष्ट्र निर्माण जैसे व्यापक लक्ष्य शताब्दी वर्ष में सामने रखा है। इसके कार्यों को देखें तो उसमें सुसंगति दिखाई भी पड़ती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अप्रैल फूल
योगेश कुमार गोयल



# हंसो, हंसाओ मगर किसी का भी दिल न दुखाओ

विश्वभर के लगभग सभी देशों में पहली अप्रैल का दिन 'फूल्स डे' यानी 'हंसी-ठिठोली दिवस' के रूप में ही मनाया जाता है। कोई छोटा हो या बड़ा, इस दिन हर किसी को जैसे हंसी-ठिठौली करने का बहाना मिल जाता है और लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाने की चेष्टा करते नजर आते हैं। ऐसी असत्य और मनघडंत कल्पनाओं को ही यथार्थ का रूप देकर, जिन पर कोई भी आसानी से विश्वास कर सके, किसी तरह का नुकसान पहुंचाए बिना लोग एक-दूसरे को मूर्ख बनाने का प्रयास करते हैं और प्रायः बहुत चतुर समझे जाने वाले व्यक्ति भी मूर्ख बन जाते हैं। शायद यही कारण है कि इस दिन चाहे कोई किसी का कितना ही विश्वासपात्र क्यों न हो, मस्तिष्क में यह बात विराजमान रहती है कि कहीं यह हमें मूर्ख तो नहीं बना रहा! कई बार होता यह भी है कि लोग कोशिश तो करते हैं दूसरों को मूर्ख बनाने की लेकिन इस कोशिश में खुद ही मूर्ख बन जाते हैं और जब ऐसा होता है तो वाकई बड़ा मनोरंजक माहौल बन जाता है। कभी-कभी तो इस दिन सैंकड़ों-हजारों की संख्या में भी लोग एक साथ 'मूर्ख' बनते देखे गए हैं। 'हंसी ठिठोली दिवस' केवल आम लोगों तक ही सीमित नहीं है बल्कि कई प्रसिद्ध ब्रांड, मीडिया हाउस और सरकारी संस्थाएं भी इस अवसर पर मजेदार अफवाहें या रोचक प्रचार के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करती रही हैं। कई बार बड़े समाचार पत्र और ऑनलाइन पोर्टल्स इस दिन ऐसी खबरें प्रकाशित कर देते हैं, जिन पर लोग सहज रूप से विश्वास कर बैठते हैं लेकिन अंत में पता चलता है कि वे महज 'अप्रैल फूल' मजाक का एक हिस्सा थी। इतिहास में कई बड़े-बड़े किस्से इस दिन से जुड़े हुए हैं। 1957 में ब्रिटेन के बीबीसी चैनल ने एक खबर चलाई कि स्विट्जरलैंड के किसान स्पेगेटी के पेड़ों से ताजा स्पेगेटी तोड़ रहे हैं। इस खबर को देखकर हजारों लोगों ने चैनल से संपर्क कर पूछा कि वे ऐसे पेड़ कहां से खरीद सकते हैं। इसी तरह 1996 में प्रसिद्ध फास्ट फूड चेन 'बर्गर किंग' ने घोषणा की कि उन्होंने विशेष रूप से बाएं हाथ वालों के लिए 'लेफ्ट-हैंड व्हॉपर' बर्गर बनाया है। इस खबर पर हजारों लोगों ने विश्वास कर लिया और कुछ ने तो यह भी पूछ लिया कि क्या उनके लिए 'राइट-हैंड व्हॉपर' बर्गर उपलब्ध है। तकनीकी और डिजिटल युग में भी यह परंपरा और तेजी से विकसित हुई है।

कभी-कभार इस अवसर पर ऐसे दिलचस्प मामले भी सामने आते रहे हैं, जब लोग इस दिन सच्ची खबर पर भरोसा नहीं करके भी 'अप्रैल फूल' बन गए और बाद में बहुत पछताए। ऐसा ही एक वाकया 2015 में न्यूजीलैंड में सामने आया था, जब वहां के एक बड़े अखबार 'न्यूजीलैंड हेराल्ड' में दुनिया की विख्यात कार निर्माता कम्पनी बीएमडब्ल्यू ने 'अप्रैल फूल्स डे स्पेशल ऑफर' का विज्ञापन दिया। विज्ञापन में कम्पनी की ओर से दावा किया गया कि जो भी व्यक्ति इस विज्ञापन के साथ छपे कूपन को लेकर इस दिन सबसे पहले कम्पनी के शोरूम पहुंचेगा, उसे उसकी किसी भी पुरानी कार के बदले बिल्कुल नई बीएमडब्ल्यू कार दी जाएगी। लोगों ने इस विज्ञापन को कार निर्माता कम्पनी का अप्रैल फूल बनाने का हथकंडा समझा। टियाना मार्श नामक एक महिला अपनी किस्मत आजमाने की सोचकर अपनी 15 वर्ष पुरानी कार लेकर कम्पनी के शोरूम पहुंच गई। शोरूम में पहुंचने वाली वह एकमात्र व्यक्ति थी और वहां पहुंचकर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, जब उसे उसकी खटारा कार के बदले वाकई 50 हजार डॉलर वाली चमचमाती बीएमडब्ल्यू कार की चाबी कम्पनी द्वारा सौंप दी गई।

वैसे 1 अप्रैल को 'फूल्स डे' के रूप में मनाए जाने का कारण यही माना जाता रहा है कि पुराने जमाने में चूंकि नए साल की शुरूआत 1 अप्रैल से ही होती थी, अतः लोग इस दिन को हंसी-खुशी गुजारना चाहते थे ताकि उनका पूरा साल हंसी-खुशी बीते। लोगों की इसी धारणा के चलते 1 अप्रैल को 'हास्य दिवस' के रूप में मनाने की परम्परा शुरू हुई थी लेकिन धीरे-धीरे लोगों का उत्साह इस दिवस के प्रति कम होने लगा तो कुछ लोगों ने इस दिन कृत्रिम हास्य के जरिये दूसरों को बेवकूफ बनाना शुरू कर दिया। लोगों को भी यह अंदाज इतना पसंद आया कि इस परम्परा ने धीरे-धीरे 'फूल्स डे' का रूप ले लिया। 'अप्रैल फूल' बनाने की पश्चिमी देशों में शुरू हुई यह परम्परा भारतीय संस्कृति में कब और कैसे प्रवेश कर गई, पता ही नहीं चला लेकिन भले ही इस परम्परा पर पाश्चात्य संस्कृति का रंग बहुत गहरा चढ़ा है पर यदि हम इस परम्परा में निहित उद्देश्यों को गहराई में जाकर देखें तो गौरवशाली भारतीय संस्कृति के आधार पर भी यह परम्परा गलत नहीं ठहराई जा सकती।

(लेखक परिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
## दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

# मृत्यु के बाद के साथी



संकलित
## प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूं। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूं। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूंगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

## गुड़ी पड़वा



**इंदौर।** हिंदू नववर्ष की शुरुआत के अवसर पर 'गुड़ी पड़वा' त्योहार के अवसर पर पारंपरिक पोशाक में सजी युवतियों ने रविवारको मध्य प्रदेश के इंदौर में जुलूस में शामिल हुईं।

## आज की पाती

### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है।

*- चंद्रशेखर साहू, भाटापारा*

## ट्रेंड


### ईद मुबारक



ईद-उल-फित्र की हार्दिक बधाई। यह त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। यह त्योहार आपके लिए खुशहाली लाए और आपको आपके सभी प्रयासों में सफलता मिले। ईद मुबारक।

**-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### ईद भाईचारे का संदेश



ईद की हार्दिक बधाई, ईद-उल-फित्र का त्योहार खुशी और मेल-मिलाप का संदेश लेकर आता है। यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी**

### कश्मीर को पहली वंदे भारत



पीएम नरेन्द्र मोदी 19 अप्रैल को कश्मीर के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को कटरा से हरी झंडी दिखाएंगे और इसी के साथ 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल संपर्क परियोजना पूरी हो जाएगी।

**-जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री**

### इतनी बैरिकैडिंग क्यों



भाजपा देश को संविधान के अनुरूप नहीं चला रही है। ईद के मौके पर इतनी बैरिकेडिंग क्यों की गयी? इसे तानाशाही कहना चाहिए या 'आपातकाल'? मैंने कभी ऐसी बैरिकेडिंग नहीं देखी, जो लोगों को उनके त्योहार मनाने से रोकने के लिए की गयी हो। **-अखिलेश यादव, पूर्व सीएम**

## करंट अफेयर


# दक्षिण अफ्रीका के मंदिरों में हनुमान चालीसा वितरित



दक्षिण अफ्रीका में एक प्रमुख हिंदू संगठन ने देश भर के आठ मंदिरों में हनुमान चालीसा की 60,000 छोटी प्रतियां वितरित की हैं। 'एसए हिंदूज' संगठन के सदस्यों ने ग्वातेंग प्रांत के विभिन्न क्लबों के मोटरसाइकिल सवार लोगों के नेतृत्व में रविवार को वितरण अभियान चलाया और उन्होंने जरूरतमंदों में वितरित करने के लिए लगभग दो टन किराने का सामान भी एकत्र किया। 'एसए हिंदूज' की संस्थापक पंडिता लूसी सिगबन ने कहा, हमें यह देखकर बहुत खुशी हुई कि बहुत सारे भक्त मंदिरों में आए और खासकर क्वाजुलू-नताल (केजेडएन) जैसे पास के प्रांतों के भी लोग इस पहल का बड़े ही उत्साह के साथ समर्थन कर रहे थे। दक्षिण अफ्रीका के हिंदुओं ने सबसे पहले 24 अगस्त 2024 को भक्ति के उत्सव के दौरान 'शेरेनो प्रिंटर्स' और 'इलेक्ट्रो ऑनलाइन मीडिया' के साथ साझेदारी में 10 लाख हनुमान चालीसा की प्रतियां वितरित करने की पहल की शुरुआत की। उनकी योजना 2029 तक हनुमान चालीसा की 10 लाख प्रतियां वितरित करने की है।

## ऑफ बीट

# जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए है बहुत सारे शब्द



आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है : ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है : एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल। राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग-अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग-अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# चिरंजीवी ने शुरू की 'मेगा 157' की शूटिंग

**मुंबई।** मेगास्टार चिरंजीवी ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसका संभावित नाम 'मेगा 157' है। अभिनेता ने इस फिल्म के लिए निर्देशक अनिल रविपुडी के साथ मिलकर काम किया है। चिरंजीवी ने उगादी के अवसर पर फिल्म के सेट से कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जो नई शुरुआत का प्रतीक है। फिल्म को अभिनेता वेंकटेश दग्गुबाती ने लॉन्च किया, जिन्होंने पहले फिल्म के क्लैपबोर्ड के साथ पोज दिया और फिर मेगास्टार के साथ गले मिले। चिरंजीवी ने 'मेगा 157' के पूजा समारोह से कई तस्वीरें साझा कीं।

लाइफ Style

# अदिति
## 'गजगामिनी चाल' पर नहीं मिला काम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने बीते साल नेटफ्लिक्स की सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में अपनी गजगामिनी चाल वाले डांस से सबका दिल जीत लिया था। अदिति राव की तारीफ उन लोगों ने भी की थी जिन्हें सीरीज पसंद नहीं आई थी।

डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की ये सीरीज काफी सुर्खियों में रही थी। अदिति राव हैदरी को भी सीरीज में निभाए किरदार 'बेबो जान' के लिए खूब तारीफें मिली थीं। लेकिन तारीफों के बाद भी अदिति राव को काम नहीं मिल रहा है। इसका दुखड़ा खुद अदिति राव हैदरी ने बताया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में हैदराबाद के शाही परिवार की लाडली अदिति राव ने बताया कि तारीफों के बाद भी काम का इंतजार है।

अदिति राव ने हाल ही में फराह खान के ब्लॉग्स में बताया कि भले ही उन्हें हीरामंडी के लिए खूब सराहा गया था लेकिन इसका कोई खास फायदा नहीं हुआ है। क्योंकि किसी ने भी अदिति राव को काम ऑफर नहीं किया है। अदिति बताती हैं, 'हीरामंडी जब रिलीज हुई तो लोगों ने इसकी खूब तारीफ की। लगातार कई दिनों तक लोगों से मैं तारीफें सुनती रहीं। मेरे किरदार को लेकर भी लोग खूब सराहना करते रहे। इसके बाद भी मुझे सीरीज के बाद काम नहीं मिला। सीरीज के बाद से काम का इंतजार रहा। ये काफी बुरा अहसास कराने वाली बात साबित हुई।' अदिति ने इस सीरीज में एक क्रांतिकारी तवायफ का रोल निभाया था।




हॉलीवुड मसाला




# डेबोरा ने पहले रखी नई शर्तें...

**लॉस एंजिलिस।** 27 साल शादी में रहने के बाद साल 2023 में ह्यू जैकमैन और डेबोरा-ली फर्नेस ने तलाक का ऐलान किया था। दोनों के अलग होने की खबरों ने फैंस से लेकर इंडस्ट्री के लोगों को भी हैरान कर दिया था। मगर इस मामले में हैरानी की बात है कि अभी तक दोनों कानूनी तौर पर अलग नहीं हो पाए हैं। जनवरी में, कपल न्यूयॉर्क में तलाक के लिए आवेदन करने से कुछ ही हफ्ते दूर थे मगर इस कहानी में एक नया टर्न आ गया है। अभिनेता की पत्नी का अब मानना है कि इस तलाक से वो अधिक पैसे की 'हकदार' है जितना कि जैकमैन उन्हें देने वाले थे।



# फिर लौटेंगे अवेंजर्स, शुरू हुई 'डूम्सडे' की शूटिंग...

**मुंबई।** मार्वल फिल्मों के दीवानों के लिए बहुत बड़ा खुशखबरी सामने आई है। 'एवेंजर्स एंडगेम' के बाद इसका अगला भाग 'एवेंजर्स डूम्सडे' आने वाला है, इसकी घोषणा मार्वल स्टूडियो द्वारा की गई। निर्माता ने स्टारकास्टों के नाम का भी खुलासा किया है। मार्वल स्टूडियो ने बीते बुधवार को जानकारी दी कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' फिल्म का निर्माण शुरु हो गया है। इसके साथ ही निर्माता ने कलाकारों के नाम का भी खुलासा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एमसीयू के कई दिग्गज कलाकार इसमें वापसी कर रहे हैं। इस नए भाग में कैप्टन अमेरिका, बकी बार्न्स, एंट मैन और लोकी के रूप में सभी एवेंजर्स इस भाग में वापस आ गए हैं। हालांकि, आयरन मैन इसमें नहीं नजर आएंगे। एंथनी और जो रूसो द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सुपर विलेन डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे।



# देश को बड़े खतरे से बचाने निकले...

**मुंबई।** साउथ स्टार कार्ति की मच अवेटेड फिल्म 'सरदार 2' के मेकर्स ने सोमवार को ईद के मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। मेकर्स ने सफल जासूसी फिल्म के अगले भाग का आज फर्स्ट लुक और टीजर वीडियो जारी कर दिया गया है। इस फिल्म के जरिए कार्ति एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं। 'सरदार 2' के मेकर्स ने ईद के मौके पर कार्ति के फैंस का दिन बना दिया है। मेकर्स ने फिल्म का एक टीजर वीडियो जारी किया है, जिसे प्रोलॉग वीडियो बताया है। लगभग तीन मिनट लंबे इस वीडियो में कार्ति जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। टीजर की शुरूआत में चीनी सेना दिखती है। चीनी सेना एक व्यक्ति से पूछती है कि क्या डेलीगेट अभी भी अंदर है? व्यक्ति कहता है हां, दरवाजा बंद हुए एक घंटा हो चुका है।



# साझा की 'थामा' के सेट से तस्वीर...

**मुंबई।** आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'थामा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। ये फिल्म दिनेश विजन और अमर कौशिक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म के कलाकार अक्सर फिल्म से जुड़ी तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। अब अभिनेता आयुष्मान खुराना ने फिल्म की शूटिंग के दौरान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। आयुष्मान खुराना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'थामा' के सेट से एक तस्वीर साझा की है। ये तस्वीर शूटिंग के वक्त की है। आयुष्मान की तस्वीर में शूटिंग के उपकरण नजर आ रहे हैं, साथ ही सेट पर कई लोग भी दिखाई पड़ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ आयुष्मान ने हैशटैग थामा के साथ लिखा है 'ग्रेवयार्ड शिफ्ट'।

टीवी मसाला



# क्या काजल पिसल निभाएंगी दया बेन की भूमिका?

**मुंबई।** टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' लंबे वक्त से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो का हर किरदार बेहद खास है और दर्शकों से सीधे तौर पर जुड़ा है। मगर, जेठालाल और दयाबेन की बात ही अलग है। दयाबेन का किरदार अभिनेत्री दिशा वकानी ने बड़ी ही खूबसूरती से अदा किया। साल 2017 में वे मैटरनिटी लीव पर चल गईं। तब से फैंस शो में उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, अब दिशा वापस नहीं आएंगी। शो के निर्माता असित मोदी भी इसकी पुष्टि कर चुके हैं। कहा जा रहा है कि मेकर्स को दिशा का रिप्लेसमेंट भी मिल गया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए जा रहे हैं कि अभिनेत्री काजल पिसल अब 'तारक मेहता' शो में दयाबेन की भूमिका करती दिखेंगी। इस तरह के कयासों पर खुद काजल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे दावों को फेक न्यूज बताया है। काजल ने स्पष्ट किया है कि वे 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दयाबेन की भूमिका नहीं अदा कर रही हैं। हालांकि, काजल ने यह भी कहा कि उन्होंने शो के लिए ऑडिशन दिया था।

## 'सुंदरता के चक्कर में गंवाए कई प्रोजेक्ट्स'



**मुंबई।** करण वाही टेलीविजन के एक मशहूर अभिनेता हैं। वो कई धारावाहिक में नजर आ चुके हैं। हाल ही में करण वाही ने एक खुलासा करते हुए कहा कि ज्यादा सुंदर होने का भी कई बार नुकसान उठाना पड़ जाता है। अभिनेता ने कहा कि सुंदरता के चक्कर में बहुत प्रॉब्लम होती है। आखिर ऐसा क्या हुआ जो एक अभिनेता को इस तरह की बात कहनी पड़ी। करण वाही हाल ही में कॉमेडियन भारती सिंह के पॉडकास्ट में पहुंचे थे। यहां उन्होंने अपने करियर और आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर बात की। इस दौरान करण ने अपने साथ हुए एक वाकये को भी बताया, जिसमें उन्हें सुंदर होने के चक्कर में नुकसान हो गया। अभिनेता ने कहा, "मुझे मुख्य अभिनेता की तुलना में ज्यादा सुंदर होने के कारण कई प्रोजेक्ट्स से हाथ धोना पड़ा है। हालांकि, ये बात मुझे कभी सामने से नहीं बताई गई, बल्कि मुझे दूसरों से इसके बारे में पता चला। मुझे इसके पीछे की सोच कभी समझ में नहीं आती। अगर मैं किसी शो में लीड एक्टर हूं, तो भी मैं उसमें वैल्यू ऐड करूंगा न।

# फैंस के बीच फंसे कार्तिक वायरल हो रहा वीडियो...

**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन इस समय अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह भीड़ से गुजरते हुए दिखाई दे रहे हैं। जानिए आखिर क्या हुआ ऐसा कि अभिनेता को फैंस ने घेरा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कार्तिक आर्यन सड़क पर फैंस के बीच घिरे नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में अभिनेता अपने प्रशंसकों से तस्वीरें खिंचाते दिख रहे हैं और ऑटोग्राफ भी देते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो गंगटोक का बताया जा रहा है। वहां मौजूद अभिनेता की गाड़ी को सुरक्षाकर्मियों ने घेर रखा है। कुछ देर फैंस से मिलने के बाद वह अपनी गाड़ी में चले जाते हैं। अनुराग बसु के निर्देशन में कार्तिक आर्यन और श्रीलीला अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभी हाल ही में उन्होंने सिलीगुड़ी में शूटिंग समाप्त की है, जिसकी एक तस्वीर दोनों ने अपने इंस्टग्राम पर शेयर की थी, जिसे फैंस द्वारा खूब पसंद किया गया था। इस फिल्म को लेकर चर्चा काफी तेज है। इससे पहले शूटिंग सेट से दोनों की बाइक पर सैर करते तस्वीरें भी वायरल हो चुकी हैं।




# 'सिकंदर' की ईद पर 26 करोड़ की फीकी कमाई




*मुंबई। निर्माता साजिद नाडियाडवाला और निर्देशक ए आर मुरुगादॉस की फिल्म 'सिकंदर' की रिलीज के पहले दिन इसे मिले स्क्रीन्स और शोज की संख्या आप जानेंगे तो हैरान रह जाएंगे। करीब 5500 स्क्रीन्स पर एक साथ रिलीज हुई फिल्म के रविवार को करीब 22 हजार शोज की तैयारी इसके मेकर्स ने की। लेकिन, इतने तामझाम के साथ रिलीज हुई फिल्म 'सिकंदर' का मुकद्दर अच्छा नहीं दिख रहा। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन रात 10 बजे तक सिर्फ 26 करोड़ रुपए की कमाई की। दो सौ करोड़ रुपए में बनी किसी फिल्म के लिए ये ओपनिंग अच्छी शुरुआत नहीं है। सलमान खान की आखिरी फिल्म साल 2023 में रिलीज हुई थी। यशराज फिल्म्स की इस पिक्चर 'टाइगर 3' ने भी रिलीज के पहले दिन अपने बजट का 20 फीसदी कलेक्शन नहीं किया था, लेकिन इसका पहले दिन का कलेक्शन 44.50 करोड़ रुपये था और इसे सम्मानजनक माना जा सकता है।*

# ओटीटी पर उपलब्ध हैं ये बॉलीवुड-हॉलीवुड की धांसू फिल्में, घूम जाएगा दिमाग...

*मुंबई। अप्रैल के पहले सप्ताह पर घरवालों के साथ ओटीटी पर देखिए ये बेहतरीन फिल्में। इस लिस्ट में देवा से लेकर मुफासा तक शामिल हैं। जानिए किस प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे ये शानदार बॉलीवुड-हॉलीवुड फिल्में। तो देर किस बात की इन फिल्मों का वीकेंड पर जमकर मजा लीजिए...*




**देवा :** शाहिद कपूर की फिल्म देवा इस लिस्ट में पहले नंबर पर है। यह फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म 2013 की मलयालम फिल्म मुंबई पुलिस का रीमेक है। सिनेमाघरों में यह फिल्म फ्लॉप रही थी, लेकिन अब इसे नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया है।

**विदुथलाई पार्ट 2 :** विजय सेतुपति अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। उनकी फैन फॉलोइंग साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी है। विदुथलाई पार्ट 2 में क्रांतिकारी पेरुमल वाथियार की कहानी दिखाई गई है। इस फिल्म को वेत्रिमारन ने डायरेक्ट किया है। पहला पार्ट पहले ही ओटीटी पर आ चुका है और अब इसका दूसरा पार्ट जी5 पर उपलब्ध है।





**द लाइफ लिस्ट :** द लाइफ लिस्ट एक हॉलीवुड फिल्म है, जिसमें एक युवा लड़की की कहानी है। उसकी जिंदगी अपनी मां एलिजाबेथ की मौत के बाद बदल जाती है। यह 28 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

**डेन ऑफ थीव्स 2 :** डेन ऑफ थीव्स 2 एक हॉलीवुड फिल्म है। इसमें धमाकेदार एक्शन देखने को मिलेगा। यह फिल्म भी 28 मार्च को रिलीज हो चुकी है। इसे लायन्सगेट प्ले पर देखा जा सकता है। इस फिल्म में बिग निक ओ ब्रायन का किरदार फिर से नजर आएगा।



**मुफासा - द लॉयन किंग :** एनिमेटेड फिल्म मुफासा - द लॉयन किंग ने सिनेमाघरों में धूम मचाई थी। अब यह ओटीटी पर उपलब्ध है। डिज्नी ने अपने एक्स हैंडल पर इसकी ओटीटी रिलीज की घोषणा की थी। यह फिल्म 26 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो चुकी है। यह 2019 की फिल्म द लॉयन किंग का प्रीक्वल है।



# कपिल ने फैंस को दिखाई अपनी नई फिल्म की झलक...



**मुंबई।** कॉमेडी के किंग कहे जाने वाले कपिल शर्मा अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। कपिल शर्मा ने अपनी नई फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट दी है। आज ईद के मौके पर कपिल ने अपनी नई फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। ईद के मौके पर कपिल शर्मा ने अपने फैंस को ईदी दी है। कपिल ने अपनी पहली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं' के दूसरे भाग 'किस किसको प्यार करूं 2' का पहला पोस्टर आज जारी कर दिया है। इस पोस्टर में कपिल दूल्हे के रूप में नजर आ रहे हैं और उनके साथ दुल्हन के जोड़े में एक लड़की भी खड़ी है। हालांकि, दुल्हन लंबा घूंघट किए हुए है, इसलिए चेहरा नजर नहीं आ रहा है। इस पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए कपिल ने कैप्शन में सिर्फ ईद मुबारक लिखा है। साथ में कुछ इमोजी मेंशन किए हैं।



# ईदगाह मे हजारों मुस्लिमों ने अदा की ईदुल फित्र की नमाज

## वक्फ कानून में बदलाव मंजूर नहीं : मौलाना

**हरिभूमि, जबलपुर। ईद उल फित्र पर ईदगाह कला में अपनी तकरीर में मुफ्ती-ए-आजम मप्र मौलाना मुसाहिद रजा कादरी ने कहा कि हिंदुस्तान की सरकार वक्फ कानून में जो बदलाव करना चाहती है उसे हम कतई मंजूर नहीं करेंगे, क्योंकि बदलाव करने के पीछे का मकसद वक्फ की सम्पत्ति पर नजर गड़ाना है, इसलिए जंगल चले जाओ वहां बहुत सम्पत्ति है, वक्फ कानून में बदलाव की हम पुरजोर मुखालफत करेंगे। मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश मौलाना मुशाहिद रजा ने कहा इस्लाम वो मजहब है जिसने कैसे जीना है इस पर हर तरह से जानकारी दी है।**

प्रत्येक मुसलमान पर पांच वक्त की नमाज फर्ज है लेकिन बीमार, बुजुर्ग और महिलाओं, बच्चों को परिस्थिति के अनुसार छूट भी है। मुसलमानों को तालीम हासिल करना चाहिए, बच्चों को मोबाइल से दूर करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हिंदुस्तान में सदियों से अलग अलग धर्मों व मजहबों को मानने वाले मिल जुल कर त्यौहार मना रहे हैं। कौमी एकता हमारे मुल्क की पहचान है। सभी लोग अपने धार्मिक व मजहबी उसूलों के प्रति पाबंद रहकर एक दूसरे का सम्मान करते हुये हिन्दुस्तान की तरक्की खुशहाली में हाथ बंटाये। इस्लाम में पांच प्रमुख स्तम्भ हैं, जिनमें कलमा, नमाज, रोजा, हज और जकात हैं। इस अवसर पर विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, दिनेश यादव, सहित तमाम जनप्रतिनिधियों ने ईद की मुबारकबाद दी।

### सजदे मे झुके सर

तक़रीर के उपरांत नायबे मुफ्ती-ए-आजम हज़रत सूफी जियाउल हक कादरी बुर्हानी ने प्रातः 10:30 बजे ईदुल फ़ित्रि की नमाज अदा कराई। लगभग 50 हजार मुस्लिमों ने एक साथ ईदगाह रानीताल मे नमाज अदा की। ईदगाह मे अल्लाहो अकबर की गूंज पर हज़ारो सर एक साथ सजदे में झुक गए। नमाजोपरांत ईदुल फ़ित्रि का खुत्बा पढ़ा गया। अंत मे मौलाना साहब ने अमन शांति व खुशहाली की दुआएँ की। नमाज अदा करने के बाद नमाज़ियो ने आपस मे गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की। ईदगाह के प्रवेश द्वार पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनो के कार्यकर्ता, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने मौलाना साहब व मुस्लिम बंधुओ से गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दी।

### मोमिन ईदगाह जबलपुर

मोमिन ईदगाह गोहलपुर मे प्रातः 8 बजे हजारों की तादाद मे मुसलमानों ने ईदुल फ़ित्रि की नमाज अदा की। हाफिज मोहम्मद ताहिर साहब ने ईद की नमाज अदा कराई।

### अलसुबह से शुरूआत

प्रातः काल से ही ईदगाह कला रानीताल मे नमाज़ियो का आगमन शुरू हो गया था। आसपास के गाँव देहातों से भी बड़ी संख्या मे नमाजी ईदगाह पहुँचे। जो पहले आये, वे अगली सफों मे बैठे, देर से आने वालों को पिछली कतारों मे जगह मिली। धीरे-धीरे पूरी ईदगाह नमाज़ियो से भर गई। 10 बजे मुफ्ती-ए-आज़म मौलाना डॉ.मुशाहिद रजा कादरी एवं नायाब मौलाना जिलाउल हक कादरी बुर्हानी साहब तशरीफ लाये। अक़ीदतमंदो ने नारा-ए-तकबीर अल्लाहो अकबर के मौलाना साहब का इस्तक़बाल किया।

### गढ़ा ईदगाह

उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा स्थित काजी मुहल्ला मे क्षेत्रीय मुस्लिमों ईदुल फ़ित्रि की नमाज अदा की हाफिज कारी मौलान अमीर अशरफ ने ईद की नमाज अदा कराई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय मे सेवारत मुस्लिम कर्मचारियों तथा मुस्लिम विद्यार्थीयों ने भी गढ़ा ईदगाह मे ईदुल फ़ित्रि की नमाज अदा की। नमाज़ोंपरांत नमाज़ियो ने आपस में गले मिलकर एक- दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

### शिया जामा मस्जिद

फूटाताल स्थित शिया जामा मस्जिद जाकिर अली मे प्रातः 10 बजे शिया मुस्लिमों ने ईद की नमाज अदा की। मौलाना सैय्यद हैदर मेहदी साहब ने ईदुल फ़ित्रि की नमाज अदा कराई। शिया बहुल क्षेत्र गलगला बेलबाग टोरिया मे दिन भर ईद की चहल पहल रही।

### सदर ईदगाह

सदर ईदगाह में जियाउर रजा चांद कादरी ने ईद की नामाज अदा कराई। नामाज उपरांत सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद पेश की। इसी तरह आगा दरगाह में मौलाना सुल्तान अहमद ने ईद उल फित्र की नामाज अदा कराई।

### ईद की मीठी सेवाईया

मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मे दिन भर खुशी और हर्षोल्लास का माहौल छाया रहा। मुस्लिम परिवारों मे ईद की मीठी सेवाईया खाने-खिलाने का दौर चलता रहा। मुस्लिमों ने अपने हिंदू मित्रों को भी दावत दी तथा ईद की मीठी सेवाईया पेश कर दोस्ती और भाईचारे की मिठास बढ़ाई। मासूम बच्चें भी सुबह से नमाज पढ़कर अपने परिवारजनों से ईद की ईदी लेने पहुँचे और फिर ईदी लेकर मुस्लिम मोहल्लों मे लगे झूले व अन्य खाने पीने के आईटमो का लुत्फ उठाया। झूले पर बच्चों सहित बड़ों ने भी आनंद लिया। मुस्लिम बस्तियों मे पूरे दिन चहल- पहल बनी रही। जनप्रतिनिधि गण व अन्य धर्मावलंबी सभी ने मुस्लिम बस्तियों मे आकर मुस्लिम बंधुओ को ईद की मुबारकबाद पेश की।

## मस्जिदे आईसा में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई



**जबलपुर।** जबलपुर के अमखेरा आईसा नगर स्थित मस्जिदे आईसा में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई, जिसमें सैकड़ों की तादाद में मुस्लिम समाज के नमाजियों ने मस्जिद में पहुंचकर नमाज पढ़ी, मोहम्मद अरक़म ने नमाज अदा कराई। नमाज के हाफिज साहब ने तकरीर बयान की एवं दीन की बातें बताईं और अल्लाह के बताये रास्ते पर चलने की बात बताई। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की एवं देश दुनिया शहर में अमन चैन सौहार्द की दुआ मांगी। इस अवसर पर समाजसेवी कदीर खान कज्जू, अब्दुल मजीद खान, मोहम्मद रियाज़ खान, मोहम्मद अजीज़ खान, अब्दुल तवाफ़, मोहम्मद कलीम खान एवं अन्य लोगों की मजूदगी रही, सभी ने जबलपुरवासियों को ईदुल फित्र की मुबारक़बाद, शुभकामनाएं दी।

## हरि मेहरा व बलराम झारिया हुए सम्मानित



**जबलपुर।** झारिया कल्याण संघ जबलपुर द्वारा 29 मार्च को आहूत की गई आय-व्यय की बैठक के दौरान 23/3/2025 को हुये सम्मेलन के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर मीडिया प्रभारी हरि मेहरा एवं युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बलराम झारिया को संघ द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पूर्व संघ के महासचिव मथुरा प्रसाद झारिया एवं कोषाध्यक्ष भगवत प्रसाद झारिया द्वारा सम्मेलन के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया एवं कार्यकारिणी का अनुमोदन प्राप्त किया गया। इस दौरान संघ मुख्यालय दयानगर में डॉ . एनपी झारिया, गणेश सिंह झारिया, मथुरा प्रसाद झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, भीकम झारिया, रामेश्वर प्रसाद झारिया, सोमराज झारिया, अजय झारिया एवं बलराम झारिया इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मोमिन ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई

**जबलपुर।** मोमिन ईदगाह गोहलपुर में अंसारी समाज और एक्शन कमेटी के तत्वावधान में ईद उल फितर की नमाज हाफिज ताहिर साहब ने अदा कराई, हाफिज ताहिर ने नमाज के बाद मुल्क की तरक्की व अमन चैन की दुआ मांगी, पूर्व में मुस्तफा अंसारी, सरदार इरशाद अंसारी, हाजी शेख निजामी ने मेहमानों की अगवानी की और अच्छा संचालन किया। हाफिज मो सलीम ने नमाज की नियत बतलाई। नमाजोपरांत इमाम हाफिज ताहिर का फूलमाला और दस्तारबंदी से स्वागत किया गया। सरदार हाजी हकीम बाबा और सरदार मुख्तार अंसारी, याकूब अंसारी ने ईदगाह से संबंधित रिपोर्ट पेश की। सम्बंधित विभागों के सहयोग के लिए आभार पार्षद वकील अंसारी ने किया, पार्षद शफीक हीरा, अकील अंसारी, गुलाम सरवर, सगीर अहमद का सहयोग सराहनीय रहा।

## सम्राट विक्रमादित्य की शौर्य गाथा का किया मंचन



**जबलपुर।** सृष्टि के आरंभ दिवस और भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरुआत पर गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में भगवान सूर्य की उपासना की गई और पूरे विधि विधान से सृष्टि के रचियता भगवान ब्रह्मा के प्रतीक ब्रह्मध्वज की स्थापना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भगवान सूर्य के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर केंद्रित नाटक का मंचन किया गया। नाटक में बताया कि सम्राट विक्रमादित्य पराक्रमी, न्यायप्रिय और विद्वान शासक थे, जिन्होंने न केवल भारत, बल्कि पड़ोसी देशों तक प्रतिष्ठा स्थापित की। विक्रमादित्य की छवि एक सार्वभौमिक सम्राट की थी, जो केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, साहित्यिक और न्यायिक रूप से भी अद्वितीय थे। विक्रमादित्य की सार्वभौम छवि और उनकी व्यापक सत्ता के प्रमाण ऐतिहासिक ग्रंथों, लोककथाओं और पुरातात्विक अवशेषों में मिलते हैं विक्रमादित्य ने आक्रांताओं को पराजित कर विक्रम संवत शुरू किया। प्रस्तुति देने वाले कलाकार थे पराग तेलंग, विनय शर्मा, रविन्द्र मुरहार, पलक गुप्ता, मानसी सोनी, अंकिता गिनारा, अलीशा केशरवानी, अनिकेत अहिरवार, अमन राजपूत, देवेंद्र झरिया, शंकर भूमिया, कृष नामदेव, अनिकेत सोनी, ऋतिक साहू, प्रबंधन/ वेशभूषा- दविन्दर सिंह ग्रोवर, मार्गदर्शन संजय गर्ग, लेखक- प्रसन्न सोनी, संगीत- अभिषेक त्रिपाठी का था।कार्यक्रम में विधायक अजय विश्नोई एवं अशोक रोहाणी, गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया के स्वतंत्र निदेशक और प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, समाजसेवी और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष, डॉ. जीतेन्द्र जामदार, माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव, संभागायुक्त अभय वर्मा, कलेक्टर दीपक सक्सेना, नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव, अपर कलेक्टर मिशा सिंह एवं नाथूराम गोंड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी भी मौजूद थे।




## मत्स्य उद्यमिता में नया आयाम, क्लेवर फिश फूड्स ने जीता प्रथम पुरस्कार

**जबलपुर।**

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में 30 मार्च को आयोजित संभागीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल सह कृषि मिला 2005 में क्लेवर फिश फूड्स प्रा.लि. ने अपनी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। यह उपलब्धि मत्स्य उद्यमिता में नवीन नवाचारों और समर्पण का प्रमाण है। क्लेवर फिश फूड्स प्रा.लि. के संस्थापक डॉ. आदित्य कुमार पन्द्रे, जो कि मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर (बैच 2014-2018) के पूर्व छात्र हैं, ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका स्टार्टअप, जो Startup India- पंजीकृत हे, मत्स्य आधारित मूल्यवर्धित उत्पादों के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। डॉ. आदित्य पन्द्रे ने कहा कि यह पुरस्कार न केवल हमारी मेहनत का सम्मान है, बल्कि मत्स्य उद्योग में नए इनोवेशन को बढ़ावा देने की प्रेरणा भी देता है। इस मेले में क्लेवर फिश फूड्स प्रा.लि. ने अपने विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया, जिसमें मछली और झींगा से बने मूल्यवर्धित उत्पाद प्रमुख आकर्षण रहे। उनके स्टॉल को लोगों ने खूब सराहा और मत्स्य उत्पादों में बढ़ती रुचि को दर्शाया।

## एडीईओ संवर्ग की वित्तीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**जबलपुर।** सहायक विकास विस्तार अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष दिलीप सिंह राठौर की उपस्थिति में संघ की बैठक सत्य मेव जयते परिसर अम्बेडकर चौक में सम्पन्न हुई जिसमें शासन के वित्तीय लाभों एवं क्रमोन्नति समयमान वेतनमान की संवर्ग में विसंगतियों एवं लाभों से वंचित करने पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री मप्र शासन को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष सीएस सिरसाठ, प्रदीप तिगाड़े, अश्विनी पाठक, एचके खरे, आरके हरदहा एवं अवाक्स के प्रांताध्यक्ष देवेश कुमार चौधरी उपस्थित रहे।

## महाराणा सांगा पर टिप्पणी करने वाले सपा सांसद की सदस्यता रद्द की जाए

**जबलपुर।** पृथ्वीराज चौहान फाउंडेशन के संस्थापक ठा. दीपक सिंह राजपूत ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के नाम जबलपुर संभागायुक्त अभय वर्मा एवं कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना को ज्ञापन सौंपकर बताया कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमरवीर महाराणा सांगा पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले समाजवादी के राज्यसभा सांसद रामलाल सुमन की सदस्यता रद्द की जाए। ज्ञापन देते समय फाउंडेशन के दीपक सिंह राजपूत, अध्यक्ष कमला चौहान, सरला राजपूत, अनुराधा सिंह राजपूत, अनुज सिंह ठाकुर, एड. धीरज सिंह ठाकुर, एड. अनुराग सिंह ठाकुर, रामसिंह दिखित, एड. अभिषेक सिंह चंदेल, पूनम सिंह, आरती सिंह, चिंटू राजपूत सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ईदगाह पहुंचकर कांग्रेसजनों ने नमाजियों का किया इस्तकबाल

**जबलपुर।** इस्लाम धर्मावलम्बियों के पवित्र समाप्त रमजान के बाद सोमवार को पूरे देश में ईद का त्यौहार मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज यहां भी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में ईद की खुशियां बिखरी हुई हैं। ईदगाहकलां रानीताल में मुसलमानों ने एक साथ सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की। इस अवसर पर मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश मौलाना मुशाहिद रजा ने कहा इस्लाम वो मजहब है जिसने कैसे जीना है इस पर हर तरह से जानकारी दी है। प्रत्येक मुसलमान पर पांच वक्त की नमाज फर्ज है, लेकिन बीमार, बुजुर्ग और महिलाओं, बच्चों को परिस्थिति के अनुसार छूट भी है। मुसलमानों को तालीम हासिल करना चाहिए, बच्चों को मोबाइल से दूर करना चाहिए।

मुफ्ती-ए-आजम ने कहा कि कुदरत के कानून को ध्यान में रखें कि जिस पेड़ को जितना



काटा जाता है वह उतना ही फिर हरा-भरा हो जाता है। इसलिए लाइन लगवा कर पैसा बांटना अपनी रईसी दिखाने का प्रयास है, जकात से गरीबों की मदद की जाती है। उन्होंने कहा कि देश का मुसलमान हमेशा हुकूमत के साथ है इसलिए टैक्स चुकाईए। अपने बच्चों को दीनी तालीम दिलाईए। उन्होंने कहा कि मुसलमान कभी गलत नारा नहीं लगाता है हमारे लिए एक ही नारा काफी है नारा-ए-तकबीर, लेकिन पता नहीं कुछ लोग कहां-कहां से नारे ढूंढ लाते हैं। इस्लाम हमेशा सबके साथ मिलकर जीना सिखाता है। विधायक लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, दिनेश यादव, टीकाराम कोष्टा, झल्लेलाल जैन, जिलाध्यक्ष कांग्रेस डॉ. नीलेश जैन, पार्षद मदन लारिया, अयोध्या तिवारी, नेता प्रतिपक्ष नगर-निगम अमरीश मिश्रा, संतोष पण्डा, रज्जू सराफ आदि सहित पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने भी सबको ईद की मुबारकबाद दी।

## माँ कर्मा का डाक टिकट जारी

**जबलपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में माँ कर्मा जयंती के पावन पर्व पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रमुख अतिथि तोखन साहू, अरुण साव, उप मुख्यमंत्री पवन साय, संगठन प्रदेश महामंत्री भाजपा, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष आभा साहू, विशिष्ट अतिथि ताराचंद साहू, प्रदेश अध्यक्ष मप्र साहू, छग प्रदेश अध्यक्ष टूहल सिंह साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू एवं अनेक जनसेवकों व वरिष्ठ समाजजन उपस्थित रहे। बताया गया साहू समाज मप्र तैलिक साहू सभा की लंबित मांग थी कि माँ कर्मा का चित्र युक्त डाक टिकट जारी किया जाए, मंत्री तोखन साहू से इस बात के लिए पुनः निवेदन किया गया, जिस पर मंत्री ने मात्र 15 दिनों के प्रयास पर मांग को पूरा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जो कहती है वह करती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समाज में कार्यरत महिलाओं के सर्वांगीण विकास और पिछड़े वर्ग के कल्याण को सामाजिक विकास की शुभकामनाएं दी।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/2053/अ-6/2024-25
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. नईम/ मो. सलीम निवासी-2869 न्यू कंचनपुर शारदा कालोनी ने नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.- निर्मित रकवा/ रकवा 500 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक-13/03/2014 मृत्यु दिनांक-22/01/2025 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।
प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं. - निर्मित रकवा/ रकवा-500 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु.हे. / ग्राम -भडपुरा प.ह.नं.-22 नया 02 खसरा नं.- रकवा-500 व.फु./ हे. मनीषा शर्मा पति स्व. अनिल शर्मा बगैरा. के नाम दर्ज है।
अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 17/04/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 27/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक-27/03/2025
पेशी दिनांक-17/04/2025
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

# आज से लागू हो रहा नया टैक्स स्लैब, टैक्स में मिलेगी भारी राहत

## अब एक साल में 12 लाख रुपए तक की कमाई टैक्स फ्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण बजट 2025-26 में वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए इनकम टैक्स में महत्वपूर्ण छूट का ऐलान किया था। यह छूट 1 अप्रैल 2025 से लागू हो रही है। इसके तहत अब एक साल में 12 लाख रुपए तक की कमाई टैक्स फ्री हो जाएगी। ऐसे में इनकम टैक्स के स्लैब में बदलाव होने के बाद आपकी सैलरी 1 अप्रैल से बढ़ सकती है। यूनियन बजट 2025-26 में आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दिया गया है, जो मौजूदा वित्त साल में 7 लाख रुपए थी।

इसका मतलब है कि 7 लाख रुपए से अधिक कमाई करने वाले सैलरीड कर्मचारी 1 अप्रैल 2025 से बढ़ी हुई सैलरी पाएंगे। दरअसल उन्हें अब कम टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स काटा जाएगा। लेकिन यह राहत केवल उन्हीं कर्मचारियों को मिलेगी, जो नए टैक्स रिजिम का चुनाव करेंगे। जो लोग 7 लाख रुपए से कम कमाते हैं, उनके लिए कोई बदलाव नहीं होगा और वे इनकम टैक्स के दायरे से बाहर ही रहेंगे. इसके अलावा, जो लोग विशेष दर पर आय प्राप्त करते हैं, जैसे शेयर बाजार से कैपिटल गेन, उन्हें इस राहत का फायदा नहीं मिलेगा।

### आयकर विभाग ने यस बैंक को भेजा 2,209 करोड़ का टैक्स नोटिस




यस बैंक ने बताया कि उसे इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से 2,209 करोड़ का डिमांड नोटिस मिला है। यह नोटिस असेसमेंट ईयर 2019-20 के लिए जारी किया गया है।बैंक ने जानकारी दी कि इनकम टैक्स विभाग ने अप्रैल 2023 में 2019-20 का असेसमेंट ईयर दोबारा खोला था। यह जानकारी बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गई रेगुलेटरी फाइलिंग में दी।इनकम टैक्स विभाग की नेशनल फेसलेस असेसमेंट यूनिट ने 28 मार्च को फिर से असेसमेंट ऑर्डर पास किया। इसमें न तो कोई अतिरिक्त राशि जोड़ी गई और न ही कोई नई आपत्ति लगाई गई। यानी जिस आधार पर दोबारा जांच शुरू की गई थी, उसे खुद विभाग ने हटा दिया है।इसका मतलब यह है कि पहले जो ऑर्डर सेक्शन 144 के तहत पास किया गया था, उसमें जितनी इनकम मानी गई थी, वही इनकम अब भी मानी गई है। आयकर विभाग ने धारा 156 के तहत टैक्स डिमांड नोटिस और कैलकुलेशन शीट जारी की है, जिसमें कुल 2,209.17 करोड़ की मांग की गई है। इसमें 243.02 करोड़ का ब्याज भी शामिल है।

### आयकर विभाग ने इंडिगो पर 944 करोड़ का जुर्माना लगाया



आयकर विभाग ने इंडिगो पर 944.20 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। एयरलाइन ने इसे गलत बताया है। साथ ही इसे चुनौती देने की बात कही। इंडिगो ने कहा कि आयकर विभाग (आयकर प्राधिकरण) की मूल्यांकन इकाई ने वर्ष 2021-22 के लिए 944.20 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया है। यह आदेश इस गलत आधार पर पारित किया गया है कि आयकर आयुक्त (अपील) के मूल्यांकन आदेश के खिलाफ कंपनी द्वारा दायर अपील खारिज कर दी गई है, जबकि यह अभी भी बरकरार है और निर्णय लंबित है। कंपनी का कहना है कि आयकर प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश कानून के अनुरूप नहीं है। वह इसका विरोध करेगी और आदेश के खिलाफ उचित कानूनी कदम उठाएगी। भारतीय उद्योग परिसंघ के ग्रीन बिजनेस सेंटर (सीआईआई-जीबीसी) की रिपोर्ट में सभी नए आवासीय, वाणिज्यिक और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 15-20 प्रतिशत हरित स्थान आवंटन अनिवार्य किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पेड़ से टकराई कार, दो की मौत, दो घायल

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के नारायणा में कार के पेड़ से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान दिल्ली के हरिनगर निवासी लक्षित नेगी (22) और यश वर्मा (21) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में शामिल कार इस टक्कर के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। घायलों की पहचान यश गुप्ता (22) और हिमांशु (23) के रूप में हुई है।

### एंबुलेंस-ट्रेलर की टक्कर में दो की मौत

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में रविवार को एक ट्रेलर और एंबुलेंस की टक्कर में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। इस दुर्घटना में लाल बहादुर (40) और तारा देवी (55) की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मऊ जिले के मधुबन के रहने वाले सत्येंद्र प्रसाद अपने परिवार के साथ लखनऊ से अपने 75 वर्षीय पिता जगलाल प्रसाद का शव लेकर घर लौट रहे थे। रविवार सुबह करीब छह बजे एंबुलेंस गायघाट गांव पहुंची ही थी कि तभी बड़हलगंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने वाहन को टक्कर मार दी।

### संदिग्ध तरीकों से हथियार लाइसेंस लिया, 12 गिरफ्तार

**सुरेंद्रनगर।** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में नगालैंड और मणिपुर से संदिग्ध तरीकों से हथियार लाइसेंस हासिल करने व उनका इस्तेमाल कर हथियार खरीदने के आरोप में 21 लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनके पास से कम से कम 25 हथियार जब्त किए गए हैं। पुलिस उपाधीक्षक निकुंज पटेल ने बताया कि हिरासत में लिए गए ।

# धरती कांपी, समंदर उफान पर, म्यांमार के बाद अब टोंगा में 7.1 तीव्रता का भूकंप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यामांर में दो दिन पहले आए विनाशकारी भूकंप हजारों लोगों की जान ले ली। सड़कों पर पड़े शवों से अब भयानक दुर्गंध फैलनी शुरू हो गई है और उधर लोग अब भी अपने परिजनों की खोज में हाथों से मलबा हटाने में जुटे हुए हैं। भूकंप में 1,600 से अधिक लोगों की मौत हो गयी और अनगिनत लोग जगह-जगह मलबे में दब गए। इस बीच, प्रशांत महासागर में स्थित टोंगा के तट के पास 7.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने रविवार को इसकी पुष्टि की। भूकंप के बाद सुनामी की लहरें उठने की रिपोर्ट मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप का केंद्र टोंगा के पांगाई गांव से 90 किलोमीटर (56 मील) दक्षिण-पूर्व में था और इसकी गहराई कम थी, जिससे झटके अधिक प्रभावी रहे। सुनामी की चेतावनी टोंगा के साथ-साथ पड़ोसी द्वीप देश नियू तक बढ़ा दी गई है।



### सुनामी का खतरा

अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली के अनुसार, नियू और टोंगा के कुछ तटीय क्षेत्रों में समुद्र का स्तर सामान्य से 0.3 से 1 मीटर तक ऊपर उठ सकता है। पहले जारी चेतावनी में कहा गया था कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर के दायरे में खतरनाक सुनामी लहरें उठ सकती हैं। टोंगा की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी ने नागरिकों को समुद्र तट और निचले इलाकों से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा, जो लोग तटीय इलाकों में रहते हैं, वे तुरंत ऊंचे स्थानों पर चले जाएं या अंदरूनी इलाकों की ओर बढ़ें।



### भूकंप के लिए संवेदनशील टोंगा

टोंगा लगभग 1 लाख की आबादी वाला द्वीपसमूह है। यह भूकंप और ज्वालामुखी गतिविधियों के लिए बेहद संवेदनशील है। यह क्षेत्र 'रिंग ऑफ फायर' पर स्थित है, जो दुनिया के सबसे सक्रिय भूकंपीय इलाकों में से एक है। यह रिंग दक्षिण पूर्व एशिया से लेकर पूरे प्रशांत महासागर में फैली हुई है। अब तक किसी बड़े नुकसान या हताहतों की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन आपदा प्रबंधन टीमें स्थिति पर कड़ी नजर रख रही हैं।

## 500 युवतियों को फंसाया, पोर्न स्टूडियो में शूटिंग

# नोएडा के आरोपी दंपती यूरोपीय देशों तक में भेजते थे पोर्न फिल्में

एजेंसी ▶▶ नोएडा

नोएडा में ऑडिशन के लिए मॉडल बुलाकर आपत्तिजनक सामग्री बनाने का पर्दाफाश हुआ है। साइप्रस समेत कई यूरोपीय और अफ्रीकी देशों में यह नेटवर्क फैला है। इस सिंडिकेट में लड़कियों के लिए अलग-अलग काम होता था। लड़कियां जिस हिसाब से एक्ट करती थी उसी के हिसाब से रकम दी जाती थी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कई देशों की स्ट्रीमिंग वीडियो बनाने वाली कंपनियों के साथ नोएडा के दआरोपी पती के संबंधों की जांच कर रही है। ईडी ने दंपती के घर छापा मारकर इस अंतरराष्ट्रीय रैकेट को पकड़ा था।

ईडी ने जिस घर में कार्रवाई की वहां आपत्तिजनक कंटेंट अपलोड करने के लिए स्टूडियो बना मिला। जांच में सामने आया है कि कंपनी के डायरेक्टर उज्ज्वल किशोर और उसकी पत्नी नीलू श्रीवास्तव एडल्ट वेबकैम स्टूडियो चला रहे थे। यह रैकेट पांच साल से दोनों चला रहे थे। जांच में कई अन्य लोग भी रडार पर हैं और आने वाले दिनों में कई गिरफ्तारी हो सकती है। इस रैकेट का सरगना पहले रूस के सेक्स सिंडिकेट का हिस्सा रह चुका है। इन लोगों ने अब तक 500 से अधिक युवतियों को हायर किया है।

### ईडी ने छापा मारकर पकड़ा पूरा रैकेट

रैकेट का सरगना पहले रूस के सेक्स सिंडिकेट का हिस्सा रह चुका



### पर्पज कोड देकर खातों में मंगाई रकम

दंपती ने गलत तरीके से 'पर्पज कोड' देकर अपने बैंक खातों में विदेशी पैसा लिया। इन दोनों ने बैंकों को विज्ञापन, मार्केट रिसर्च से लेकर जनमत संग्रह के नाम पर गलत तरीके से पर्पज कोड दिए थे। दरअसल, पर्पज कोड एक विशिष्ट कोड होता है जो किसी देश के केंद्रीय बैंक द्वारा जारी किया जाता है। यह कोड अंतरराष्ट्रीय भुगतान के लिए लेनदेन की प्रकृति को स्पष्ट करता है।

### लड़कियों को 2 लाख रु. महीने कमाने का प्रस्ताव

दिल्ली-एनसीआर की कई युवतियों से सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क किया जाता था। सोशल मीडिया पर विज्ञापन में मॉडलिंग ऑडिशन की जानकारी दी जाती थी। जब युवतियां नोएडा स्थित घर पर ऑडिशन देने पहुंचती थीं तो आरोपी की पत्नी उन्हें अश्लील रैकेट का हिस्सा बनने का प्रस्ताव देती थी। इस प्रस्ताव में 1 से 2 लाख महीने कमाने का प्रलोभन दिया जाता था।

# केरल में 'थेय्यम' की धूम, पर्यटकों के लिए बना आकर्षण का केंद्र



**कन्नूर।** केरल के कन्नूर में इन दिनों पारंपरिक धार्मिक उत्सव 'थेय्यम' को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुट रहे हैं, जिनमें विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। केरल पर्यटन विभाग से जुड़े 'स्टोरी टेलर' (किस्सागो) रजीश राघवन ने बताया कि उत्तरी केरल के कन्नूर और आसपास के जिलों में थेय्यम बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें 3-4 या अधिक थेय्यम पात्र विशेष प्रकार की पारंपरिक वेशभूषा पहनकर इस कला का प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने बताया कि यह एक प्रकार का नृत्य-पूजा अनुष्ठान है, जिसमें थेय्यम के पात्र मूक-अभिनय करते हैं। थेय्यम का शाब्दिक अर्थ 'देवता का प्रतिरूप' होता है। रजीश ने बताया कि यह सदियों पुरानी परंपरा है और एक समूह कई प्रकार के थेय्यम की प्रस्तुति करता है। उन्होंने बताया कि थेय्यम का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों के चेहरे, हाथों और पैरों को विशेष प्रकार के रंगों से सजाया जाता है। साथ ही हर थेय्यम के प्रदर्शन के लिए अनोखे आभूषणों का इस्तेमाल होता है। रजीश ने बताया कि इसका आयोजन 'काव' (एक तरह का पूजा स्थल) परिसर में किया जाता है। यहां के पिनरायी गांव में थेय्यम देखने पहुंचीं ब्रिटेन की थौरा मिशेल ने बताया कि वह इस कला प्रदर्शन देखने के लिए खासतौर पर केरल आई हैं। अपने पति के साथ 21 दिनों के लिए भारत घूमने आईं 60 वर्षीय मिशेल ने बताया कि उन्हें इंटरनेट के माध्यम से थेय्यम और इसके इतिहास के बारे में पता चला और फिर उन्होंने इसका प्रदर्शन देखने का फैसला किया।

केरल पर्यटन विभाग के 'रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म' की कन्नूर शाखा से जुड़ीं शिखा अमित ने बताया कि थेय्यम एक तरह का धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें सैकड़ों साल पुराने रीति-रिवाज और परंपराएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि थेय्यम के चरित्र कभी बोलते नहीं हैं, बल्कि उनके हाव-भाव, चेहरे की अभिव्यक्ति और नृत्य प्रदर्शन से ही दर्शकों के सामने उनकी कहानी पेश की जाती है। शिखा ने बताया कि सितंबर से शुरू होने वाला थेय्यम अप्रैल के अंत तक अलग-अलग गांवों में दो से छह दिनों के लिए विभिन्न काव परिसर में आयोजित किया जाता है।

**आवश्यकता**


आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:-9202613238 (रायपुर /14/अप्रैल 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## अभी तक दालों के इंपोर्ट को ड्यूटी-फ्री रखा था

# सरकार ने मसूर दाल के इंपोर्ट पर लगाई 10 फीसदी ड्यूटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने मसूर दाल पर 10 प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी लगाने की घोषणा की है। इसके अलावा देश में उपलब्धता बढ़ाने के लिए पीली मटर के ड्यूटी-फ्री इंपोर्ट को 3 महीने यानि इस साल 31 मई तक बढ़ा दिया है।


इस बारे में सरकार की ओर से नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इसके अलावा सरकार ने 8 मार्च से दालों पर 5 प्रतिशत बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5 प्रतिशत एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस लगाया है। अभी तक दालों के इंपोर्ट को ड्यूटी-फ्री रखा गया था। सरकार ने शुरुआत में दिसंबर, 2023 में पीली मटर के ड्यूटी फ्री इंपोर्ट की इजाजत दी थी और बाद में इसे 28 फरवरी तक 3 बार बढ़ाया था। अनुमान के मुताबिक, 2024 के दौरान दालों का कुल 67 लाख टन इंपोर्ट हुआ। इसमें पीली मटर का हिस्सा 30 लाख टन रहा।



### टूटे चावल के निर्यात पर रोक हटी

सरकार ने टूटे चावल के निर्यात पर रोक को हटा लिया है। यह रोक सितंबर 2022 में लगाई गई थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक नोटिफिकेशन में कहा है कि टूटे चावल की एक्सपोर्ट पॉलिसी को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित से फ्री में संशोधित किया गया है। एक्सपोर्टर्स की ओर से सरकार से इनवेंट्री में वृद्धि के कारण शिपमेंट की इजाजत देने की अपील की गई थी। पिछले साल, सरकार ने गैर-बासमती सफेद चावल के विदेशी शिपमेंट पर 490 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस को हटा दिया था और इस किस्म के शिपमेंट पर पूर्ण प्रतिबंध हटा लिया था।

## शब्द पहेली - 5822



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

### शब्द पहेली- 5821 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | ■ | मा | न | व | ता |
| त | न | ■ | ल | ■ | ल | म्बा | ई | ■ | श | र |
| रा | ■ | आ | क | र्ष | क | ■ | न | स | ■ | को |
| धि | क्का | र | ना | ■ | ■ | अ | ■ | च | प | ल |
| का | ■ | क्ष | ■ | भा | गी | दा | र | ■ | र | ■ |
| र | म | ण | यो | ग्य | ■ | व | ज | न | दा | र |
| ■ | ह | ■ | ग | फ | ल | त | ■ | म | ■ | ह |
| द | ल | ना | ■ | ल | ■ | ■ | य | की | न | न |
| श | ■ | का | व्य | ■ | त | न | म | न | ■ | स |
| ह | रा | ■ | स | ला | मी | ■ | रा | ■ | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | ■ | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल - 5832

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5831 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

हरिभूमि

# सहेली





## थोड़ा फूल बनकर-थोड़ा बनाकर हंसिए खुलकर

इस आपा-धापी भरी जिंदगी में जब भी हंसने-हंसाने का मौका मिले, चूकना नहीं चाहिए। फर्स्ट अप्रैल यानी फूल-डे जैसे अवसर पर फूल बनने या बनाने का मौका बिल्कुल भी नहीं छोड़ना चाहिए।

एंज्वॉयमेंट

चेतना झा

*मेरे दिलवर, यह खत पाकर तुम शायद चौंक जाओ! चौंकने की बात भी है! मोबाइल कॉल, व्हाट्सएप, मैसेंजर के जमाने में खत! फ्रोजन शोल्डर, बढ़ी तोंद और सफेदी झांकते बाल के दौर में प्रेम पत्र! सच पूछो तो बस पंद्रह साल की देर हुई। यह खत तो तुम तक तभी पहुंचना था, जब कॉलेज में मेरी बेंच के पीछे तुम बैठा करते थे। याद है ना, दो चोटी वाली वह लड़की! नहीं याद आई? चलो और बताती हूं, वही जो तुम्हें कभी-कभी चोर निगाहों से देख लिया करती थी। अब भी नहीं पहचाने? ओह, वही जिसके नाक अकसर सुड़कती रहती थी। अब तो मैं तुम्हारे पड़ोस में आ गई हूं। खत मिलते ही छत पर चले आना, मैं तुम्हें सामने की बालकनी में दिखूंगी। तुम्हारी प्रतीक्षा में...*

*-तुम्हारी प्रिया*



सुबह अखबार उठाने के लिए मेन गेट तक आए सौरभ ने जब गुलाबी लिफाफे में यह खत देखा तो चौंककर वह आस-पास देखने लगा। मन ही मन सोचने लगा, 'किसी ने देखा तो नहीं। किसने भेजा यह खत? कॉलेज के दिनों की ऐसी किसी लड़की का तो मुझे याद ही नहीं। चलो एकांत में आज कॉलेज के साथी दुर्गेश से इसकी चर्चा करता हूं। शायद उसे याद हो।' पत्नी सोनम खिड़की से चिंतामग्न पति को देख कर मंद-मंद मुस्कुरा रही थी। भीतर आने पर चाय का प्याला पकड़ा कर शर्ट की पॉकेट से झांकते गुलाबी लिफाफे के बारे में पूछा तो पति महोदय घबरा उठे, 'कुछ नहीं.. कुछ नहीं... पेपर में आज विज्ञापन का पन्ना था, सो वही है।' अनमने ढंग से चाय पीते पति और उन्हें देख मुस्कुराती रही पत्नी। आज की सुबह तो वाकई खास थी। तभी पति कुर्सी पर से उठे तो पत्नी ने पूछा, 'कहां चल दिए, छत पर? उस दो चोटी वाली और नाक सुड़काने वाली प्रियतमा से मिलने!' पति अकबकाए खड़े और पत्नी हंसते-हंसते दोहरी होती जा रही। फिर बोली, 'अप्रैल फूल बनाया तो उनको...!' अब तो पति भी हंसते-हंसते बेहाल।

**थोड़ा बनिए-थोड़ा बनाइए:** बेशक अपनों के साथ हंसी-मजाक के लिए किसी विशेष दिन की दरकार नहीं होती। साथ ही अपनों को मूर्ख बनाने के संग, उनसे मूर्ख बनने का भी अपना एक अलग मजा है। ऐसे में अगर बात मूर्ख दिवस यानी फर्स्ट अप्रैल की आती है तो वैसा ही लाइसेंस-सा मिल जाता है, जैसा अभी-अभी बीते त्योहार होली में रंग लगाने पर मिला था 'बुरा ना मानो होली है...!'

तो तैयार हो जाइए, थोड़ा फूल बनाइए, थोड़ा बनिए और जिंदगी में फूलों सी मुस्कान बिखेरिए।

**रिश्तों का रिफ्रेश बटन:** गंभीरता का लबादा उतार कर अपनों के साथ की गई मीठी शरारतें यकीनन आपके रिश्तों पर रिफ्रेश बटन दबाने सरीखी होंगी। अप्रैल फूल बनने-बनाने के लिए एक दिन तो सीमाओं को तोड़िए, कभी कलीग से तो कभी दोस्तों से कुछ ऐसी चुहल कर अंत में बोलिए, 'अप्रैल फूल!' इसके बाद तो वे लंबे समय तक आपका नाम सामने आते ही मुस्करा देंगे, 'अरे वो...!' सिर्फ दोस्तों के साथ ही नहीं, अपने माता-पिता के साथ भी ऐसा कीजिए।

**मुस्कुराहट का कार्यस्थल:** थोड़ी शरारत तो कलीग्स से भी बनती है। एक बार ऑफिस ग्रुप में सबको भेज दीजिए, जल्दी आने और मीटिंग की सूचना और खुद आप आइए इत्मीनान से और फिर कहिए वही, 'अप्रैल फूल बनाया...!' किसी कलीग की पीठ पर 'किक मी' का मैसेज लगाकर देखिए। पूरा ऑफिस मुस्कुराता काम करेगा, इस दिन। क्रीमी बिस्किट की क्रीम हटा कर उसमें टूथपेस्ट सजाना, कंप्यूटर के पास नकली गिरगिट या सांप रख देना...! आइडिया तो बहुत हैं, आपको ही ढूंढ़ना होगा। a

हमारा शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी बहुत जरूरी है। जब हम महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की बात करते हैं तो आज की जीवनशैली में अधिकांश महिलाएं कई तरह की मनोवैज्ञानिक समस्याओं से घिरकर मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती हैं। समय रहते इन्हें समझना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसके घातक परिणाम हो सकते हैं। आजकल महिलाएं किन मानसिक समस्याओं से घिरती हैं, इनके शुरुआती लक्षण क्या हैं, बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखें? विशेषज्ञ की जरूरी सलाह।

## मन को न रखें बीमार रहें हमेशा खुश

कवर स्टोरी

डॉ. विपुल रस्तोगी
सीनियर कंसल्टेंट-साइकेट्रिस्ट

हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य के लिए तो चिंतित रहते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर अकसर ध्यान नहीं देते, जो बहुत जरूरी है। दरअसल, समय के साथ समाज बदल रहा है। आज के इस बदलते दौर में लोगों की व्यस्तता बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। लोगों के पास अपने परिवार के सदस्यों तक के लिए समय नहीं रहता। ऐसी जीवनशैली के प्रभाव से महिलाएं भी अछूती नहीं हैं। जहां एक ओर होममेकर्स पर खुद को ऑलराउंडर साबित करने का सामाजिक दबाव रहता है, वहीं काम-काजी महिलाओं के सामने घर और ऑफिस की दोहरी जिम्मेदारी और खुद को बेहतर साबित करने की चुनौती होती है। दोहरी जिम्मेदारियां निभाते हुए वे शारीरिक और मानसिक थकान से जूझ रही होती हैं। घर और बाहर की जिंदगी के बीच संतुलन स्थापित करने की कोशिश में वे दिन-रात जुटी रहती हैं। इसी दबाव की वजह से हमेशा उनका मन अशांत और उदास रहता है, वे स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की शिकार हो जाती हैं। यहां हम जानते हैं, कुछ ऐसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के बारे में, जिनकी गिरफ्त में आकर अधिकांश महिलाएं परेशान रहती हैं साथ ही यह भी जानते हैं कि इनसे कैसे उबरें-



**मेंटल स्ट्रेस:** पुराने समय की तुलना में आज की महिलाओं का जीवन ज्यादा मुश्किलों से भरा है। संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहे हैं, शहरों में न्यूक्लियर फैमिलीज की संख्या बढ़ती जा रही है। खासतौर पर महानगरों की संस्कृति ऐसी है कि वहां के अपार्टमेंट्स में रहने वाले लोग अपने पड़ोसियों से ज्यादा मिलना-जुलना पसंद नहीं करते। ऐसी स्थिति में होममेकर्स के आस-पास कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होता, जिसके साथ वे अपने मन की बातें शेयर कर सकें, ऐसे में उनका तनाव बढ़ने लगता है। मनासिक तनाव की स्थिति में ब्रेन से कार्टिसोल नामक हार्मोन का सिक्रीशन बढ़ने लगता है, जो तनाव बढ़ाता है।



**प्रमुख लक्षण:** उदासी, चिड़चिड़ापन, थकान, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कार्य क्षमता का घटना और मामूली बातों पर निराश हो जाना, मेंटली स्ट्रेस्ड होने के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में कई बार अनिद्रा, सिर या हाथ-पैरों में दर्द, भोजन में अरुचि होना और पाचन में गड़बड़ी जैसे शारीरिक लक्षण भी नजर आते हैं।

**बचाव-उपचार:** नए लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, प्रियजनों के साथ दिल की बातें शेयर करें, म्यूजिक सुनने, बागवानी या स्पोर्ट्स जैसी एक्टिविटीज में अपनी सक्रियता बढ़ाएं। नियमित रूप से योगासन और प्राणायाम करें। अपनी कार्यक्षमता की सीमाएं पहचानें और जो कार्य बहुत ज्यादा मुश्किल हों, उसके लिए न कहना सीखें। सही ढंग से टाइम मैनेजमेंट करते हुए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। अगर इन प्रयासों के बावजूद तनाव कम न हो तो मनोवैज्ञानिक सलाहकार से संपर्क करें। वे कॉग्नेटिव बिहेवियर थेरेपी की मदद से इस समस्या का समाधान करेंगे।

**एंग्जायटी:** यह ऐसी मनोदशा है, जिसमें व्यक्ति को अत्यधिक चिंता, डर या बेचैनी महसूस होती है। वर्तमान दौर में घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारियां, जीवन के हर क्षेत्र में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने की होड़, बच्चों की परवरिश से जुड़ी चुनौतियां और लोन की ईएमआई चुकाने की चिंता जैसी परेशानियों के कारण आजकल महिलाओं में एंग्जायटी की समस्या तेजी से बढ़ रही है। खान-पान की गलत आदतों के कारण होने वाले हार्मोन संबंधी असंतुलन को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जाता है।

**प्रमुख लक्षण:** मन में बार-बार नकारात्मक विचार आना, हमेशा सशंकित रहना, वर्तमान को छोड़कर भविष्य के बारे में लगातार सोचते रहना, खुद को लाचार महसूस करना, दिल की धड़कन का तेज होना, पसीना आना, अनावश्यक थकान और सांस लेने में तकलीफ होना।



**बचाव-उपचार:** सोने-जागने का समय सुनिश्चित करें, जब मन परेशान हो तो गहरी सांस लें, योग और ध्यान करें, करीबी लोगों के साथ इस समस्या के बारे में खुलकर बातचीत करें, हमेशा अच्छा सोचें और मोटिवेशनल किताबें पढ़ें। इन प्रयासों के बावजूद अगर आपकी मनोदशा में कोई बदलाव न आए तो एक्सपर्ट से सलाह लें। काउंसलिंग और दवाओं की मदद से यह समस्या दूर हो जाती है।

**डिप्रेशन:** अगर किसी व्यक्ति के मन में उदासी और खालीपन की भावना लंबे समय तक बनी रहे तो ऐसी मनोदशा को डिप्रेशन कहा जाता है। आजकल महिलाओं में यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। खासतौर पर डिलीवरी के बाद हार्मोन संबंधी असंतुलन, नवजात शिशु की देखभाल की वजह से दिनचर्या में अचानक आने वाला बदलाव, नींद की कमी और करियर की चिंता के कारण अधिकतर महिलाओं को अवसाद का सामना करना पड़ता है। इस तरह की समस्या को पोस्टपार्टम डिप्रेशन कहा जाता है। इसी तरह आजकल मिडिल एज महिलाओं में भी डिप्रेशन के लक्षण नजर आते हैं, क्योंकि उम्र के इस दौर में अधिकतर परिवारों की युवा संतानें उच्च शिक्षा या जॉब की वजह से घर से दूर चली जाती हैं। पति अपनी प्रोफेशनल लाइफ में बिजी रहते हैं, ऐसी स्थिति में अकेलेपन की वजह से महिलाओं के मन में गहरी उदासी की भावना घर कर जाती है। ऐसी मनोदशा को एंप्टीनेस सिंड्रोम कहा जाता है।

**लक्षण:** हमेशा अकेलापन और खालीपन महसूस करना, ज्यादा सोना या अनिद्रा, ओवर ईटिंग या भूख न लगना, अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में भी दिलचस्पी कम होना, निर्णय लेने में कठिनाई महसूस होना, मन में हीन भावना पैदा होना, आत्मविश्वास में कमी महसूस होना।

**बचाव-उपचार:** अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें, खुशमिजाज लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, कॉमेडी शोज देखें, मॉर्निंग वॉक और एक्सरसाइज करें, बच्चों के साथ वक्त बिताएं, पर्यटन स्थलों पर घूमने-फिरने जाएं, धार्मिक गतिविधियों में शामिल हों, बागवानी करें या घर में कोई पालतू जानवर रखें, फोन पर दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ गपशप करें। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास डिप्रेशन दूर करने में मददगार होते हैं। जरूरत महसूस होने पर साइकेट्रिस्ट से सलाह लें। उपचार की मदद से इस समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है। a

प्रस्तुति: विनीता

## न्यूट्रिशस डाइट से आप रहेंगी मेंटली हेल्दी

सजेशन

ललिता गोयल

मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए जीवनशैली में जरूरी बदलावों के साथ ही आपको अपनी डाइट पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपका मूड स्विंग होता है, आप अकसर तनावग्रस्त रहती हैं या बेवजह डिप्रेशन फील करती हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि आप किसी तरह के मानसिक रोग का शिकार हैं। हो सकता है, आपके शरीर में कुछ पोषक तत्वों की कमी की वजह से आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हो। यह समझना बहुत जरूरी है कि बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए हेल्दी खान-पान भी जरूरी होता है। कुछ फूड्स हमारी मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मददगार होते हैं।



**साबुत अनाज:** साबुत अनाज जैसे कि कॉर्न, बारले और क्विनोआ, ओट्स, बींस, सोया अपनी डाइट में शामिल करने से ओवरऑल मेंटल हेल्थ बेहतर होती है। ये अनाज डिप्रेशन, एंग्जायटी से बचाव में भी मदद करते हैं।

**हरी पत्तेदार सब्जियां:** भोजन में पालक और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से मेंटल हेल्थ को लाभ मिलता है। इन पत्तेदार सब्जियों में ओमेगा 3 फैटी एसिड, मैग्नीशियम और आयरन जैसे महत्वपूर्ण न्यूट्रिएंट्स भी पाए जाते हैं, जो मेंटल हेल्थ के लिए काफी जरूरी होते हैं।

**बेरीज:** एक रिसर्च के अनुसार बेरीज खाने से मूड बेहतर करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही ये डिप्रेशन के लक्षणों को भी कम करता है।

**सूखे मेवे:** सूखे मेवे जैसे कि काजू, बादाम, अखरोट, किशमिश और सीड्स जैसे चिया सीड्स में ओमेगा 3 फैटी एसिड एवं अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये मूड और मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मदद करते हैं।

**टमाटर:** टमाटर में मौजूद फाइटोन्यूट्रिएंट लाइकोपीन, अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी दिमाग से जुड़ी बीमारियों से बचाव करने में मदद करता है। इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

**केला:** केले में विटामिन-बी 6 पाया जाता है, जो दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन और डोपामाइन का संचार बढ़ाता है। इससे मूड अच्छा होने में मदद मिलती है। a

**(डायटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**




## क्या आप डेंड्रफ से हैं परेशान अप्लाई करें ये होम रेमिडीज

हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

अगर आप डेंड्रफ की प्रॉब्लम से परेशान हैं तो दवाइयों या केमिकल बेस्ड कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स की बजाय कुछ होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं। ये रेमिडीज आप बहुत आसानी से घर में कर सकती हैं और इसके बहुत अच्छे परिणाम आते हैं।

सिर के बालों में डेंड्रफ यानी रूसी होना कॉमन प्रॉब्लम है। मौसम कोई भी हो, बालों में रूसी की समस्या कुछ लोगों को बहुत परेशान करती है। आयुर्वेद के अनुसार पित्त और कफ के असंतुलित हो जाने के कारण यह समस्या होती है। हमारे शरीर में उपस्थित कफ और वात के असंतुलित हो जाने पर यह रक्त में मिलकर खून को गंदा कर देते हैं। यही सिर के रोम छिद्र को बंद कर देते हैं। जिससे सिर की त्वचा रूखी होने लगती है और सिर पर पपड़ी जमने लगती है, जिसे रूसी कहते हैं। डेंड्रफ न केवल देखने में खराब लगता है बल्कि खुजली और जलन भी पैदा करती है। स्कैल्प में होने वाला डेंड्रफ फंगस के कारण होता है, जो सिर की सतह से सीबम और डेड स्किन सेल्स से बढ़ता है। डेंड्रफ के फ्लेक्स, छोटे-बड़े कई आकार के हो सकते हैं और बालों में कंघी करने से भी नहीं निकलते हैं।



**डेंड्रफ होने के कारण:** डेंड्रफ कई कारणों से हो सकता है, जिनमें शुष्क त्वचा, तैलीय त्वचा, फंगल इंफेक्शन, विटामिन-बी की कमी, मानसिक तनाव और कुछ मेडिकल कंडीशंस भी शामिल हैं। इनके अलावा केमिकल युक्त हेयर प्रोडक्ट्स का यूज करने, अस्त-व्यस्त जीवनशैली, बालों में गंदगी, बालों की सही देख-रेख न करने और रोज गर्म पानी से सिर धोने पर भी डेंड्रफ हो सकती है। इससे निजात पाने के लिए आप कुछ होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

**नारियल तेल है कारगर:** नारियल के तेल से स्कैल्प की मालिश करने से सिर में रक्त संचार बढ़ता है। नारियल का तेल लगाने से स्कैल्प मॉयश्चराइज होती है, जिससे डेंड्रफ को कम करने में मदद मिलती है। हल्का गर्म करके नारियल का तेल स्कैल्प पर लगाएं और कुछ घंटों के लिए छोड़ दें। फिर माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे काफी राहत मिलेगी।

नारियल तेल और नीबू के रस को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण को आप अपने स्कैल्प पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इसे एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर शैंपू कर लें। बेहतर परिणाम के लिए आप इसको हफ्ते में तीन बार इस्तेमाल कर सकती हैं।

**यूज करें एलोवेरा जैल:** डेंड्रफ की समस्या खत्म करने के लिए बालों पर एलोवेरा लगाना भी काफी फायदेमंद माना जाता है। एलोवेरा अपने एंटीफंगल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण डेंड्रफ के लिए प्रभावी होता है। यह खुजली और सिर की जलन को शांत करने में भी मदद कर सकता है। इसके लिए एलोवेरा जैल को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। इसे 30 मिनट से एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर हल्के शैंपू से अच्छी तरह धो लें। आप इस प्रक्रिया को हफ्ते में 2-3 बार दोहरा सकती हैं। हालांकि सीधे बालों पर एलोवेरा जैल लगाने से पहले आपको एक बार पैच टेस्ट अवश्य कर लेना चाहिए।



एलोवेरा जैल में नीबू के रस की कुछ बूंदें और ग्लिसरीन मिला लें। अब इस मिश्रण से स्कैल्प पर मसाज करें। 15 मिनट मसाज करने के बाद इसे 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। उसके बाद गुनगुने पानी से बालों को धो लें। बालों को धोने के लिए माइल्ड शैंपू और कंडिशनर का ही इस्तेमाल करें।

**अप्लाई करें दही:** दही में एंटीफंगल गुण होते हैं, जो डेंड्रफ को कम करने में मदद करते हैं। दही को बालों की जड़ों से सिरों तक अंगुलियों से मलते हुए लगाएं और आधे घंटे बाद बालों को ताजे पानी से धो डालें। इससे बालों की अच्छी सफाई हो जाती है और डेंड्रफ दूर होते हैं। दही में नीबू का रस, बेसन मिलाकर सिर पर लगाने से भी डेंड्रफ दूर होता है। दही और एलोवेरा जैल का मिश्रण भी बालों के डेंड्रफ का प्रभावी उपाय है।



**मेथी दाना:** डेंड्रफ हटाने के लिए मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगोकर रखें। अगली सुबह इन दानों को पीसें और बालों पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे साफ पानी से धो डालें। मेथी, डेंड्रफ दूर करने के साथ बालों की कई समस्याओं को दूर कर देती है। a




# आईपीएल : लखनऊ को पहली जीत की तलाश, आज पंजाब देगा चुनौती

एजेंसी ▶▶ लखनऊ


लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मंगलवार को यहां जब फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स की मेजबानी करेगी। नए कप्तान ऋषभ पंत की नजरें अच्छा प्रदर्शन करने और टीम को घरेलू मैदान पर सत्र की पहली जीत दिलाने पर टिकी होंगी।

पिछले साल नीलामी में आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने पंत शुरुआती दो मैच में बल्लेबाज के तौर पर नाकाम रहने के बाद 27 करोड़ रुपए की अपनी मोटी कीमत को सही साबित करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पंत शुरुआती दो मैच में शून्य और 15 रन की पारियां ही खेल पाए हैं। यह आक्रामक भारतीय खिलाड़ी रन बनाकर अपने अपने आलोचकों को चुप कराने के लिए बेताब होगा।



## सबसे महंगे खिलाड़ियों के बीच होगा मुकाबला

पहली बार पंत का सामना दिल्ली कैपिटल्स के अपने पूर्व कोच रिकी पोंटिंग से होगा जो इस सत्र में पंजाब किंग्स में शामिल हुए हैं। यह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे और दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होगा जिसमें श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स की अगुआई करेंगे। आईपीएल नीलामी में 26.75 करोड़ रुपये में बिके। अय्यर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 42 गेंद पर नाबाद 97 रन बनाकर मैच जिताने वाली पारी खेली। आईपीएल विजेता कप्तान अय्यर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना पसंद करते हैं और इसी लय को जारी रखना चाहेंगे।




## लय में पंजाब की टीम

शशांक सिंह ने पिछले सत्र की शानदार लय बरकरार रखी है जबकि प्रियांश आर्य ने आईपीएल पदार्पण करते हुए पंजाब के लिए 23 गेंद में 47 रन बनाकर अपने करियर की धमाकेदार शुरुआत की। भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे मध्यम गति के गेंदबाज विजयकुमार वैशाख ने पंजाब के लिए प्रभावी गेंदबाजी की है। इकाना स्टेडियम की पिच गेंदबाजों, विशेषकर स्पिनरों और धीमी गति के गेंदबाजों के अनुकूल है और दोनों टीम के स्पिनर मैच के नतीजे में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

**खास खबर**

## रॉयल्स कप्तान पराग पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स के कार्यवाहक कप्तान रियान पराग पर यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स पर अपनी टीम की छह रन की जीत के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। रॉयल्स ने नौ विकेट पर 182 रन बनाने के बाद सुपरकिंग्स को छह विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। आईपीएल ने कहा, 'यह न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के नियम 2.22 के तहत उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'




टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली रॉयल्स की टीम अब पांच अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

## स्ट्राइक रेट बेहतर करना चाहता हूं



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान और पंजाब किंग्स के हरफनमौला अजमतुल्लाह उमरजई वनडे प्रारूप में मिली सफलता को टी20 में दोहराना चाहते हैं और उसके लिये वह अपनी रफ्तार के साथ बल्लेबाजी स्ट्राइक रेट पर भी मेहनत कर रहे हैं। पिछले 12 महीने उमरजई के लिये बेहतरीन रहे जिसमें उन्हें आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर का पुरस्कार मिला। यह पुरस्कार पाने वाले वह अफगानिस्तान के पहले खिलाड़ी हैं। वह आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष हरफनमौला भी हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 31 गेंद में 41 रन बनाए और पांच विकेट लिए जिसके दम पर उनकी टीम ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

## धोनी के घुटने में चोट, 10 ओवर बल्लेबाजी मुश्किल : फ्लेमिंग

**गुवाहाटी।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने खुलासा किया कि महेंद्र सिंह धोनी पूरी ताकत से 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते क्योंकि उनके घुटने में समस्या है और यह पूर्व कप्तान मैच की स्थिति के आधार पर अपना बल्लेबाजी क्रम तय करता है। पिछले सप्ताह चेपक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सुपरकिंग्स की 50 रन की हार के दौरान नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए 43 वर्षीय धोनी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। रविवार को धोनी ने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी की जब सुपरकिंग्स को 25 गेंद पर 54 रन की जरूरत थी लेकिन वह 11 गेंद पर सिर्फ 16 रन ही बना सके और टीम को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह रन से हार का सामना करना पड़ा। फ्लेमिंग ने कहा, 'यह समय की बात है। धोनी इसका आकलन करते हैं। उनका शरीर, उनके घुटने पहले जैसे नहीं हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलोर | 2 | 2 | 0 | 4 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| कोलकाता | 2 | 1 | 1 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| मुंबई | 2 | 0 | 2 | 0 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
145 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### सिल्वा लगातार चौथी बार बने एसएलसी अध्यक्ष

**कोलंबो।** शम्मी सिल्वा को सोमवार को यहां 64वीं वार्षिक आम सभा में श्रीलंका क्रिकेट का फिर से अध्यक्ष चुना गया। एसएलसी ने कहा कि उन्हें 2025-27 के कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुना गया। यह अध्यक्ष के रूप में उनका लगातार चौथा कार्यकाल है और तीसरी बार उन्हें निर्विरोध चुना गया है। सिल्वा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के वर्तमान प्रमुख भारत के जय शाह के सहयोगी के रूप में देखा जाता है। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में शाह की जगह ली थी। सिल्वा का कार्यकाल 2023 में तत्कालीन खेल मंत्री रोशन राणासिंघे के साथ उनके टकराव से प्रभावित रहा था।



### वनडे नहीं टी20 श्रृंखला खेलेंगे पाक-बांग्लादेश

**कराची।** पाकिस्तान और बांग्लादेश ने एशिया कप और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला की जगह मई में पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने पर सहमति जताई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि दोनों बोर्ड को लगा कि दो बड़ी टी20 प्रतियोगिताओं को देखते हुए लंबी टी20 श्रृंखला खेलना अधिक समझदारी भरा है और इससे दोनों टीम को अपने युवा खिलाड़ियों को अनुभव देने का मौका मिलेगा।

### बैसाखी के सहारे चल रहे द्रविड़ से ऐसे मिले धोनी

**गुवाहाटी।** आईपीएल 2025 के 11वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह रन से हरा दिया। इस जीत के बाद आरआर के कोच राहुल द्रविड़ बेहद खुश दिखे। यह राजस्थान की इस सीजन की पहली जीत थी। मैच के बाद द्रविड़ बैसाखी के सहारे चलते हुए मैदान पर आए। वहीं, महेंद्र सिंह धोनी टीम इंडिया के अपने पूर्व साथी को इस हालत में देखकर खुद को रोक नहीं सके। वह द्रविड़ के पास पहुंचे और उनसे हाथ मिलाया। फिर उन्होंने पैर की ओर इशारा करके उनसे पीछे की वजह भी पूछी। दोनों ने काफी देर तक बात भी की।

स्पेनिश फुटबॉल लीग में गिरोना को 4-1 से दी करारी मात

# लेवानडोवस्की के दो गोल से जीता बार्सीलोना, मैड्रिड पर बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

बार्सीलोना ने रविवार रात को यहां गिरोना को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग के शीर्ष पर रियाल मैड्रिड पर एक बार फिर तीन अंक की बढ़त बना ली। रोबर्ट लेवानडोवस्की ने दूसरे हाफ में दो गोल करके बार्सीलोना की जीत में अहम भूमिका निभाई। लेवानडोवस्की ने अपने पिछले नौ लीग मैच में नौ गोल किए हैं और प्रतियोगिता में उनके कुल 25 गोल हैं जो मैड्रिड के काइलियान एमबापे से तीन अधिक हैं।

बार्सीलोना ने पहले हाफ में गिरोना के डिफेंडर लादिस्लाव क्रेज्सी के आत्मघाती गोल से बढ़त बनाई थी। टीम की ओर से चौथा गोल फेरान टोरेस ने किया। गिरोना की ओर से एकमात्र गोल दूसरे हाफ में आर्नोट डेनजुमा ने किया। शनिवार को मैड्रिड ने लेगानेस को 3-2 से हराकर बार्सीलोना के समान अंक कर लिए थे।



बार्सीलोना 66 अंक से शीर्ष पर

बार्सीलोना अब 29 मैच में 66 अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 63 अंक हैं। अन्य मुकाबलों में रियाल बेटिस ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सेविला को 2-1 से हराया जबकि विला रीयाल ने गेटाफे को इसी अंतर से शिकस्त दी। एथलेटिक बिलबाओ ने ओसासुना से गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि वेलेंसिया ने मालोर्का को 1-0 से हराया।




## मैनचेस्टर सिटी ने जीत से सेमीफाइनल में बनाई जगह

**बोर्नमाउथ।** मैनचेस्टर सिटी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बोर्नमाउथ को 2-1 से हराकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जिससे टीम के पास अब भी अपने निराशाजनक सत्र का अंत खिताब के साथ करने का मौका है। इस मैच के दौरान हालांकि सिटी को वापसी दिलाने वाले एर्लिंग हैलेंड चोटिल हो गए। पहले हाफ में हॉलेंड की पेनल्टी को रोक दिया गया था लेकिन 49वें मिनट में उन्होंने सिटी को बराबरी दिला दी। हालांकि इसके 12 मिनट बाद उन्हें बाएं टखने में चोट के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। हॉलेंड की जगह मैदान पर उतरे ओमार मारमोश ने दो मिनट के भीतर गोल दागकर सिटी को रिकॉर्ड में इजाफा करने वाले लगातार सातवें सत्र में सेमीफाइनल में जगह दिलाई।

नेशंस लीग फुटबॉल

## जोकोविच के 100वें खिताब का सपना टूटा, याकुब बने चैंपियन



एजेंसी ▶▶ मियामी गार्डन्स

चेक गणराज्य के किशोर खिलाड़ी याकुब मेनसिक ने सोमवार को यहां नोवाक जोकोविच को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल का खिताब जीता जो उनका पहला एटीपी खिताब है। मैच साढ़े पांच घंटे से अधिक के विलंब से शुरू हुआ जबकि बारिश के बाद काफी अधिक उमस के कारण कोर्ट पर फिसलन भी थी। इसके अलावा जोकोविच की आंख में भी संक्रमण था। मेनसिक ने जोकोविच के खिलाफ 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की और सर्बिया के 37 वर्षीय खिलाड़ी के 100वें एटीपी खिताब के इंतजार को बढ़ा दिया।

दुनिया के 54वें नंबर के खिलाड़ी मेनसिक ने 14 ऐस लगाए और सिर्फ एक बार अपनी सर्विस गंवाई। चेक गणराज्य के खिलाड़ी ने मैच प्वाइंट पर सर्विस विनर के साथ खिताब अपने नाम किया।

## राणा की पारी शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी थी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने नितीश राणा की प्रशंसा करते हुए उनकी 36 गेंद में 81 रन की पारी को 'शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी' कहा और चेन्नई सुपरकिंग्स पर छह रन की जीत का श्रेय राजस्थान रॉयल्स के क्षेत्ररक्षण को भी दिया। नितीश ने आक्रामक पारी खेली जिससे रॉयल्स ने नौ विकेट पर 182 रन बनाए और फिर सुपरकिंग्स को छह विकेट पर 176 रन पर रोककर सत्र की पहली जीत दर्ज की।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ( म / स ) संभाग क्र 1 जबलपुर**

निविदा सूचना क्र 36 वर्ष 2024-25 टेन्डर लिपिक — **निविदा सूचना** — जबलपुर दिनांक 26/03/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निर्मलखित कार्यो की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | ई टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | | ठेके की अनु राशि (रू. लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ई एम डी, टेन्डर फीस एवं निविदा से संभदित अन्य अभिलेख जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_412281_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक 3 अंतर्गत डिफेंस कॉलोनी स्थित माननीय न्यायाधीश बंगलों (04 नग) में लॉन में फाऊन्टेन, आयरन फेम से बांस की फेंसिंग का कार्य एवं अन्य कार्य एवं माननीय उच्च न्यायालय अंतर्गत अन्य बंगलों में विभिन्न कार्य। | प्रथम | 19.90 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 2 | 2025_PWDRB_412282_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक 3 अंतर्गत माननीय न्यायाधीश बंगला नं. ए-2 में दरवाजों में पेनसिंग, शीट शेड का कार्य सेनेटरी फिटिंग एवं अन्य कार्य | प्रथम | 19.88 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 3 | 2025_PWDRB_412283_pack1 | कटंगा सेक्शन अंतर्गत वार्षिक मरम्मत कार्य, सीवर लाईन ड्रेनेज सिस्टम एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.70 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 4 | 2025_PWDRB_412284_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय अंतर्गत आयरन वर्क, डायस वर्क एवं सी.आर. -20 में सिविल कार्य एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 5 | 2025_PWDRB_412285 pack1 | हाई कोर्ट सेक्शन अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में विभिन्न मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.95 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| | | कुल योग | | 99.42 | | | | |

टीप :- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 11/04/2025 17:30 बजे तक है। अन्य तिथियाँ एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलाईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नही कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग ( भ / स )
संभाग क्र 1 जबलपुर

G-24989/24

**OFFICE OF THE DEAN**
**NETAJI SUBHASH CHANDRA BOSE MEDICAL COLLEGE JABALPUR**

No. 2881/Purchase/2025 — Jabalpur dt. 25/03/2025

**E-TENDER NOTICE**

Netaji Subhash Chandra Bose Medical College Jabalpur inviting online e-tender for "Providing Vehicles on Rental Basis." as per the particular mentioned below.

| S.No. | Particular | Date and Time |
|---|---|---|
| 01 | Online Purchase of Tender Start Date | 03-04-2025 up to 05.30 Noon |
| 02 | Online Bid Submission End Date | 25-04-2025 up to 05.30PM |
| 03 | Technical Proposal Opening Date | 28-04-2025 at 12:30 PM |

The bid document with all information relating to the bidding process including cost of bid document, EMDs, Pre-qualification criteria and terms & conditions are available in the websites: www.mptenders.gov.in. The Authority reserves the right to accept/reject any part thereof or all the bids without assigning any reason thereof.

DEAN
NSCB, Medical College Jabalpur

G-24982/24

**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Regd. Office - Block No. 8, 3rd Floor, Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur-482 008 (M.P.)
CIN: U40109MP2002SGC015120Tel No: 0761 2702473, 2702442,
Extn. 270-2473/2425, Fax 0761-2660048 Website: www.mpez.co.in, email: cepurez@yahoo.in

**NOTICE INVITING TENDER**

Online tenders are invited from the Contractors having A class electrical license issued from Electrical Inspectorate, Govt. of MP Bhopal and registered with the MPPKVVCL with registration fee* of Rs 1 Lakh plus applicable GST or registered in QC Portal as erection Contractor for survey, installation, testing and commissioning of 33KV line, of different schemes in the area of O&M Circle MPPKVVCL ANUPPUR as per scope of work detailed below:-

| SL. No. | TS No.(For e-Tendering) Discom- EZ/Pur | Particular of work | Approx. Value (Rs. in Lakhs) | Tender fee (in Rs) | Due date & time of opening of tender on-line from 02.30 Hrs |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SE/SDL/PUR/3675 dt.07.03.2025 (e-Tender No. 2025_PKVVC_408058_2) | Empanelment of contractors to award a Contract for survey, installation, testing and commissioning of 11 KV line, 11/0.433 KV distribution transformer, LT line and replacement of LT Cable under different schemes in the O&M Circle ANUPPUR | 50.94 | 2360 with GST | 09.04.5025 |

- Firms already registered with MPPKVVCL, Jabalpur and valid on the date of Bid opening, need not to register afresh.
- GST shall be payable extra as applicable at the time of bidding. Present rate of GST is 18%.

**NOTE: -** 1. Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal **https://mptenders.gov.in.**
2. Tender documents can be purchased only online and download from main portal **https://mptenders.gov.in** by making online payment for the prescribed non- refundable tender document fees. Only in case if the tender is dropped without opening, the tender fees shall be refunded after deduction of necessary portal charges. Manual purchase of tender is not allowed. It is mandatory for all the bidders to pay tender document fees to participate in tender.

Superintending Engineer(O&M)
M.P.P.K.V.V.C.L., Anuppur

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग मण्डला (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 22/2024-25 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — मण्डला 27.03.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेवसाईड पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेबसाईड के माध्यम से प्राप्त हो सकेगें।

| क्र. | टेण्डर आई०डी० | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनुमानित राशि (रू.लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_412762_1 | मण्डला | मदनपुर से नैझर मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य लं. 4.00 किमी. विद्युतीकरण कार्य सहित। | प्रथम आमंत्रण | 336.75 | 336800 | 15000 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2025_PWDRB_412764_1 | मण्डला | साल्हेडंडा से नर्मदा परिक्रमा हेतु सिवनी जिले को जोड़ने वाला मार्ग लंबाई 4.00 किमी. विद्युतीकरण कार्य सहित। | प्रथम आमंत्रण | 351.79 | 351800 | 15000 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2025_PWDRB_412765_1 | मण्डला | सहस्त्रधारा पहुंच मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य लंबाई 4.00 किमी. विद्युतीकरण कार्य सहित। | प्रथम आमंत्रण | 460.24 | 460300 | 15000 | 08 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2025_PWDRB_412766_1 | मण्डला | नकावल पहुंच मार्ग पर मजबूतीकरण कार्य लंबाई 4.00 किमी. विद्युतीकरण कार्य सहित। | प्रथम आमंत्रण | 257.35 | 257400 | 15000 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2025_PWDRB_412767_1 | मण्डला | हाईस्कूल टिकरिया पहुंच मार्ग लंबाई 0.80 किमी, गनेरी बिलनगरी मार्ग लं. 2.30 किमी, पिपरिया अमदरी मार्ग लं. 3.00 किमी, पिपरिया कुटरई मार्ग लं. 2.60 किमी., विश्राम गृह टिकरिया मार्ग लं. 0.60 किमी., शहरी क्षेत्र निवास मार्ग लं. 0.46 किमी. कुल लंबाई 9.76 किमी का नवीनीकरण कार्य। | पांचवा आमंत्रण | 108.94 | 108940 | 12500 | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | | योग रु0 | 1515.07 | - | - | - |

उपरोक्त वेबसाइट पर आर्नेलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 17/04/2025 (17.30) बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेंगें। अलग से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग मण्डला (म.प्र.)

G-24997/24

## हाई कोर्ट ने कलेक्टर को वस्तुस्थिति स्पष्ट करने दिए निर्देश

# शिक्षा कर्मी घोटाले में आरोपितों को सजा, फिर भी पात्रों को नहीं मिली नियुक्ति

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका के जरिए जानकारी दी गई कि शिक्षाकर्मी घोटाले के आरोपितों को लोकायुक्त की विशेष अदालत ने सजा हो चुकी है किंतु पात्रों को अब तक नियुक्ति नहीं मिली। हाई कोर्ट ने इस सिलसिले में कलेक्टर, रीवा को वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई सात अप्रैल वाले सप्ताह में नियत की गई है।



याचिकाकर्ता धनेश कुमार द्विवेदी, ग्राम चौर, पोस्ट पटियारी, तहसील जवा, जिला रीवा निवासी की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि जनपद पंचायत, जवा द्वारा 1998 में शिक्षा कर्मी की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। जिसके आधार पर याचिकाकर्ता ने शिक्षा कर्मी की नियुक्ति का आवेदन किया था। जनपद पंचायत, सीईओ ने 30 हजार की रिश्वत की मांग कर दी। यह मांग पूरी न करने पर अपेक्षाकृत कम अंक वालों को नियुक्ति देकर याचिकाकर्ता सहित अन्य को दरकिनार कर दिया। लिहाजा, लोकायुक्त रीवा से शिकायत की गई। लोकायुक्त ने छापा मारकर शिक्षा कर्मी की नियुक्ति संबंधी सारे दस्तावेज जप्त कर लिए। याचिकाकर्ता को प्रकरण में गवाह बनाया। मामला लोकायुक्त की विशेष अदालत पहुंचा, जहां आरोप सिद्ध होने पर शिक्षा कर्मी चयन समिति के सदस्यों को सजा हो गई। इसके बावजूद अनुचित नियुक्तियां निरस्त नहीं की गईं। जिसके विरोध में याचिकाकर्ता ने कलेक्टर रीवा के समक्ष अभ्यावेदन देकर अपात्रों की नियुक्ति निरस्त पर पात्रों को नियुक्त करने की मांग की। जब अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं हुआ तो हाई कोर्ट चला आया। हाई कोर्ट ने सुनवाई करते हुए शासकीय अधिवक्ता को निर्देश दिया कि कलेक्टर ने जानकारी प्राप्त करें कि क्या जनपद पंचायत जवा के लिए वर्ष 1998 में किए गए चयन के अनुसरण में शिक्षाकर्मी का पद अभी भी जीवित है या नहीं और उक्त चयन के अनुसरण में उक्त पद पर नियुक्तियां की जा रही हैं कि नहीं।

## नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के विपरीत पाया गया संभागायुक्त का आदेश निरस्त किया हाईकोर्ट ने

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने सागर संभागायुक्त के एक आदेश को विधि विरुद्ध पाते हुए निरस्त कर दिया। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने उक्त आदेश को नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के विपरीत पाया। याचिकाकर्ता सागर निवासी अजय जैन सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता सत्येंद्र ज्योतिषी व ऐश्वर्या तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि प्रार्थीगण ने संभागायुक्त, सागर के यहां अपील दायर की थी। जिसके जरिए तहसीलदार देवरी व एसडीएम, देवरी, जिला सागर के आदेश को चुनौती दी गई थी। संभागायुक्त ने गुण-दोष के आधार पर अपील स्वीकार करते हुए तीन जनवरी, 2024 को आदेश पारित किया। जिसके आधार पर प्रार्थीगणों के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज हो गए। इसके बाद एक पुनर्विलोकन याचिका दायर हुई। जिस पर सुनवाई करते हुए पूर्व आदेश निरस्त कर दिया गया। चूंकि इस प्रक्रिया में नोटिस जारी करने और जवाब पर गौर किए बिना आदेश पारित किया गया, अतः चुनौती के योग्य है। क्योंकि आदेश में परिसीमा अधिनियम की धारा-पांच का पालन नहीं किया गया। एमपीएलआरसी की धारा-50 व 51 का भी उल्लंघन किया गया।

## नए वित्तीय वर्ष से नए नियम लागू होंगे

# आज से शुरू होंगे कुछ बदलाव

हरिभूमि जबलपुर।

नये वित्तीय वर्ष की तैयारियों और पुराने वित्तीय वर्ष के हिसाब किताब को क्लोज करने, टारगेट पूरा करने आदि कारणों से 31 मार्च वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन कई सरकारी कार्यालय खुले रहे। आज 1 अप्रैल 2025 से कई महत्वपूर्ण बदलाव होने जा रहे हैं, जो न केवल सरकारी कार्यालयों और संस्थाओं में हलचल बढ़ाएंगे, बल्कि आम जनता के जीवन में भी असर डालेंगे। नया वित्तीय वर्ष शुरू हो रहा है, और इसके साथ ही विभिन्न प्रशासनिक प्रक्रियाओं में बदलाव होंगे।

### ई-आफिस प्रणाली का पूर्ण रूप से लागू होगी

आज 1 अप्रलै से शुरु होने वाले प्रमुख बदलावों में ई आफिस प्रणाली पूर्ण रूप से लागू होना प्रमुख है. यह प्रशासन की कार्यप्रणाली को और अधिक डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक कदम है। इसके तहत सरकारी दफ्तरों में कागजी कामकाजी प्रक्रिया को समाप्त कर दिया जाएगा और सभी दस्तावेजों का लेन-देन ऑनलाइन किया जाएगा। हालांकि, यह बदलाव कई दफ्तरों में पहले ही शुरू हो चुका था, अब यह पूरी तरह से लागू होगा। इससे सरकारी कामकाजी प्रक्रियाओं में तेजी आएगी, और भ्रष्टाचार को भी रोकने में मदद मिलेगी।

### सम्पत्ति रजिस्ट्री प्रक्रिया भी बदलेगी

रजिस्ट्री कार्यालयों में एक और महत्वपूर्ण बदलाव होने जा रहा है। संपदा पोर्टल 2.0 की शुरुआत होगी। यह पोर्टल पहले से लागू संपदा पोर्टल 1.0 से बेहतर होगा, जिससे सम्पत्ति की रजिस्ट्री में धांधली को रोकने में मदद मिलेगी। संपदा 2.0 के तहत अब सभी दस्तावेजों का पंजीकरण इस पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इससे सम्पत्ति की खरीद-फरोख्त अधिक पारदर्शी और सुरक्षित होगी, और कोई भी गलत या फर्जी दस्तावेज़ प्रणाली में दाखिल नहीं हो पाएंगे।



### नई कर प्रणाली का होगी लागू

1 अप्रैल से नई कर प्रणाली भी लागू हो जाएगी। इस नई प्रणाली में आयकर स्लैब में बदलाव किया गया है और आय की सीमा भी बढ़ाई गई है। इसके साथ ही, निवेश पर कर छूट खत्म कर दी गई है, जिसका मतलब है कि अब लोग अपने निवेशों से कर बचत के लिए कोई भी छूट नहीं प्राप्त करेंगे। यह नई कर प्रणाली स्वैच्छिक होगी, यानी करदाता इसे अपनी सुविधानुसार चुन सकते हैं—नई या पुरानी प्रणाली में से किसी एक का चयन कर सकते हैं।

## दो आरोपियों गिरफ्तार तीसरे आरोपी की तलाश की जारी है

# बिजली कम्पनी में कार लगाने के नाम पर 32 लाख हड़पे

**जबलपुर**। लार्डगंज थानान्तर्गत 3 जालसालों ने एक व्यक्ति को मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमीशन कम्पनी में कार अटैच कर हर माह किराये के रूप में अच्छा पैसा कमाने का झांसा देकर कूटरचित दस्तावेजों की मदद से अनुबंधकर उसके 32 लाख रूपए हड़प लिये। पुलिस ने दो आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है वहीं तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। लार्डगंज थाना प्रभारी हरिकिशन आठनेरे के मुताबिक संजय नगर यादव कालोनी निवासी रविन्द्र कुमार वर्मा के पड़ोसी मोतीलाल चौधरी ने उन्हें पवन यादव व अंकित साहू से मिलवाया था चर्चा के दौरान दोनों ने रविन्द्र वर्मा को म.प्र. ट्रांसमीशन कम्पनी में होण्डा अमेज कार लगवाने की बात कही इसके एवज में दोनों ने हर माह उन्हें 22 हजार छै सौ रूपए देने की बात बतायी। जालसाजों की बातों में आकर रविन्द्र वर्मा ने अपनी होण्डा एमेज कार क्रमांक एमपी 04 जेड ई 1373 को पवन यादव एवं अंकित साहू को पावर कम्पनी में अटैच दीथी। कुछ दिनों बाद पवन और अंकित ने एक और गाड़ी लगाने की बात कही। अरोपियों की बातों में आकर रविन्द्र ने अपनी इनोवा क्रिस्टा कार दोनों को 75 हजार रूपए प्रतिमाह में देदी। इस दौरान जालसाजों ने दोनों वाहनों का कूटरचित अनुबंध पत्र तैयार कर रविन्द्रको थमा दिया। दोनों वाहनों को एक माह तक किराया मिला इसके बाद इन लोगों ने एक रूपए भी भुगतान नहीं किया। कुछ दिनों बाद रविन्द्रको पता चला कि उसे अंकित व पवन ने कार लगवाने के लिए जिस रोहित सिंह परिहारको पावर ट्रांसमीशन कम्पनी का इंजीनियर बताकर बात करायी थी वह उन्हीं ही तरह एक जालसाज था। इस तरह पवन, अंकित , रोहित ने कूटरचित अनुबंध पत्र तैयार कर रविन्द्र वर्माको भरोसे में लेकर पॉवर कम्पनी में कार लगाने का झांसा देकर 32 लाख हड़प लिये। पुलिस ने अंकित साहू व पवन यादव को अभिरक्षा में लिया है वहीं फर्जीवाडे में शामिल तीसरे किरदार रोहित सिंह परिहारकी तलाश की जा रही है।

# सिंधी सेवक सभा को हाईकोर्ट से राहत

- हाईकोर्ट ने कंपाउंडिंग के अभ्यावेदन का निर्णय होने तक कठोर कार्रवाई न करने के निर्देश दिए
- नगर निगम को निर्णय लेने 45 दिन की मोहलत दी गई

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने सिंधी सेवक सभा, जबलपुर को राहत प्रदान की है। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने नगर निगम, जबलपुर को निर्देश दिए गए हैं कि कंपाउंडिंग यानि समझौते का आवेदन प्राप्त होने के 45 दिन के भीतर विधि अनुरूप आदेश पारित करें। याचिकाकर्ता को नया अभ्यावेदन प्रस्तुत करने स्वतंत्र किया गया है। कोर्ट ने कहा कि जब तक अभ्यावेदन पर निर्णय नहीं ले लिया जाता, याचिकाकर्ता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई न की जाए।

याचिकाकर्ता सिंधी सेवक संघ की ओर से अधिवक्ता संपूर्ण तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि नगर निगम, जबलपुर ने याचिकाकर्ता का निर्माण अनाधिकृत निरूपित करने हटाने का नोटिस जारी किया है। जिसे याचिका के जरिए चुनौती दी गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि अनाधिकृत निर्माण नगर निगम अधिनियम, 1956 के अनुसार समझौता योग्य है। याचिकाकर्ता ने प्राधिकरण के समक्ष एक आवेदन भी दायर किया है, लेकिन उस पर विचार नहीं किया गया और निर्णय नहीं लिया गया। सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से उपस्थित वकील ने भी कहा कि प्रकरण समझौता योग्य प्रकृति का है और याचिकाकर्ता के आवेदन पर कानून के अनुसार विचार किया जा सकता है। हाई कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि कंपाउंडिंग पर विचार किया जाए।

## रोड डिवाइडर से टकराकर ऑटो पलटा, 3 घायल

**जबलपुर**। ओमती थाना अतंर्गत घोड़ा अस्पताल तिराहे के पास डिवाइडर से टकराने के बाद एक आटो पलट गया, जिसमें सवार तीन मजदूर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आनंद नगर अधारताल निवासी 25 वर्षीय कबाड़ व्यापारी आफाक खान के यहां काम करने वाली सीता बाई यादव, सुखिया बाई और रामलाल पटेल उसके घर आए और काम का पैसा मांगने लगे, उसने कहा कि ईद के बाद पैसा दूंगा, तो तीनों राशन दिलाने का कहने लगे। उसने तीनों को आटो क्रमांक एमपी 20 आर 6771 में बैठाया और गलगला बाजार गुरंदी बाजार राशन दिलवाने के लिये कहा एवं अपनी मोटर सायकल से आटो के पीछे पीछे चलने लगा दोपहर लगभग 2.15 बजे घोड़ा अस्पताल के तिराहे के पास आटो चालक ने तेज गति से आटो चलाया जिससे उसका आटो डिवाईडर से टकरा कर पलट गया। आटो में बैठी सीता बाई यादव, सुखिया बाई एवं रामलाल पटैल को हाथ पैर में चोटें आ गयीं, उसने तीनों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया, वहीं आटो चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने आटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## शालाओं में मनाया जाएगा प्रवेश उत्सव

# नए शिक्षण सत्र का आगाज आज

**जबलपुर**। तमाम असफलताओं के बाद राज्य सरकार ने नया शिक्षण सत्र 1 अप्रैल से प्रारंभ करने के अपने निर्णय को नहीं बदला। इस साल फिर तपती दोपहरी में बच्चों को अप्रैल माह में शाला जाना पड़ेगा। यहां गौरतलब है कि गत वर्षों में भी 1 अप्रैल से नया शिक्षण सत्र प्रारंभ हुआ था। पिछले कुछ वर्षों में जो दिक्कतें और कठिनाईं हुईं थीं, उन्हें इस बार भी नजरअंदाज कर दिया गया है और ऊहापोह व अराजक व्यवस्थाओं के बीच नया शिक्षण सत्र आज से प्रारंभ हो रहा है। आज शासकीय शालाओं में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। अभी बहुत सारी स्कूलों के परीक्षा परिणाम भी घोषित नहीं हो पाए हैं। जहां नतीजे घोषित हो गये हैं, वहां बच्चों को कापी किताब की सूची पकड़ा दी गई है लेकिन मार्केट में किताबें अब तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी बहुत मानसिक यातना झेल रहे हैं। अर्थ भार तो है ही, मानसिक परेशानी उससे कहीं ज्यादा है। बड़ी क्लासों के बच्चे तो परिस्थितियां समझ जाते हैं और अपने क्लास टीचर को भी उससे अवगत करा देते हैं, लेकिन मासूम बच्चे जो दीन-दुनिया और परिस्थितियों को खुद नहीं समझ पाते, उन्हें क्लास में प्रताड़ति होना पड़ता है और यही प्रताड़ना बाद में वे अपने अभिभावकों को देते हैं।

बहरहाल, नया शिक्षण सत्र का पहला भाग आज से प्रारंभ होगा। कापी-किताब, बस्ते और स्कूली ड्रेस की खरीददारी शुरू हो गई है। मार्केट में कापियां और ड्रेस व अन्य स्कूली सामग्री तो आ गई है लेकिन किताबें अभी तक नहीं आई हैं। अभिभावक इधर-उधर भटक रहे हैं।

### तेज धूप में कैसे पढ़ेंगे बच्चे

राज्य सरकार ने नया शिक्षण सत्र 1 अप्रैल से लागू करने का निर्णय तो थोप दिया है, लेकिन सर्वाधिक दुर्दशा सरकारी स्कूलों की है। वहां न बैठने के लिये फर्नीचर है और न ही हवा के लिये पंखे। कई शालाएं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी हैं, जहां खुले मैदान में क्लासें लगती हैं। अप्रैल के महीने में जब पारा 40 से 45 डिग्री के बीच झूलता है तब कैसे बच्चे तेज धूप में पढ़ पाएंगे। यह समझ से परे है। निजी शालाओं में भी व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं है। कमरों में सीधे धूप प्रवेश करती है। पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में बच्चे बीमारियों से ग्रसित होंगे।

### स्कूलों की बंधी हैं दुकानें

शालाओं में भले ही इस बात की पाबंदी लगा दी गई हो कि कोई भी शाला प्रबंधन किसी भी दुकान विशेष या प्रकाशक की पुस्तकें खरीदने के लिये लिये दबाव नहीं बनाएगा, लेकिन दुकानदारों और शाला प्रबंधकों ने अंदरूनी साठगांठ कर रास्ता खोज लिया है। कुछ स्कूलें ऐसी हैं, जहां की किताबें खास दुकानों पर ही मिलेंगी, किसी दूसरी दुकान पर नहीं।

## कमिश्नर ने ज्ञानाश्रय में पढ़ाया करंट अफेयर्स

**जबलपुर**। कमिश्नर अभय वर्मा ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओ को मॉडल स्कूल में संचालित ज्ञानाश्रय कोचिंग में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने करंट अफेयर्स के संबंध में जानकारी देते हुये ऐतिहासिक जानकारी भी दी और कहा कि हाल ही में, तमिलनाडु के तंजावुर में साध्य विझा उत्सव के दौरान चोल सम्राट राजराज चोल-1 की जयंती मनाई गई। राजराज चोल -1, परंतक चोल -II और वनवन महादेवी की तीसरी संतान थे। थिरुवलंगडु शिलालेख में उत्तम चोल को अरुणमोहजी को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त करने का श्रेय दिया गया है, क्योंकि उन्होंने उनकी असाधारण क्षमता को पहचाना था। उन्होंने 985 से 1014 ई. तक शासन किया और वे सैन्य कौशल और गहन प्रशासनिक दूरदर्शिता के लिए जाने जाते थे। साथ ही कहा कि हाल ही में, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा शासित सिख समुदाय की सर्वोच्च लौकिक और आध्यात्मिक संस्था अकाल तख्त ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पर 2007 से 2017 के कार्यकाल के दौरान कथित कुशासन के लिए धार्मिक दंड लगाया है। अकाल तख्त की स्थापना 1606 में गुरु हरगोविंद सिंह ने अपने पिता गुरु अर्जुन देव को मुगलों द्वारा फांसी दिए जाने के जवाब में की थी। तख्त फारसी में शाही सिंहासन के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है। अकाल तख्त स्वर्ण मंदिर परिसर में हरमंदिर साहिब के सामने स्थित है।

## धन से जुड़े विभागों में देर रात तक चला कामकाज

# वार्षिक लेखाबंदी के लिये अवकाश में खुले रहे दफ्तर

**जबलपुर**। पुराने वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर 31 मार्च को सुबह से देर रात तक वित्तीय व्यवस्था से जुड़े सरकारी और गैर सरकारी व अर्द्धशासकीय संस्थानों में ईद अवकाश दिवस होने के बावजूद मार्च क्लोजिंग का काम चलता रहा। बैंकों और बीमा निगम में जहां खाते बही में लेनदेन का निपटारा चलता रहा, वहीं समायोजन का काम हुआ। वहीं योजना विभाग और कोषालय में विभिन्न विभागों के बचे बजट को लेप्स करने की कार्यवाही हुई तो नगर निगम और विद्युत मण्डल, वाणिज्यिक कर, आयकर विभागों में वसूली का काम तेजी से हुआ। शासकीय दफ्तरों में कल मार्च क्लोजिंग के अलावा और कोई दूसरे काम नहीं हुये। बैंकों में दोपहर बाद देर शाम तक खाते बही व कम्प्यूटरों में आय-व्यय का लेखा जोखा दुरूस्त किया गया। लेनदारी, देनदारी के आंकड़े छांटे गये। सरकारी दफ्तरों में भी एक-एक फाईलों का निरीक्षण कर लेखा-जोखा दुरूस्त किया गया। आज से नई बैलेंस सीट काम करना प्रांरभ करेगी।




सरकारी विभागों में नगर निगम, विद्युत मण्डल, आरटीओ, सेल टैक्स, आबकारी विभाग, राजस्व विभाग का अमला वसूली के लक्ष्य को पूरा करने जुटा रहा। टीम की टीम वसूली पर निकली। वहीं कोषालय, बैंक, पंजीयन विभाग में देर रात तक लेखाजोखा चलता रहा।

**बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व** — टाइगर रिजर्व में जंगली हाथियों की संख्या अब 80 के करीब

# बांधवगढ़ में शुरू हो सकती है एलीफेंट सफारी

हरिभूमि जबलपुर।

जंगल में जिस तरह से पर्यटक बाघ देखने के लिए उत्सुक होते हैं, उसी तरह से जंगली हाथियों को भी खुले जंगल में देखना पर्यटकों के लिए रोमांचकारी होता है। यह रोमांच पर्यटकों को देश के दक्षिण भारत में ही मिल पाता है, लेकिन अब इसकी संभावना मप्र के उमरिया जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में भी नजर आने लगी है।

वर्ष 2018 में यहां आए जंगली हाथी, अब सहज होने लगे हैं। अब इन्हें जंगल में जिप्सियों को देखकर कोई भय नहीं होता और वे सामान्य ढंग से अपनी गतिविधियों में जुटे रहते हैं। जबकि पहले यह जंगली हाथी पर्यटकों के वाहन को देखकर उन्हें दौड़ाने की कोशिश करते थे।



### अब 80 के करीब पहुंच गई हाथियों की संख्या

*यहां खास बात यह है कि कहीं भी जंगली हाथियों ने पर्यटकों को देखकर उन पर हमले का प्रयास नहीं किया। पार्क प्रबंधन के अनुसार बांधवगढ़ में जंगली हाथियों की संख्या करीब 80 है। बता दें कि वर्ष 2018 में जब जंगली हाथियों ने बांधवगढ़ में प्रवेश किया तो वे पर्यटकों के लिए खतरा बन गए थे। वर्ष 2019 से लेकर 2022 तक खितौली में कई महीने तक पर्यटन रोकना पड़ गया था। इसी तरह से ताला में भी पर्यटन पर रोक लगा दी गई थी। इसकी वजह यह थी कि जंगली हाथियों ने अलग-अलग घटनाओं में पर्यटकों के वाहनों को काफी दूर तक दौड़ाया था। इस तरह की घटनाओं के चलते पार्क प्रबंधन ने सुरक्षा के लिहाज से पर्यटन रोक दिया था।*

### सभी हिस्सों में दिखाई देने लगे हाथी

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के लगभग सभी हिस्सों में जंगली हाथी दिखाई देने लगे हैं। दरअसल, हाथियों के छोटे-छोटे झुंड बन गए हैं और यह झुंड जंगल के अलग-अलग हिस्सों में दिखाई देते हैं। कई जगह तो अकेला हाथी भी दिखाई देता है। बांधवगढ़ के खितौली, मगधी, ताला में हाथियों के छोटे झुंड और अकेला हाथी नजर आता है, जबकि पनपथा और पतौर में ज्यादा संख्या में जंगली हाथी नजर आते हैं। पिछले एक सप्ताह के अंदर खितौली और ताला में पर्यटकों ने जंगली हाथी को देखा और रोमांचित हुए।

### सुरक्षा पर पूरा ध्यान

जंगल में जंगली हाथियों की मौजूदगी की वजह से पर्यटकों की सुरक्षा के लिए शुरू से ही जिप्सी चालक और गाइड को अलर्ट किया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए बांधवगढ़ के डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा ने बताया कि जिप्सी चालकों और गाइड को लगातार इस बात की हिदायत दी जाती है कि वह जंगली हाथी दिखने पर उनसे एक निश्चित दूरी बनाकर रखें, ताकि पर्यटक खतरे में ना आएं।

### प्रोजेक्ट एलीफेंट है जरूरी

टाइगर रिजर्व में जिस तरह से प्रोजेक्ट टाइगर चलाया जाता है और उनकी सुरक्षा और संवर्धन के लिए काम होता है, उसी तरह से जंगली हाथियों के लिए भी प्रोजेक्ट एलीफेंट की मांग लंबे समय से मप्र में हो रही है। प्रोजेक्ट एलीफेंट आ जाने से जंगली हाथियों की तरफ पर्यटकों को भी आकर्षित कराया जा सकेगा।



## विहिप कार्यकर्ताओं ने चर्च से लेकर बड़ा पत्थर तक पीछा किया

# धर्मांतरण को लेकर रांझी थाने में हंगामा

**जबलपुर**। रांझी थाने में सोमवार की उस वक्त हंगामा हो गया जब मंडला से लाए कुछ ग्रामीणों का धर्मांतरण कराए जाने का आरोप विश्व हिन्दू परिषद ग्रामीणों को लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने विश्व हिन्दू परिषद की शिकायत पर मामले की जांच शुरु कर दी है।

जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के संजय तिवारी और नवीन सिंह राजपूत ने आरोप लगाया कि सोमवार की सुबह मंडला के महाराजपुर से एक बस में करीब 40-50 लोगों को बस में भरकर भंवरताल गार्डन के समीप स्थित चर्च लाया गया है, जहां उनका धर्मांतरण कराया जाना है। यह सूचना मिलने पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भंवरताल पहुंचे। जिन्हें आता देखकर मंडला से आए आदिवासियों को वापस बस में बैठा कर वहां से रवाना कर दिया गया। कार्यकर्ताओं ने उनका पीछा करते हुए रांझी बड़ा पत्थर में बस रुकवाई और उसमें बैठे लोगों से पूछताछ की, धर्मांतरण का संदेह होने पर उन्हें लेकर रांझी थाना पहुंचे। विश्व हिन्दू परिषद कार्यकर्ताओं का आरोप है कि आदिवासियों के साथ कुछ अन्य वे लोग भी थे, जिन्हें धर्मांतरण कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। रांझी थाना प्रभारी का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240